

कांग्रेस नेता राहुल बोले-जुबिन गर्ग की तरह कांग्रेस भी लोगों को एकजुट करने का काम करती है- 12




मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव - 12




ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई, अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार - 13




शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी 02:10 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 6 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 131, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गजनवी काल का माफिया था सालार मसूद महाराज सुहेलदेव ने जहन्नुम भेजा : योगी

### सॉफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना, बोले- आज जो माफिया मिट्टी में मिले इन जैसा था मसूद

- मुख्यमंत्री ने बीएनए में स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह की शुरुआत की, राष्ट्र नायकों पर नाटक बनाने का आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को साफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गजनवी काल का सालार मसूद भी मिट्टी में मिले माफिया का रूप था। इसने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर, बल्कि राम जन्मभूमि को पहली बार क्षतिग्रस्त किया। महाराजा सुहेलदेव ने उसे वह मौत मारा, जिसे इस्लाम में सबसे खराब मौत मानी जाती है। योगी ने चेतावनी दी कि जब तक अत्याचारी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में 12 अप्रैल तक आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने एक हजार वर्ष पहले महाराज सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जिस निर्ममता से मारा, उस कारण 150 वर्ष तक भारत पर किसी विदेशी आक्रांता ने हमला करने का दुस्साहस नहीं किया, लेकिन भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया। योगी ने गुलामी की दासता पर चिंता जताई और कहा कि जिस स्थान पर महाराज ने मसूद को मारा, वहां सालार मसूद का मेला लगता था। लेकिन महाराज सुहेलदेव का स्मरण कोई नहीं करता था। जब मैं गोरखपुर का सांसद था तो बहराइच में उनके विजयोत्सव कार्यक्रम में आया। प्रशासन ने मुझे रोकने का प्रयास किया, फिर भी मैं गया था। जिस सालार मसूद ने हमें रौंदने का कार्य किया, पहले उसके मेले में बड़ी संख्या में लोग जाते थे। लेकिन अब भीड़ सालार मसूद की तरफ नहीं झांकती, बल्कि मेरी सरकार में बनाए गए महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है। योगी ने कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जहन्नुम में भेजने की गारंटी दी थी। उन्होंने चिंता जताई कि अवधी-भोजपुरी में थोड़ा-बहुत छोड़ दें तो महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई गीत, संगीत व नाट्य प्रस्तुति नहीं होती।



लखनऊ : भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के उद्घाटन अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी।

### राष्ट्र नायकों के योगदान पर बनाएं लघु नाटक

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र नायकों के योगदान को रेखांकित करते हुए महाराज सुहेलदेव, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे वीरों पर लघु नाटक तैयार करने की अपील की। योगी ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है और अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देता है। नई और पुरानी पीढ़ी को साथ लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए उन्होंने अकादमी के लिए छात्रावास निर्माण सहित अन्य प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### कभी पेशेवर गुंडों को नायक बनाने वालों का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय हमारे संस्थानों पर ऐसे लोगों का कब्जा था, जो पेशेवर गुंडों और माफिया को नायक के रूप में प्रस्तुत करते थे, जबकि वास्तविक नायकों को नजरअंदाज किया जाता था। उन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी से वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हर जिले में प्रभावी प्रस्तुति आयोजित करने की अपील की।

### 24 से दिनकर की कृतियों पर त्रिदिवसीय आयोजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर आधारित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 24 अप्रैल से लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की साहित्यिक कृतियों पर भी रंगमंचीय प्रस्तुतियों की आवश्यकता जताई।

## ईरानी क्षेत्र में जीवन-मरण मिशन में अमेरिका ने अपने पायलट को बचाया

- होर्मुज खेलने का अल्टीमेट आज होगा समाप्त, ट्रंप ने ईरान के खिलाफ इस्तेमाल की आपत्तिजनक भाषा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका ने अपने उस पायलट को दो दिन तक चले 'जीवन-मरण' वाले मिशन में सुरक्षित बचा लिया, जो तेहरान के हमले में अपने लड़ाकू विमान को निशाना बनाये जाने के बाद लापता हो गया था। अमेरिकी सेना ने इस अभियान को ईरान में घुसकर अंजाम दिया। ईरान द्वारा विमान को मार गिराए जाने के बाद अमेरिकी वायुसेना का अधिकारी दुश्मन से बचने के लिए पहाड़ों की एक दरार में छिप गया और 7,000 फुट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। दो दिन तक चले इस मिशन में अमेरिकी सेना उसे सुरक्षित ले आई।

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में, बचाए गए अधिकारी को एक अत्यंत सम्मानित कर्नल बताया। उन्होंने कहा, हमने ईरान के पहाड़ों के बीच से, गंभीर रूप से घायल और अत्यंत साहसी एफ-15 चालक दल के सदस्य/अधिकारी को बचा लिया है। व्हाइट हाउस ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की, हम किसी भी अमेरिकी सैनिक को कभी संकट में नहीं छोड़ेंगे। विमान के चालक दल के दो सदस्य बाहर निकलने में सफल रहे थे। इनमें से एक पायलट को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि दूसरे पायलट की तलाश में अमेरिका ने ईरान में उतरकर दिन-रात एक कर दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर अवरुद्ध होर्मुज को नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात के एक पेट्रो-रसायन संयंत्र में रविवार को हुए हमले के बाद आग लग गई। वहीं, होर्मुज खोलने के लिए ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को फिर दावा किया कि तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को खत्म कर दिया गया है। ईरान के खिलाफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आपत्तिजनक का इस्तेमाल किया है, जिसकी अमेरिकी नेताओं ने आलोचना की है।

### यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन



शनिवार देर रात 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सर्वाधिक साहसिक खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। उन्होंने कहा, यह बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा में था, जहां हमारे दुश्मन उसकी तलाश कर रहे थे तथा हर गुजरते पल के साथ वे उसके और करीब आते जा रहे थे।

### कुवैत में वित्त मंत्रालय व तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले



**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

### ब्रीफ न्यूज

#### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित कीं

**यरूशलम।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इस्रायर, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना वहां रह रहे 40,000 भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण निकलना चाहते हैं।

#### ईंधन संकट के बीच नेपाल में सप्ताह में दो दिन अवकाश की घोषणा

**काठमांडू।** ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

## न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना तृणमूल का महाजंगलराज

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदा में भीड़ द्वारा न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा और इसे सत्ताधारी पार्टी की सरकार के महाजंगलराज का उदाहरण बताया। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बंगाल में कानून-व्यवस्था का जनाजा निकालने पर तुली हुई है। यहां घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन है।

मोदी ने पिछले महीने चुनाव की घोषणा के बाद कूचबिहार जिले में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को कैसे बंधक बनाया गया था और सवाल किया कि यह किस तरह की सरकार है जो न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा और संवैधानिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, हम ऐसी सरकार से बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। मोदी ने कहा, जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आप तृणमूल शासन में आम लोगों की सुरक्षा की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? मालदा में जो हुआ वह तृणमूल के महाजंगलराज का एक उदाहरण है। ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार किसी भी संवैधानिक संस्था को महत्व नहीं देती। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रूर तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत बंगाल की पवित्र भूमि पर लोकतंत्र प्रतिदिन रक्तपात का शिकार हो रहा है। मोदी ने कहा कि यहां स्थिति इतनी खराब है कि उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली हुई है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- बंगाल में टीएमसी कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली
- कहा- घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन

### बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाला

भाजपा ने मालदा की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल पर अपना हमला तेज किया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति और घुसपैठ के माध्यम से बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस शासन के तहत, बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में खतरनाक जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है। इन घुसपैठियों को तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट से सीधा संरक्षण मिलता है, जिससे राज्य के लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है।

## मौत की रफ्तार..बेकाबू बोलेरो टैंकर में घुसी, 5 की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम बाइक को टक्कर मारते हुए बेकाबू बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गई। भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सीबीगंज क्षेत्र में परधौली गांव के पास हुए एक्सीडेंट की वजह ओवरस्पीड और गलत ओवरटेक और हाईवे किनारे खड़ा टैंकर माना जा रहा है। मृतकों में दो बरेली और दो पीलीभीत के रहने वाले थे, जबकि एक की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, गोरखपुर नंबर यूपी53ईएन/6693 बोलेरो लखनऊ की तरफ से आ रही थी। शाम 4 बजे के करीब बड़ा बाईपास पर तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर शनिवार रात से सड़क किनारे खड़े शीरा से लदे टैंकर में पीछे से घुस गई। इस दौरान बोलेरो ने एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो व बाइक सवारों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें फंसे लोगों को बोलेरो की बॉडी काटकर बाहर निकाला जा सका। बोलेरो सवार प्रिंस व दो बच्चों को पुलिस ने शहर में मिनी बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। तीनों की हालत नाजुक बताई गई है। हादसे का पता होते ही एसपी सिटी मानुष पारिक, एसडीएम प्रमोद मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारीजुटाई। एसपी सिटी ने बताया कि खराबी की वजह से टैंकर रोड किनारे खड़ा था। अचानक उससे टकरा गई।

### बरेली में दिल्ली हाईवे पर ओवरटेकिंग के दौरान हादसा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

- बाइक को टक्कर मार सड़क किनारे खड़े टैंकर में घुसी बोलेरो मृतकों में तीन कार यात्री और दो बाइक सवार शामिल, इनमें दो लोग बरेली और दो पीलीभीत के

### इन लोगों ने गंवाई जान

बोलेरो सवार मनमोहन सिंह निवासी नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर, बरेली, सिकंदर निवासी कल्याणपुर चकतीर्थ, पीलीभीत और एक अज्ञात की मौके पर ही जान चली गई। बाइक सवार ग्राम अटाकायस्थान थाना सीबीगंज निवासी साहबजाद खान और मुमताज ने भी दम तोड़ दिया।

## आंतकी गतिविधियों के शक में कुशीनगर से एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने उठाया

**कुशीनगर।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के संदेह में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से एक युवक को हिरासत में लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाया गया। उप्र पुलिस के अनुसार, दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान पडरौना के छावनी क्षेत्र के राइन मोहल्ला निवासी रिजवान अहमद की भूमिका सामने आई। इस आधार पर विशेष शाखा के निरीक्षक निशांत दहिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम शनिवार देर शाम पडरौना पहुंची और स्थानीय कोतवाली पुलिस के सहयोग से रिजवान अहमद को हिरासत में लिया।

## इजराइल में सुरक्षित हैं यूपी के 6000 श्रमिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार ने लगातार संपर्क बनाए रखने का किया दावा

**अमृत विचार:** इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के छह हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारतीय दूतावास के माध्यम से नियमित अपडेट ले रही है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से लगातार संपर्क में हैं। दूतावास की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी भारतीय श्रमिक, विशेषकर यूपी के कामगार, पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी बड़े खतरे या आपात स्थिति की सूचना नहीं है। हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन नियंत्रण में हैं।

राजदूत के साथ हुई बातचीत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग सामने नहीं आई है। सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सामान्य जीवन जी रहे हैं। प्रदेश सरकार और भारतीय दूतावास के समन्वय से इजराइल में कार्यरत यूपी के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है और हर संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी गई है।

## मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर 6% की

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट के बीच 2026-27 के लिए जारी किया नया अनुमान
- कहा- महंगाई का जोखिम बढ़ेगा आने वाले दिनों में परिवारों के लिए एलपीजी की होगी कमी



मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा।

भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा। यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है।

कहा, हालांकि महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा।

### औद्योगिकी गतिविधियों में रहेगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी। पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी।

**सीजेआई बोले** | जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है

## न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य

हैदराबाद, एजेंसी

सीजेआई सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मानती हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य है। तेलंगाना उच्च न्यायालय जोन-2 का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है।

उन्होंने कहा, देश भर में बना यह माहौल मुझे बहुत आत्मविश्वास देता है। पिछले कुछ महीनों में ही मुझे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम और अब तेलंगाना में न्यायिक परिसर के शिलान्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, सभी राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मान रही हैं कि न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। प्रस्तावित परियोजना के नक्शों और मॉडल को देखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 100 एकड़ में बनने वाला नया उच्च न्यायालय परिसर देश के सर्वश्रेष्ठ परिसरों में से एक होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ चर्चा के दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया कि पूरे उच्च न्यायालय परिसर का निर्माण दो वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिसमें आवासीय और अन्य बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने इस प्रतिबद्धता के लिए राज्य सरकार को बधाई दी।



तेलंगाना में एक समारोह के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीजेआई सूर्यकांत।

### सीजेआई ने फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय भवन के डिजाइन मॉडल को प्रदर्शित करने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिकारी और कानून जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। इससे पहले स्वागत भाषण में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने कहा कि जोन-II का विकास पूरी परियोजना में महत्वपूर्ण चरण है, जिसे न्यायपालिका की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए चरणों में लागू किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति एस वी भट्टी, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अर्पेश कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार प्रधान पुत्र समेत दो की मौत

## नगरिया मोड़ पर हुआ हादसा, रिश्तेदार पदम को लेकर बहन के घर तिलहर जा रहे थे जसपाल

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हाईवे पर नगरिया मोड़ पर कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे प्रधान पुत्र समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक कब्जे में ले लेकर चालक समेत कंटेनर को हिरासत में ले लिया।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव डीगरपुर निवासी ग्राम प्रधान सावित्री देवी के पुत्र जसपाल सिंह(48) की बहन तिलहर क्षेत्र के गांव खेड़ा बझेड़ा में रहती है। उसके बहनोई संदीप सिंह की मां बीमार थी। जसपाल सिंह गांव के ही दूर के रिश्तेदार पदम सिंह(55) के साथ बाइक से रविवार को बहन के घर तिलहर साढ़े 11 बजे जा रहे थे। हाईवे पर नगरिया मोड़ पर कंटेनर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार जसपाल सिंह और पदम सिंह दोनों गिर गए और कंटेनर का पहिया उनके ऊपर से निकल गया। सूचना पर पहुंची तिलहर पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चालक समेत कंटेनर को कब्जे में ले लिया। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस की सूचना पर परिवार वाले तिलहर पहुंच गए। कुछ देर के लिए यातायात ठप हो गया। पुलिस ने यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए।


मृतक जसपाल सिंह।


मृतक पदम सिंह।


मौके पर एकत्र लोग। • अमृत विचार


इसी कंटेनर से हुआ हादसा।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**तिलहर, अमृत विचार:** नगर के पचासा मोहल्ले में किराए पर रहने वाली विमला देवी(58) को शनिवार दोपहर डायमंड होटल के सामने लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय अज्ञात कार ने टक्कर मार दी थी। जिसकी रविवार सुबह राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### ट्रॉली में लदी सरिया महिला के पेट में घुसने से मौत, दो बेटे घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर:** नेशनल हाईवे पर गुर्री पुलिस चौकी के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई और उसके दो बेटे घायल हो गए। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव बहेटी निवासी संगीत कुमार गुप्ता पत्नी सपना(25) और बेटे शिवास व शिवा शनिवार की शाम लखीमपुर खीरी में स्थित जंगबहादुर गंज ससुराल बाइक से जा रहे थे। सीतापुर रोड पर गुर्री चौकी के निकट टेढ़ी पुलिया के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार महिला और उसके दो बेटे घायल हो गए। ट्रैक्टर में दो ट्रॉली जुड़ी थी जिसमें लदी सरिया महिला के पेट में घुस गई। संगीत बाल-बाल बच गया। रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। डॉक्टर ने सपना को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पर कुत्ते से टकराई बाइक, महिला की मौत, बेटा घायल, शादी में जा रहे थे दोनों

**खुटार, अमृत विचार:** पीलीभीत के थाना सेरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गोरा गांव निवासी फेजउल रहमान की पत्नी रहनुमा(50) व उनका बेटा मिशाबुर्रहमा(25) बाइक से खुटार क्षेत्र के गांव कहमारिया में एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। वह खुटार पुवाया हाईवे पर अठकोना गांव मोड़ के पास हाईवे पर आवारा कुत्ता आ गया और बाइक उससे टकरा गई। बाइक सहित मां बेटे उछलकर हाईवे पर दूर जा गिरे। जिससे रहनुमा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मिशाबुर्रहमान को मामूली चोट आई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां रहनुमा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि मिशाबुर्रहमान को मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी। परिजन भी सीएचसी पहुंचे और उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिस पर पुलिस ने पंचनामा भर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### खबर मिलते ही मचा रोना पीटना

जसपाल सिंह और पदम सिंह की मौत की खबर जैसे ही परिवार वालों को मिली तो रोना पीटना गच गया। जसपाल सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और प्राइवेट स्कूल में शिक्षक था। उसकी पत्नी शिक्षामित्र है। उसके दो बच्चे है, बेटा सूर्या और बेटी रिया है। वहीं पदम सिंह भाजपा बूथ सदस्य है। दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे तो घरों पर लोगों की भीड़ लग गई।

## सिटी ब्रीफ

### गोवंश बचाने में फिसली बाइक, दो लोग घायल

**कलान, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम नरसुइया और थरिया के बीच मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर रविवार शाम करीब 4 बजे गोवंश को बचाने के दौरान बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे बच्चा समेत दो लोग घायल हो गए। बताया गया कि फर्रुखाबाद जनपद के थाना कपिल क्षेत्र के ग्राम खेमपुरा निवासी बबलू, थाना जलालाबाद के ग्राम खड़हार निवासी सूरज पाल के पुत्र पप्पू(10 वर्ष) को लेकर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सामने से गोवंश आ जाने के कारण बाइक असंतुलित हो गई और सड़क पर गिर गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। घटना के बाद एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां बबलू की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

### दंपति को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयां निवासी आसिफ अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रविवार को पत्नी मोनी बेगम के साथ बाजार जा रहे थे। तभी रास्ते में मोहम्मद हाशिम, कासिम और नासिर समस्त निवासी मोहल्ला सराय काइयां थाना रामचंद्र मिशन ने रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे और उसकी पत्नी को लातों घूसों से जमकर पीटा। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### रंजिश में युवक की लाठी-डंडों से पिटाई

**कलान, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम बारा कला में पुरानी रंजिश को लेकर 3 मार्च को दोपहर करीब 1:30 बजे दबंगों ने अभिषेक सिंह को लाठी-डंडों से पीट दिया। बताया गया कि मकान पर दीवार खड़ी करने को लेकर विवाद चल रहा था, जिसको लेकर पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी है। पीड़ित अभिषेक सिंह ने अमरेश प्रताप सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### बरात में पर्स से नगदी जेवर किया गायब

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी मतलूब हसन ने रोजा थाने में दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च को उसकी भांजी हुसैरा निवासी भटपुरा रसूल थाना सिंधौली की शादी थी। 30 मार्च को पत्नी रक्त अंजुम चौथी में गांव दियूरिया थाना रोजा के लड़के पक्ष के कुछ युवकों ने द्वाराचार के समय गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पत्नी को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उसकी पत्नी का पर्स मारपीट में कही गिर गया। अनीस ने पर्स वापस दिया, लेकिन पर्स में 08 हजार रुपये, सोने की अंगूठी नहीं थी। रोजा पुलिस ने आरोपी सुहेल, आशिक, अनीस तथा 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नगदी, जेवर लेकर किशोरी फरार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बंडा क्षेत्र के गांव चांदपुर पडरी निवासी नन्हे लाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम आठ बजे खेत पर गेहूं काटने के लिए चला गया। उसकी 16 वर्षीया पुत्री घर पर थी। आरोप है कि गांव अनूप कुमार उसकी पुत्री को अगवा कर ले गया है। उसे भगाने में सुरेश का पूरा सहयोग है। पुत्री घर से करीब ढाई लाख रुपये का जेवर और 95 हजार रुपये ले गयी जो बेटे की शादी के लिए रखे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मोबाइल शॉप से नगदी लेकर भागे बदमाश, विरोध करने पर दो भाई घायल

संवाददाता, रौसर कोठी

- 50 हजार की चोरी और हमला करने का आरोप

**अमृत विचार:** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में बदमाशों ने मोबाइल शॉप से 50 हजार रुपये चोरी करने के बाद विरोध करने पर दो भाइयों पर हमला कर दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

रौसर कोठी संवाददाता के अनुसार संजीव कुमार पुत्र मदनलाल, उनके भाई अभिषेक और पिता मदनलाल 4 अप्रैल 2026 की रात करीब 8 बजे हरदोई बाईपास चौराहे के पास स्थित कनौजिया मोबाइल शॉप पर बैठे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात युवक मोबाइल ठीक कराने के बहाने आए और मौका पाकर गल्ले से करीब 50 हजार रुपये निकालकर भागने लगे।

संजीव और अभिषेक बदमाशों के पीछे दौड़े तो चौढ़ेरा मोड़ के पास पहले से मौजूद उनके अन्य साथियों ने दोनों को घेर लिया। बदमाशों ने तमंचा तानकर दोनों भाइयों को धमकाया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। इस हमले में एक का हाथ और दूसरे का पैर फ्रैक्चर हो गया, साथ ही शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गई।

108 एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष की ओर से थाना रामचंद्र मिशन में लिखित शिकायत दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार हरदोई बाईपास चौराहे पर अक्सर पुलिस की मौजूदगी रहती है, इसके बावजूद इस तरह की घटना होने से गश्त और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बोलेरो की टक्कर से युवक घायल, चालक की पिटाई

**कलान, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्ला नगर मिलकिया में रविवार अपराहन करीब 3 बजे बोलेरो से टक्कर लगने के बाद बाइक सवार युवक घायल हो गया। बताया गया कि बोलेरो गाड़ी अब्दुल्ला नगर मिलकिया से निकल रही थी, तभी गांव का सोनू यादव अचानक बाइक लेकर सामने आ गया और टक्कर हो गई। गांव का मामला होने के कारण ग्रामीण बोलेरो चालक सुखदेव निवासी जल्लापुर पर टूट पड़े और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं घायल सोनू यादव को मेडिकल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

## मकान के विवाद में विधवा को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी गीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति स्वर्गीय महेश कुमार का एक पैतृक मकान है, जो कि नगर निगम के दस्तावेज में दर्ज है। महिला ने निगम में मकान अपने नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। 03 मार्च को निगम कार्यालय के कर्मचारी जांच करने आए। आरोप है कि देवर विवेक व देवरानी देवकी उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसे मारा पीटा। उसकी बेटी सुनैना बचाने आई तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने कहा कि इस मकान में नहीं रहने देंगे व समाज में बदनाम कर देंगे। आरोपियों ने उसे और उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी देवर व देवरानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## जांच में डिग्री मिली न पंजीकरण झोलाछाप का क्लिनिक सील

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** ग्राम ढकिया तिवारी में झोलाछाप डॉक्टर की क्लिनिक पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारकर जांच की और क्लिनिक को बंद करा दिया। यह कार्रवाई पवन कुमार सिंह की मौत के बाद की गई, जिनकी पेट दर्द के बाद कथित गलत इंजेक्शन लगाने से मौत हो गई थी।

जांच के लिए उपजिलाधिकारी तिलहर, सीएचसी प्रभारी डॉ. नितिन चौधरी, निगोही थाना प्रभारी निरीक्षक और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली और उस क्लिनिक की गहन जांच की, जहां युवक का इलाज किया गया था।


क्लिनिक पर कार्रवाई करने पहुंचे अधिकारी। • अमृत विचार

- गलत इंजेक्शन से युवक की मौत के बाद हुई कार्रवाई
- प्रशासन व स्वास्थ्य टीम ने दवाइयों का स्टॉक खंगाला

जांच के दौरान क्लिनिक में रखी दवाइयों का स्टॉक और पंजीकरण से जुड़े दस्तावेज देखे गए। प्रारंभिक जांच में डॉक्टर के पास न तो वैध डिग्री मिली और न ही क्लिनिक का पंजीकरण पाया गया।

उपजिलाधिकारी तिलहर ने बताया कि पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार की जा रही है और झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

## आईएएस बनकर मेडिकल संचालक से सवा लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सामान बेचने के नाम पर बनाया शिकार, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** साइबर ठगी की वारदातें थम नहीं रहीं है। सिंधौली क्षेत्र में ठगों ने स्वयं को आईएएस अधिकारी बताकर एक मेडिकल संचालक से 01 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने सिंधौली थाने पर सूचना दी है।


पीड़ित राम कुशल।

सिंधौली क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी रामकुशल का मेडिकल स्टोर है। रविवार की सुबह 09 बजे उसके फेसबुक पर आईएएस अजीत वर्मा के नाम से एक मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को पड़ोसी गांव अख्तियारपुर का बताया। मैसेज में कहा गया था कि कुछ अधिकारियों का तबादला हुआ और उनके पास घरेलू सामान उपलब्ध है, जिसे सस्ते दामों में बेचा जा रहा है। ठग ने उसे विश्वास में लेने के लिए छोटी रकम भेजने को कहा। रामकुशल ठगों के झांसे में आ गया और 750 रुपये भेज दिए। इसके बाद अलग-अलग बहानों से पीड़ित से 25 हजार, 10 हजार, 30 हजार साढ़े सात सौ रुपये और 21 हजार 500 रुपये ट्रांसफर करवाए गए। पैसे भेजने के बाद भी जब सामान नहीं मिला तो उसे ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई और सिंधौली थाने में तहरीर दी। अख्तियारपुर के रामवीर और पीर ताला गांव के राजू के पास भी इस तरह के मैसेज आए थे, लेकिन वह शिकार होने से बच गए।

## अभियान: 117 वांछित और वारंटी गिरफ्तार, सभी का किया चालान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सबसे अधिक वारंटी सेहरामऊ, और रोजा क्षेत्र में पकड़े
- एसपी बोले, जारी रहेगा धरपकड़ अभियान

**अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर सभी थानों में वारंटियों और वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले में 117 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सभी का चालान कर दिया गया। सबसे अधिक वांछित और वारंटी सेहरामऊ दक्षिणी और कलान थाना में 13 अभियुक्त निकले है।

एसपी सौरभ दीक्षित ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को शनिवार की शाम निर्देश दिए कि वांछित अभियुक्त और वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तारी की जाए। सभी थानों की पुलिस ने रात में अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाया। चौक कोतवाली पुलिस ने 05, सदर बाजार पुलिस ने 08, रामचंद्र मिशन पुलिस ने 08, कांट पुलिस ने 04, निगोही पुलिस ने 06, रोजा पुलिस ने 09, मदनापुर पुलिस ने 02, सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने 13, तिलहर पुलिस ने 08, कटरा पुलिस ने 01, जैतीपुर पुलिस ने 07, खुदागंज पुलिस 05, गढ़िया रंगीन पुलिस ने 01, जलालाबाद पुलिस ने 06, अल्हागंज पुलिस ने 05, मिर्जापुर पुलिस ने 01, कलान पुलिस ने 13, परौर पुलिस ने 02, पुवायां पुलिस ने 01, सिंधौली पुलिस ने 05, बंडा पुलिस ने 03 और खुटार पुलिस ने 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों का चालान कर दिया।

एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों और वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। विभिन्न थानों की पुलिस ने 117 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियान जारी रहेगा।

### तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मदनापुर थाना के उपनिरीक्षक सचिन कुमार ने गांव पिपरिया के निकट एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा और दो कारतूस बरामद किए है। पकड़ा गया अभियुक्त अनिल कुमार निवासी लेही थाना मदनापुर है। अभियुक्त का चालान कर दिया है।

## दो अफीम तस्कर गिरफ्तार 718 ग्राम अफीम बरामद

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

- मुखबिर की सूचना पर कटरा पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** कटरा पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को 718 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सेंगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर बाबूपुर पुलिया के पास जैतीपुर रोड से अभियुक्त रामानन्दन पुत्र पुत्तुलाल से 342.5 ग्राम, अरविन्द पुत्र रेवतीलाल निवासी ग्राम बछिलिया थाना दातागंज बदायूं से 375.5 ग्राम कुल 718 अफीम के साथ गिरफ्तार किया।

पूछताछ में तस्करों ने बताया कि अफीम बिहारी निवासी ग्राम बछिलिया थाना दातागंज, बदायूं से लाए थे। बाबूपुर पुलिया के पास जैतीपुर रोड पर आने-जाने वाले ट्रक ड्राइवरों को बेच देते थे। वह दोनों अफीम बेचने की फिराक में बाबूपुर पुलिया के पास खड़े थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### पांच जुआरी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुवायां पुलिस ने शनिवार को पुवायां इंटर कॉलेज परिसर में जुआ खेलते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने फड़ से 2260 रुपये और ताश की गड्डी बरामद की है। पकड़े गए जुआरी सुरेंद्र, जितेंद्र, रिहान, सर्वेश निवासी कसभरा थाना पुवायां और बाल अपचारी है। पुलिस ने सभी जुआरियों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक अमित कुमार आदि स्टाफ था।

## गर्रा नदी में मिला युवक का शव, दर्ज थी गुमशुदगी


गर्रा नदी किनारे जांच करते पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- जांच करने पहुंचे पुलिस अफसर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पड़ोसी थाना क्षेत्र का गुमशुदा युवक संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में मिला।

रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव चिती भोजी में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक व्यक्ति का शव गांव के किनारे से निकलने वाली नदी में लोगों को दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव मौका मुआयना करने पहुंचीं। जानकारी के अनुसार शिनाख्त सुधीर(25) पुत्र महेंद्र के रूप में हुई, जो 2 अप्रैल को पशु चराने के लिए घर से निकला था और तब से उसकी कोई खबर नहीं मिली थी।

सुधीर के गुमशुदा होने की सूचना परिजनों की ओर से मीरानपुर कटरा थाने में दर्ज कराई गई थी। रविवार को उसका शव गांव के किनारे से निकलने वाली गर्रा में मिला। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बिजली गिरी, ट्रांसफार्मर फुंकने से सप्लाई ठप

**तिलहर, अमृत विचार:** कांकड़ मोहल्ले में शनिवार रात तेज हवाओं और बूंदाबांदी के दौरान ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिससे करीब 60 घरों की बिजली गुल हो गई। रविवार सुबह तक सप्लाई बहाल न होने पर उपभोक्ताओं ने पावर हाउस पहुंचकर नाराजगी जताई।

बिजली न मिलने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्वर्टर डाउन होने के कारण घरों में अंधेरा छा गया है और पीने के पानी की किल्लत भी बनी हुई है। नगरपालिका सभासद पति शहजाद ने बताया कि गर्मी के समय बिजली न मिलने से लोग काफी परेशान हैं।

विधुत जेई अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई है, जिसके कारण केवल एक फेस ही मिल रहा है, जिसे जल्द ठीक कराया जाएगा।

कार्रवाई | कैहमारिया गोशाला में सीवीओ के निरीक्षण में हरा चारा, आटा, भूसा, दाना की मिली कमी

## गोशाला में अव्यवस्थाएं, प्रधान और सचिव को नोटिस जारी

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** खुटार की ग्राम पंचायत कैहमारिया के मजरा मैदा खेड़ा में स्थित अस्थाई गोशाला का मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के निरीक्षण में स्थानीय अधिकारियों पर सवाल खड़े हो गए है। गोशाला में पल रही गायों के लिए हरा चारा, आटा, दाना और भूसा की किल्लत पाई गई है। गोशाला में जगह-जगह पर गोबर के ढेर भी लगे मिले। गंदगी देख सीवीओ ने कड़ी नाराजगी जताई। सीवीओ ने ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब मांगा व कार्रवाई की चेतावनी दी है।

खुटार की ग्राम पंचायत कैहमारिया के मजरा मैदाखेड़ा में गोशाला से पांच सौ मीटर दूर रेत के टीलों के बीच झाड़ियों में 16 फरवरी को दो दर्जन से अधिक गोवंशों के शव और कंकाल मिले थे। लोगों ने पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी थी। बाद


ग्राम पंचायत कैहमारिया की गोशाला में बैठे गोवंशीय पशु। • अमृत विचार

- कई जगह गोबर के लगे मिले ढेर आदेश के बाद भी नहीं दिया ध्यान

में खुटार थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह, बीडीओ आशीष सिंह मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर गोवंशीय पशुओं के शवों को दफना दिया गया था। अमृत विचार अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बाद में मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ खुटार को जांच कराकर रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए थे। जांच में ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार की लापरवाही के कारण गोवंशों की गोशाला में मौत होना बताया गया था। सचिव गोशाला का नियमित निरीक्षण नहीं कर रहे हैं और न ही गोशाला में पर्याप्त भूसा, हरा चारा है। जांच में गोशाला में कई दिन बाद सचिव की ओर से निरीक्षण किया जाना मिला था। लापरवाही के चलते ग्राम प्रधान इसराज और सचिव राजेश कुमार को ठीक से गोशाला का प्रबंध न करने का दोषी मानते हुए विधि कार्रवाई की संस्तुति जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपनी रिपोर्ट भेज दी थी। इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया। 30 मार्च को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.राजेन्द्र प्रताप ने फिर से गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला में 159 गोवंश पाए गए और मौके पर दो ग्वाले मिले। जबकि वहां पर चार ग्वाले होने की स्थिति दर्शाकर राशि निकाली जाती रही। साथ ही गोवंशीय पशुओं को हरा चारा, चोकर देने की जगह केवल सूखा भूसा चन्नी में मिला। स्टोर में भूसा भी पर्याप्त नहीं मिला। निरीक्षण के समय गोशाला में गंदगी मिली। तमाम खामियां मिलने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी कर हिदायत दी है कि यदि आठ दिन के अंदर गोशाला की व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गई। तो दोनों जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पांच सौ मीटर की दूर पर मिले थे कई गोवंशों के शव

फरवरी माह में गोशाला से करीब 500 मीटर दूर रेत के टीलों के बीच करीब दो दर्जन से अधिक गोवंशों के शव और कंकाल मिले थे। इसके बाद हिंदू संगठनों के लोगों ने मौके पर पहुंचकर इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को भेज कर जांच कराई थी। जांच में उसे समय भी काफी व्यवस्थाएं गोशाला में पाई गई थी। जिसके बाद ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। लेकिन साथ गांठ होने की वजह से ग्राम विकास अधिकारी और प्रधान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे हौसला बुलंद ग्राम प्रधान और सचिव ने गौशाला में व्यवस्थाओं में सुधार करने की जरूरत नहीं समझी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## सिटी ब्रीफ

### उर्स की तैयारियों को लेकर दायित्व सौंपे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह के तीन दिवसीय 47 वें सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर रविवार को खादिम जहीर खां कलीमी के आवास पर बैठक संपन्न हुई। जिसमें पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। उर्स संयोजक/खादिम जहीर खां कलीमी ने बताया कि हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां का उर्स 17 से 19 अप्रैल को मोहल्ला तारीन जलाल नगर, फूटी मस्जिद स्थित दरगाह पर मनाया जाएगा। पहले दिन 17 को बाद नमाजे फज्र कुरआन ख्वानी, रात 9 बजे महफिल-ए-मीलाद होगी। 18 को शाम 5 बजे चादरपोशी, रात 9 बजे महफिल ए समा में कव्वालियां होंगी। 19 को बाद नमाजे फज्र गुस्ल व संदल की रस्म होगी। सुबह दस बजे कुल शरीफ होगा। इसके बाद लंगर ए आम होगा। बैठक में महबूब, नदीम खां, अजीम खां, नईम खां, फहीम खां, बच्चन, मुजीबुर रहमान एडवोकेट, सैयद कासिम रज़ा, असलम, गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

### त्रुटियों का निवारण 10 तक : डीआईओएस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीआईओएस हरिवंश कुमार ने राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त / स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के त्रुटियों के निवारण के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। डीआईओएस ने बताया कि कई छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में अभी भी त्रुटियां अवशेष हैं, जिनमें विशेष रूप से पोर्टल पर अंग्रेजी में प्रविष्ट नामों के दोषपूर्ण हिन्दी रूपान्तरण के कारण सुधार अपेक्षित है। उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के विवरणों में यदि अभी भी त्रुटियां अवशेष है, तो ऐसे प्रकरणों को संकलित एवं सूचीबद्ध कर मूल रूप में 10 अप्रैल 2026 तक डीआईओएस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि आपके विद्यालय में वर्ष 2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले किसी भी परीक्षार्थी के विवरण में अब कोई त्रुटि शेष नहीं है।

# नवजीवन और विश्वास का दिया संदेश

## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया ईस्टर, सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च, गोविंद गंज में हुआ मुख्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गोविंदगंज स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में ईस्टर पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के अवसर पर चर्च में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और प्रार्थना, भजन एवं आराधना के माध्यम से अपनी भक्ति प्रकट की।

रविवार को हुए ईस्टर के मुख्य आयोजन में पास्टर अमित लाल ने प्रार्थना, भजन और पवित्र वचनों के माध्यम से आशा, नवजीवन और विश्वास का संदेश दिया। कार्यक्रम में चर्च के सदस्यों, गायन मंडली और परिवारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पास्टर अमित लाल ने देश व विश्व की शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि



गोविंद गंज स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते पास्टर अमित लाल। ● अमृत विचार

● प्रार्थना, भजन व स्वागत समारोह के बीच श्रद्धालुओं ने आयोजन को बनाया यादगार

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी को ईस्टर पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, शांति और मानवता के संदेश के साथ समाज में भाईचारा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस दौरान मंत्री का पास्टर अमित लाल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा दौलत मसीह, अमित एडवर्ड, सपना मैसी, अजीत सिंह, पादरी दारा सिंह तथा सिस्टर फातिमा सहित अन्य लोगों ने बुके और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह ने भी श्री खन्ना को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन पादरी अमित लाल ने किया।

इस अवसर पर विवेक मनजीत सिंह, आशीष, विजय प्रताप सिंह, रवि सिंह, सुशील महंत, बबलू मिल्टन, स्नेह लता, सुबोध, अर्णव प्रताप सिंह, समर सिंह, तनिस सिंह, अनूप, सुमन, समर्थ महंत, मिल्टन, हर्ष सिंह का सहयोग रहा। इससे पहले ईसाई समुदाय ने अलग-अलग मोहल्लों से जुलूस निकाला। इसके बाद सभी लोगों ने मुख्य चर्च में पहुंचकर ईस्टर का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया।

# भगवान की तस्वीर के साथ रील बनाने पर कराई उठक-बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● दूसरे संप्रदाय के आरोपियों को संगठनों ने पकड़ा

● रविवार को वायरल हुआ निगोही क्षेत्र का वीडियो

**अमृत विचार :** निगोही क्षेत्र में भगवान की तस्वीर के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है। वीडियो वायरल होने के बाद संगठन के लोग गांव पहुंचे और युवकों को पकड़ लिया। दूसरे संप्रदाय के दोनों युवकों को मंदिर में ले जाकर उठक-बैठक लगवाई और माफी मंगवाई।

निगोही क्षेत्र का रविवार को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें चौड़ेरा गांव में स्थित मंदिर में हनुमान जी की तस्वीर के साथ मजाकिया अंदाज में एक रील बनाई और उसे सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। वीडियो सामने आने पर संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव पहुंच गए। पदाधिकारियों ने वीडियो के माध्यम से दोनों युवकों की पहचान करना शुरू की और दोनों को पकड़ लिया और पूछताछ के बाद मंदिर ले गए।

दोनों से उठक बैठक लगवाई गयी। दोनों युवकों ने बैठक लगाते हुए जय श्रीराम बोला। इस बीच कुछ लोगों ने दोनों को पीटने का प्रयास किया तो साथ आए लोगों ने रोका। माफी मांगी और कहा कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेंगे। रील बनाने वाले दो युवक दूसरे संप्रदाय के है। निगोही थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है और न ही थाना पर शिकायत आयी है।

# जन आरोग्य मेले में ग्रामीणों को मिलीं मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं



मेले में मौजूद चिकित्सक व स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार:** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में मरीजों की जांच, दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे समय सक्रिय रही और ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे लोगों को काफी राहत मिली।

इस दौरान डॉ. दिनेश प्रताप, आदित्य कुमार (एलटी), योगेन्द्र कुमार (स्टाफ नर्स), बबली चौहान (बीएचडब्ल्यू), माधुरी देवी (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता), माला देवी (आशा), अरुणा देवी (आशा) और महेन्द्री (आशा) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने ग्रामीणों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित कीं और टीकाकरण, पोषण, स्वच्छता व मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। सरकार की मंशा के अनुरूप मेले के जरिए हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# 160 का पंजीकरण, 8 मोतियाबिंद ऑपरेशन को चयनित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज व रोहिलखंड अस्पताल की ओर से मीरानपुर कटरा में लगा नि:शुल्क शिविर

**अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, थाना नखासे के सामने रविवार को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। 160 ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 8 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चुने गए। सभी का ऑपरेशन रोहिलखंड अस्पताल में नि:शुल्क किया जाएगा। मुफ्त आई ड्रॉप व दवाइयां वितरित की गईं।

डॉक्टरों ने नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि काला मोतियाबिंद, कार्निया रोग, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद ऑपरेशन चीरा व फेको विधि से, भेंगापन, नासूर और नाखूना जैसी बीमारियों का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।



शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### 200 रुपये में एक वर्ष के लिए परिवार स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध

रोहिलखंड अस्पताल आने पर मरीजों की सीबीसी, केएफटी, एलएफटी व ईसीजी जांचें नि:शुल्क की जाएंगी। टीएमटी, इको और खून की जांच सस्ती दरों पर उपलब्ध हैं, जबकि एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों पर विशेष छूट दी जा रही है। सामान्य रोग विभाग में गंभीर मरीजों के इलाज व भर्ती की सुविधा विशेषज्ञ डॉ. की देखरेख व आईसीयू सुविधा 24 घंटे सस्ते दर पर संचालित है। परिवार स्वास्थ्य कार्ड मात्र 200 रुपये में एक वर्ष के लिए उपलब्ध है।

शिविर में नेत्र रोग विभाग की डॉ. पारुल, सामान्य रोग विभाग के डॉ. अंकित, महिला एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. शुभी, दंत रोग विभाग की डॉ. अवंतिका, नेत्र टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ तथा मेडिकल सोशल वर्कर जितेंद्र गंगवार मौजूद रहे।

### तिलहर टाउन हॉल में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से पालिका टाउन हॉल में लगे नि:शुल्क शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का परीक्षण किया गया। ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच के साथ सामान्य दवाइयां दी गईं। सीटी स्कैन व एमआरआई समेत अन्य जांचों पर छूट के कूपन दिए गए। चिकित्सा शिविर में सामान्य रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. गौरव कुमार सिंह की चिकित्सकीय टीम, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# 'मंजिल से दूर' उर्दू कहानी संग्रह प्रकाशित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उर्दू के मशहूर कहानी लेखक नदीम अंसारी की कहानियों को संकलित कर बेसिक शिक्षक इरफान अहमद अंसारी के अथक प्रयास से मंजिल से दूर नामक उर्दू कहानी संग्रह प्रकाशित होकर आ गया है। इस संग्रह में मरहूम नदीम अंसारी की 34 कहानियां शामिल हैं। कहानी संग्रह फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी लखनऊ के आंशिक आर्थिक सहयोग से प्रकाशित हुआ है।



इरफान अहमद।

महानगर के मोहल्ला हाथीथान निवासी लेखक व साहित्यकार इरफान अहमद अंसारी ब्लाक सिंधौली के खिरिया रसूलपुर के जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक हैं। यह उनकी संपादित पांचवी पुस्तक है।

इससे पहले उनकी पुस्तकें हम बच्चे हिन्दुस्तानी, कहानी संग्रह खुशबू, कमर रईस अक्स और शख्स, इरफान-ए-दिल आदि पुस्तकें आ चुकी हैं। इरफान अहमद अंसारी ने बताया कि शैक्षिक गतिविधियों के बाद बचे समय का वह सदुपयोग करते हुए साहित्य की सेवा करना अपना दायित्व मानते हैं। इरफान को उनके हिन्दी उर्दू साहित्य में किए गए योगदान के कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

# नियमित जांच कराने को जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गैरिसन पब्लिक स्कूल आर्मी कैंट में रविवार को वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में कुल 507 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी का ऑपरेशन अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में 98 मरीजों की ब्लड शुगर और करीब 117 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच मुफ्त की गई, जबकि 445 मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं। साथ ही एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी वितरित किए गए।

स्वास्थ्य टीम और पीआरओ ने नियमित जांच कराने के लिए



सेना के अधिकारियों के साथ वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की टीम। ● अमृत विचार

● गैरिसन स्कूल में स्वास्थ्य मेले में 507 मरीजों की जांच

● 10 मोतियाबिंद मरीज चिन्हित, अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन होंगे

जागरूक किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी। इस कार्ड के जरिए ओपीडी पर्चा मुफ्त बनता है और दवाइयों व जांचों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलती है। इसके अलावा भर्ती होने पर फाइल शुल्क नहीं लिया जाता, सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की जरूरत होने पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ भी मिलता है।

निशुल्क स्वास्थ्य मेले में सामान्य रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, नाक-कान-गला रोग विभाग और महिला एवं प्रसूति रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. ताहिर, डॉ. विवेक, डॉ. रिव्या, डॉ. मुश्ताक, डॉ. मृदुला, मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा तथा पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार:** शहर में एक महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मायकेवालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

लखीमपुर जिले के थाना मैंगलगंज क्षेत्र के रहने वाले मुख्तार अहमद ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बहन हुमैरा की शादी 11 साल पहले साजिद निवासी हद्फ थाना सदर बाजार के साथ की थी। माता पिता ने शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया लेकिन ससुराली संतुष्ट नही थे। बहनोई बहन को बाइक के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। आए दिन उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया जाता था। रविवार की शाम हुमैरा के पड़ोसी ने सूचना दी कि उसकी बहन के साथ मारपीट की गई है और शव को फंदे से लटका दिया है। मायके पक्ष के लोग जब ससुराल पहुंचे तो शव फंदे पर लटका मिला। घर के अंदर ससुराल पक्ष का कोई सदस्य नही था। किसी का भी फोन नही लग रहा था।



मृतका हुमैरा।

स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि सभी लोग घर छोड़कर भाग गए। हुमैरा के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है या लटकाया गया है यह जांच का विषय है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीएससी को 'कंपिटेंट पर्सन' बनाने के प्रस्ताव का विरोध तेज

**पुवायां, अमृत विचार:** यूथ एडवांस्ड फार्मासिस्ट एसोसिएशन (रजि.) ने बीएससी धारकों को 'कंपिटेंट पर्सन' के रूप में मान्यता देने के प्रस्ताव का विरोध जताया है। इस संबंध में संगठन ने ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को पत्र भेजकर आपत्ति दर्ज कराई है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि यह प्रस्ताव फार्मेसी प्रोफेशन की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने बताया कि बीएससी पाठ्यक्रम में फार्मेसी से जुड़े आवश्यक विषय जैसे फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, क्लीनिकल फार्मेसी और ड्रग इंटरैक्शन शामिल नहीं होते, जबकि ये विषय डी.फार्मा, बी.फार्मा और एम.फार्मा में पढ़ाए जाते हैं। कहा कि फार्मेसी एक तकनीकी व क्लीनिकल प्रोफेशन है, जिसमें विशेष प्रशिक्षण और व्यावहारिक ज्ञान जरूरी होता है। ऐसे में बीएससी धारकों को यह जिम्मेदारी देना मरीजों की सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

# उप निरीक्षक व हेड कांस्टेबलों का तबादला, भावभीनी विदाई



पुलिसकर्मियों को विदाई देते अधिकारी व नागरिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** थाना कलान से उप निरीक्षक यशपाल सिंह, सचिन कंबोज और हेड कांस्टेबल मनोज राजपूत, नंदकिशोर राणा, अशोक कुमार का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक की ओर से जनपद के अन्य स्थानों पर किया गया। इस अवसर पर रविवार को थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा, बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष अजय बजरंगी, अनमोल गुप्ता सहित स्टाफ और गणमान्य नागरिकों ने सभी स्थानांतरित कर्मियों को फूलमाला व पटका पहनाकर सम्मानित किया और भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उप निरीक्षक अजय पाल सिंह, महेश सिंह, हेड कांस्टेबल अजीत सिंह, बसु आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### खाटू श्याम के दर्शन को जाने वालों का स्वागत

उस्मानपुर, अमृत विचार : दहगवां में श्री सिद्ध मनकामेश्वर नाथ धाम मंदिर पर युवा भाजपा नेता मयंक गुप्ता व उनके पिताजी नरेश चंद्र गुप्ता ने सीकर के खाटू श्याम धाम जाने वाले भक्तों का फूलमाल से स्वागत किया। खाटू श्याम जाने वाले श्रद्धालुओं का जगह–जगह स्वागत किया गया। खाटू श्याम के दर्शन को जाने वाले लोगों ने खाटू श्याम का जयघोष किया। इस दौरान बम बम भोले के उद्‌घोष से वातावरण पूरी तरह से शिवमय हो गया। शिव भक्तों को पटका व फूल माला पहनाई गई और उनके तिलक लगाकर उनकी आरती की गई।

### मैदान में जुआ खेल रहे सात लोग गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : वजीरगंज पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 11 हजार 410 रुपये और ताश की गड्डी मिली। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुद्ध बाजार के मैदान से गांव लहरा निवासी वीरपाल पुत्र अशर्फी लाल, बेचे पुत्र लाल खां, मुकेश कुमार पुत्र जमुना प्रसा, ब्रह्मपाल पुत्र राम प्रकाश, शेर सिंह पुत्र धर्मपाल, रामफल पुत्र जगदीश और पवन कुमार पुत्र छत्रपाल को पकड़ा। गिरफ्तारी करने वालों मे उपनिरीक्षक उम्मेद सिंह पोसवाल, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार व मनोज कुमार, कांस्टेबल सतीश कुमार व सचिन कुमार रहे।

### दबंगों का भूमि पर कब्जा करने की शिकायत

बदायूं, अमृत विचार : सहसवान तहसील क्षेत्र के एक किसान ने दबंगों के द्वारा जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। सहसवान तहसील क्षेत्र के ग्राम जरीफ़पुर गढ़िया निवासी 72 वर्षीय वृद्ध किसान सियाराम ने डीएम और मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पर में कहा है कि गाटा संख्या 450 में लगभग साढे 5 बीघा भूमि खातेदारो के साथ है। जिस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है जिसे मुक्त कराने के लिए तहसील के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। किसान ने जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### हुक्का बार के आरोपी पर एक और रिपोर्ट दर्ज

बदायूं, अमृत विचार : कुछ समय पहले कोतवाली सदर क्षेत्र में हुए हुक्का बार कांड की पीड़िता की तहरीर पर आरोपी हुक्का बार संचालक अरबाज पर एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। उस पर पीड़िता को धमकाने और पहले से दर्ज मुकदमों को वापस लेने के लिए धमकाने का आरोप है।

# आंधी-बारिश से फसलों को भारी नुकसान रुक गई गेहूं की कटाई, किसान परेशान


## बीती रात आयी आंधी ने मचाया तांडव, जगह-जगह उखड़ गए दर्जनों पेड़, सड़क पर गिरीं होर्डिंग

- मौसम विभाग जता रहा है और आंधी की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बारिश के बाद रोडवेज बस स्टैंड में भरा पानी। ● अमृत विचार



आसमान में चमकती बिजली। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पिछले तीन दिनों से आंधी और बारिश का कहर जारी है। शुक्रवार के बाद शनिवार की रात आंधी और बारिश का कहर देखने को मिला। 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। कई स्थानों पर दर्जनों पेड़ उखड़ कर गिर गए। सड़क किनारे लगी कई होर्डिंग सड़क पर गिर गईं। करीब आधे घंटे तक बारिश और आंधी का दौर चलता रहा। रविवार को दिन में मौसम साफ रहने के बाद फिर से आसमान में काले काले बादल घिर आए। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। तीन दिन से जारी बारिश और आंधी की वजह से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल औंधे मुंह गिरने से किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं।

शुक्रवार की देर रात आंधी और बारिश के बाद शनिवार शाम तक मौसम बार-बार बदलता रहा। हालांकि दोपहर में मौसम ठीक रहा और तेज धूप निकली लेकिन शाम होते ही मौसम का मिजाज बिगड़ गया। देर रात तेज आंधी के साथ बारिश हुईं, जिससे खेतों में खड़ी गेंहू की फसल औंधे मुंह गिरने से किसानों के चेहरे मुरझा गए है। रविवार को भी दिन भर मौसम उतार चढ़ाव वाला बना रहा। शाम होते-होते आसमान में काले काले बादल घिर आए। 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने लगी। आंधी और बारिश की वजह से सड़क किनारे लगी कई होर्डिंग सड़क पर गिर गईं। पेड़ भी टूट कर सड़क पर गिर गए। होर्डिंग और पेड़ के गिरने से यातायात बाधित रहा। शनिवार की देर रात आई बारिश से गिरे होर्डिंग और पेड़ को हटाने में विद्युत विभाग सहित अन्य विभाग के कर्मचारी लगे कि रविवार की शाम आई बारिश के बाद फिर से वहीं मंजर सड़कों पर दिखाई देने लगा। इसकी वजह से टूटे पोल और पेड़ हटाने में लगे कर्मचारियों को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं खेतों में खड़ी किसानों की गेहूं की फसलें औंधे मुंह गिर गई हैं। खेतों में कटा रखा गेहूं का बोझ भीग जाने के बाद काला पड़ने की आशंका बन गई है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल औंधे मुंह गिरने से किसानों के चेहरे मुरझा गए है।

### बारिश से किसानों के साथ कृषि अधिकारी भी चिंतित

किसानों का कहना है कि इस बार खाने के लाले पड़ जाएंगे। तीन दिनों से जारी बारिश को लेकर कृषि विभाग के अधिकारी भी चिंतित हो उठे हैं। किसानों की परवाह करते हुए कृषि अधिकारी मौसम साफ होने के बाद सर्वे कराने की बात कह रहे हैं। कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। मौसम साफ होने के बाद सर्वे कराया जाएगा। नुकसान की भरपाई बीमा कंपनी के माध्यम से कराई जाएगी।



आंधी में उखड़ा पड़ा पेड़।

# संयम व साधना का मार्ग दिखाता है महर्षि का जीवन



महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कश्यप युवा वाहिनी के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुरानी चुंगी स्थित दुर्गा मंदिर पर मनाई गई महर्षि कश्यप की जयंती

अमृत विचार : कश्यप युवा वाहिनी की ओर से पुरानी चुंगी स्थित दुर्गा मंदिर पर महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सभा का आयोजन करके समाज को एकजुट होकर राजनीतिक हिस्सेदारी के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कश्यप युवा वाहिनी के अध्यक्ष अधिवक्ता पुनीत कुमार कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप का जीवन हमें संयम, साधना और सेवा का मार्ग दिखाता है। आज के इस तेजी से बदलते युग में उनके आदर्श हमें एकता, नैतिकता और सच्चे कर्म की ओर प्रेरित करते हैं। यह जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपने संस्कारों और संस्कृति से जुड़ने का एक अवसर है। उन्हें वैदिक इतिहास के महानतम ऋषियों में गिना जाता है। वह वेदों में पूजे जाने वाले सात ज्ञानी ऋषियों के पौराणिक सप्तऋषि परिवार के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। आयुर्वेद पर उनका विशेष ध्यान कौमारभृत्य (बाल रोग) पर केंद्रित था और इसे स्त्री रोग एवं प्रसूति विज्ञान में भी महत्वपूर्ण माना जाता है। संगठन के महासचिव नौरंगी लाल कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप वैदिक इतिहास के महानतम ऋषियों में से एक हैं जिन्हें सप्तऋषियों में गिना जाता है। वह ब्रह्मा के पौत्र और मरीचि के पुत्र थे। पौराणिक कथाओं में उन्हें देवताओं, असुरों, नागों और सभी मानवजाति का पिता माना गया है। उपाध्यक्ष वीरेश कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप जयंती का मौका हमें हमारी महान संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुधीर कुमार कश्यप, मोहन लाल आदि उपस्थित रहे।

# बिसौली के अवैध अस्पताल संचालक पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमओ के निर्देश पर खंगाला गया रिकार्ड

अमृत विचार : बिसौली के अवैध अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद दूसरे दिन भी अस्पताल के कर्मचारी गायब रहे। अस्पताल सील होने के बाद से तरह- तरह की चर्चाएं होती रहीं जबकि स्वास्थ्य विभाग ने इस अस्पताल का रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया है।

शनिवार को बिसौली के शिव शक्ति हेल्थ केयर सेंटर पर एक गर्भवती को भर्ती किया गया जहां पर प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इस घटना के बाद भारी हंगामा हो गया। सीएमओ कार्यालय की टीम ने अवैध अस्पताल को सील करते हुए नोटिस चस्पा कर दिया। रविवार को इस अस्पताल का पूरा स्टाफ गायब रहा। बिसौली सीएचसी प्रभारी डा. अरविंद ने रविवार को बिल्सी रोड स्थित उक्त अस्पताल के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ की जिसमें बताया गया कि यह अस्पताल कई सालों से चल रहा है। आस-पास गांवों के लोग यहां आते हैं। महिलाओं को भर्ती किया जाता है। प्रसव किए जाते हैं। पहले भी कई बार नवजात शिशुओं की मौत को लेकर हंगामा हो चुका है, पर कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने बताया कि अस्पताल संचालक महिला के कुछ सफेदपोश लोगों से संबंध हैं जिससे कार्रवाई से हर बार बच जाती है।

# खेत पर रखवाली कर रहे युवक की सर्पदंश से मौत

बदायूं, अमृत विचार : मक्का की फसल की रखवाली करने गए युवक को सांप ने डस लिया। परिजन खेत पर पहुंचे तो युवक का शव चारपाई पर मिला। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर मकुइया निवासी मुकेश (35) पुत्र लाल सिंह खेती बाड़ी करते थे। वह रविवार सुबह लगभग चार बजे खेत पर मक्का की फसल की रखवाली करने गए थे। इसी दौरान वह खेत पर पड़ी चारपाई पर लेट गए। बताया जा रहा है कि इसी दौरान किसी सांप ने उन्हें डस लिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। काफी देर तक वापस घर न लौटने परिजनों को चिंता हुई तो वह खेत पर पहुंचे।

# कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हर्षित का परिवार, आत्मदाह की धमकी

**बदायूं डबल मर्डर केस**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बोले-नामजद आरोपी अब भी फरार, जांच पर उठाए सवाल
- समय पर इलाज न मिलने और पुलिस पर ढिलाई का आरोप

अमृत विचार : बदायूं के सैजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में हुए हर्षित मिश्रा हत्याकांड में एक माह बीतने के बाद भी परिवार कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। परिजनों को न्याय की गुहार है। पूरनपुर में प्रेस वार्ता कर हर्षित के माता-पिता ने बदायूं पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए चिंता जताई और जल्द कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी।

बता दें कि 12 मार्च को बदायूं जिले के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें से एक सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा भी थे, जोकि पूरनपुर के रहने वाले थे। इस हत्याकांड के बाद परिवार को कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। साथ ही सुरक्षा को लेकर मकान के बाहर गारद की तैनाती करने के साथ ही असलहा लाइसेंस भी दिए गए हैं। इधर, परिजन अभी भी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। घटना को एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इसको लेकर मृतक हर्षित के पिता सुशील मिश्रा और मां रानी मिश्रा ने रविवार को पूरनपुर स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की। उन्होंनें कहा कि घटना के बाद जिन लोगों के नाम पुलिस और प्रशासन को दिए थे, उनमें से कई अभी तक खुले घूम रहे हैं। इससे उन्हें न्याय मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर उन्हें पूरा भरोसा है, लेकिन स्थानीय स्तर पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है और उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर भी नहीं दिया जा रहा। परिजनों ने बताया कि 12 मार्च को हुई इस वारदात में प्लांट के कुछ अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध लगती है। आरोप है कि गोली लगने के बाद हर्षित मिश्रा और डीजीएम सुधीर गुप्ता करीब 40 मिनट तक प्लांट परिसर में ही पड़े रहे, लेकिन उन्हें समय से अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने में डेढ़ घंटे से अधिक समय लग गया, जिससे हालत और बिगड़ गई। यह भी आरोप लगाया कि पुलिस मुख्य आरोपियों के परिजनों को बचाने का प्रयास कर रही है।

उनका कहना है कि मुख्य आरोपी ने खुद ही समर्पण किया था, पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया। इसके अलावा आरोपी के पिता, ताऊ और भाई समेत अन्य लोगों के नाम भी पुलिस को दिए गए, लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। परिजनों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने का मौका दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे कोतवाली के सामने आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

# शहर में जगह–जगह गंदगी के ढेर, नहीं हो रही सफाई

- जिम्मेदारों की लापरवाही से बढ़ रहे संक्रामक रोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



रोडवेज के सामने वाली रोड पर पड़ी गंदगी।



सड़क किनारे भरे गंदे पानी में पनप रहे मच्छर।

अमृत विचार : शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग रहे हैं। नालियों में गंदा पानी सड़ रहा है जिसमें मच्छरों का प्रजनन बड़ी संख्या में हो रहा है। नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते संक्रामक बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। गर्मी शुरू हो चुकी है फिर भी सफाई अभियान नहीं चलाया जा रहा है। इससे गंदगी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है।

शहर में रोडवेज बस स्टेंड के सामने वाली सड़क पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इधर से हर मिनट दर्जनों वाहन और पैदल यात्री आते-जाते हैं। दुर्गन्ध के चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मोहल्ला शहबाजपुर में कूड़ा वाहन घरों तक नहीं पहुंच रहे हैं जिससे लोग खुद ही अपने घर का कूड़ा सड़कों पर डाल रहे हैं। इससे गंदगी और बढ़ रही है। सड़कों पर कूड़ा दिन भर फैलता रहता है। वाहन चालकों को इधर से गुजरने में दिक्कत होती है।

शहर की सफाई व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। दावे तो बहुत किए जाते हैं लेकिन असलियत कुछ और है। नगर पालिका प्रशासन संसाधनों की कमी का रोना रोता है, लेकिन सच्चाई ये है कि जो संसाधन हैं, उनका रखरखाव ही सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

कुछ समय पूर्व नगर पालिका ने कुछ ई-रिक्शा मंगवाए थे, जिनको घरों से सूखा और गीला कूड़ा उठाने के लिए डोर-टू-डोर भेजा जाना था, लेकिन आज भी करीब 90 प्रतिशत घरों में इस योजना को असली जामा नहीं पहनाया जा सका है। तमाम लोगों को तो यह भी नहीं मालूम कि पालिका ने इस प्रकार की कोई योजना भी बनाई थी, क्योंकि आज तक उनके दरवाजे पर कोई रिक्शा या गाड़ी नहीं पहुंची। जो रिक्शे लगे भी हैं, उनमें भी कुछ खराब हो गए हैं। मोहल्ला वेदों टोला चोटी वाले मियां की दरगाह वाली गली के तमाम लोगों का कहना है कि करीब एक सप्ताह पूर्व उनके यहां आने वाला ई-रिक्शा खराब हो गया। जब उन्होंने चालक से पूछा तो उसने खराबी का हवाला देते हुए जल्द सही कराने का दावा किया।

### मच्छरों के कारण बढ़ रहे संक्रामक रोग

जगह–जगह नालियों व गलियों में भरा गंदे पानी में तेजी से मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों के कारण अब संक्रामक बीमारियां भी पैर पसारने लगी हैं। लोगों ने बताया कि हर गली में गंदगी है जिससे मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मच्छर नाशक दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा है।

### जवाहरपुरी का खुला नाला दे रहा बीमारियां

शहर के बड़े नालों की सफाई नहीं होने से उनमें गंदगी बढ़ रही है जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। मोहल्ला जवाहरपुरी में खुला हुआ नाला लोगों को बीमारियां दे रहा है। इस नाले की दो सालों से सफाई नहीं की गई है। नाले के आस–पास बने घर लोगों ने खाली कर दिए हैं। इस साल जनवरी में लोगों ने नगर पालिका से नाला पाटने की मांग की थी लेकिन नहीं पाटा गया।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

विजय नगला, अमृत विचार: चक्की से आटा लेकर लौट रहे युवक को आधा दर्जन से अधिक लोगों ने गाली गलौज करके पीटा। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी मुशीर पुत्र नसीर अहमद ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह वह आटा लेकर अपने घर आ रहे थे। रास्ते में गांव निवासी हुमायूं, तनवीर, अरबाज, सालिम, सरवाज, साबिर, मोनिश ने पुरानी रंजिश के चलते रोककर गाली-गलौज की। विरोध करने पर वह लोग गुस्सा गए और मारपीट की। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# किसान सम्मान निधि की राशि काट लेता है बैंक

संवाददाता, विजय नगला

- भारतीय किसान यूनियन की बैठक में लगाया आरोप
- किसानों ने ज्ञापन देकर की समस्या निस्तारण की मांग

अमृत विचार: किसानों की समस्याओं के संबंध में बिनावर थाना परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि बिजली विभाग की ओर से किसानों के नलकूपों पर स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जा रहे हैं जबकि सरकार ने किसानों के लिए बिजली मुफ्त कर दी है। सुधार न होने पर बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग छुट्टा गोवंश को सुरक्षित नहीं कर रहा है जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। छुट्टा गोवंश के हमलों में किसानों की मौत हो रही है। सरकार किसानों को सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित कर रही है। हर साल 12 हजार रुपये दिए जा रहे हैं लेकिन बैंक इस धनराशि को कृषि कार्ड या अन्य लोन में काट लेती है जिसके विरोध में बैंकों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में बिनावर कस्बा में बिलहत मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या उठाई। राजेश, पप्पू सैफी, अजय पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# श्याम साहू बने नगर अध्यक्ष फूलमाला पहनाकर स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापर मंडल की बैठक में नई कार्यकारिणी घोषित

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक हुई, जिसमें संगठन के युवा नगर कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष के बी गुप्ता ने की। जिलाध्यक्ष युवा राहुल रावत द्वारा जिलाध्यक्ष के बी गुप्ता की सहमति से नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नगर कमेटी में नगर अध्यक्ष के रूप में श्याम साहू, नगर महामंत्री रविन चौहान व आशीष रस्तोगी, नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार गुप्ता, ऋतुराज ख़ुशरिया, विवेक रस्तोगी, दिनेश राठौर व विकास पटेल का चयन हुआ। नगर मंत्री के पद पर अमन गुप्ता, मुकेश पटवा पहलवान, अनुज रस्तोगी जावेद व अतुल पांडे चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर फारुखउद्दीन व नगर सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में हिमांशु शुक्ला को जिम्मेदारी दी गई। सदस्य के रूप में संतोष पटवा, अजय सक्सेना व अंकित गुप्ता का चयन हुआ।

जिला अध्यक्ष केबी गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से संगठन पिछले कई दशकों से व्यापारियों के हितों को काम कर रहा है उसी जोश और जज्बे के साथ व्यापारियों की लड़ाई को आगे बढ़ाना है। युवा जिला अध्यक्ष राहुल रावत ने कहा कि हमें व्यापारियों के अधिकारों के लिए हर कीमत पर लड़ना होगा और एक साथ मिलकर आगे आना होगा। नवनियुक्त कार्यकारिणी को माला व पटका पहनाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# मरम्मत कार्य देखने छत पर गए बुजुर्ग की गिरने से मौत

बिल्सी, अमृत विचार : कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खौंसारा में शनिवार शाम छत से गिरकर बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। वह अपने घर की छत पर चल रहे मरम्मत कार्य का जायजा लेने गए थे। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर पड़े। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गांव निवासी गणेशराम (60) पुत्र बिहारी लाल प्रजापति खेती बाड़ी करते थे। शनिवार शाम घर की छत पर हो रहे मरम्मत कार्य को देखने पहुंचे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे आ गिरे। हादसे में उनके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए जहां इलाज के दौरान आधी रात बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

# चार सड़कों के लिए शासन से जारी हुए पांच करोड़ रुपये

- सदर विधानसभा क्षेत्र के चार गांवों के संपर्क मार्ग पक्के होंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



गांव नाई से मिघोइया जाने वाले इस कच्चे मार्ग का होगा निर्माण।

अमृत विचार : सदर विधानसभा की चार सड़कों के लिए शासन से पांच करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह चारों संपर्क मार्ग काफी समय से खस्ताहाल थे। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग कराएगा। शासन के संयुक्त सचिव राजेश प्रताप सिंह की ओर से लोक निर्माण विभाग और प्रमुख अभियंता को पत्र जारी किया गया है।

राज्य सड़क निधि से सदर विधानसभा के दराबनगर से कली मार्ग, गांव नाई से मिघोइया, नवाबगंज गोटिया से सल्लननगर, कल्लिया से बगरपुर के लिए सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिली है। गांव दराबनगर के ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में इस सड़क से निकलना दूभर हो जाता था। लोगों ने विधायक का आभार जताया। विधायक ने कहा कि सड़कों के लिए बजट जारी हुआ है जिसके निर्माण में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा।

# मैसेज आ रहा, नहीं मिल रहा सिलेंडर

संवाददाता, कादरचौक

- सिलेंडर मांगने पर एजेंसी संचालकों से ग्रामीणों की हो रही नोकझोंक
- ग्रामीणों का आरोप, संचालक सिलेंडर की कर रहा कालाबाजारी



एजेंसी कर्मचारी से ग्रामीणों की होती नोकझोंक, परेशान हो रहे किसान।

अमृत विचार: ग्रामीणों के पास बुकिंग कराने के बाद डिलीवरी का मैसेज आ रहा है लेकिन सिलेंडर नहीं मिल रहा। सिलेंडर मांगने पर उनकी संचालक के साथ नोकझोंक हो रही है। एजेंसी संचालक दोबारा से 30 दिन बाद बुकिंग कराने की बात कह ग्रामीणों को टरका रहे हैं। रविवार को ग्रामीणों ने एजेंसी पहुंचकर हंगामा काटा। उन्होंने उनके नाम से बुक सिलेंडर की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया।

एजेंसी पर विरोध जता रहीं ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बाराचिर्रा निवासी नीरज देवी ने सुहाना इंडेन संचालक पर सिलेंडर की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, लेकिन एजेंसी द्वारा उनका सिलेंडर किसी और को बेच दिया गया। जब उन्हें सिलेंडर की जरूरत पड़ी और दोबारा बुकिंग करने की कोशिश की, तो सिस्टम में पहले से बुकिंग दिखा रहा था। इस पर वह एजेंसी पहुंचीं लेकिन संचालक ने केवाईसी न होने की बात कहते हुए सिलेंडर नहीं दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंसी हर महीने उपभोक्ताओं के नाम पर सिलेंडर की बुकिंग कर ब्लैक में बेच रहे हैं।

जिसकी डिलीवरी का भी मैसेज उनके पास आ रहा है लेकिन सिलेंडर नहीं दिया जा रहा। हंगामा काट रहे ग्रामीणों की एजेंसी संचालक और कर्मचारियों से नोकझोंक हुई। हालांकि ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया। लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। ग्रामीण मायूस होकर घर लौट गए।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा ने उत्तीर्ण की अटल आवासीय परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार :** कादरचौक ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगपुर पुख्ता



में कक्षा आठ की छात्रा नेहा ने अटल आवासीय परीक्षा उत्तीर्ण की है। इससे पूर्व वह राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता अर्जित कर चुकी हैं। छात्रा की सफलता पर शिक्षक और परिजन खुश हैं। अटल आवासीय परीक्षा में भी सफलता अर्जित करने वाली छात्रा नेहा को आगामी चार वर्ष तक नबाबगंज स्थित उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश मिलेगा। छात्रा के पिता जैनेंद्र सिंह यादव ने बताया उनके गांव में स्थित सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों का ही परिणाम है कि उनकी बेटी ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### अभियान में पुलिस ने सात वारंटी दबोचे

**बिल्सी, अमृत विचार :** एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत बिल्सी पुलिस ने सात वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर सतेती निवासी ओमवीर, सुनील, बिचौला निवासी जयपाल, रायपुर मजरा निवासी नरेंद्र कुमार, छोलायन निवासी जलाल, नगर के वार्ड दो निवासी मोहम्मद शफीक, गांव रदैना घंघौसी निवासी डालचंद्र को गिरफ्तार किया है।

### चार अपर जिला जजों का स्थानांतरण

**बदायूं, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने चार अपर जिला जज का स्थानांतरण कर दिया है। मिर्जा जीनत को सहारनपुर, सौरभ सक्सेना को श्रीवस्ती, शिव कुमारी को मुजफ्फरनगर व पूनम सिंघल को गाजियाबाद स्थानांतरित किया गया है जबकि जालौन से मोहम्मद कमर, मुजफ्फरनगर से नेहा गर्ग, प्रयागराज से अनिता प्रथम, कानपुर से नीलांजना को बदायूं भेजा गया है। 15 अप्रैल तक चार्ज छोड़ना और चार्ज ग्रहण करना होगा।

# मिनी लाइब्रेरी के रूप में विकसित होंगे जिले के आंगनबाड़ी केंद्र

## प्रथम चरण में 150 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प

- चरणबद्ध तरीके से होगा विकसित करने का कार्य
- विकसित करने के लिए खर्च होंगे करीब 15 लाख रुपए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाने की पहल शुरू हो रही है। जिले के करीब 150 आंगनबाड़ी केंद्रों को मिनी लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जाएगा। इन्हें विकसित करने के लिए लगभग 15 लाख से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। विभाग की ओर से इसकी कवायद शुरू कर दी गई है।

जिले में 2940 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों पर 6 साल तक बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पोषण और विकास में सुधार करने जैसे प्रयास होते हैं। इसके अलावा इन केंद्रों पर



पाल का नगला आंगनबाड़ी केंद्र पर भोजन करते बच्चे। ● अमृत विचार

बच्चों में कुपोषण को कम करने, टीकाकरण किए जाने संबंधी कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के जरिये की जाती है। साथ ही, 3 साल से 6 साल तक बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है, ताकि बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। इन्हीं प्रयासों के बीच अब आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाने दशा में एक और पहल शुरू हो रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत नौनिहालों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते मिनी लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। जिले के करीब 150 आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। प्रथम चरण में करीब 150 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिनी लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों को मिनी लाइब्रेरी बनाने के लिए चिन्हित किया जा रहा है।

> आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिनी लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। करीब 150 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाइब्रेरी स्थापित की जानी है। यह कार्य चरणबद्ध होना है। केंद्रों को चिन्हित किया जा रहा है। इसके बाद लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी।
>
> **-प्रमोद कुमार,** जिला कार्यक्रम अधिकारी

### मिनी लाइब्रेरी पर खर्च होंगे 10 हजार

आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक उपयोगी व आकर्षक बनाने के लिए एक और पहल शुरू हो रही है। जिले में करीब 150 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी लाइब्रेरी स्थापित की जानी है। एक आंगनबाड़ी केंद्र पर मिनी लाइब्रेरी विकसित करने पर करीब 10 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।

### आकर्षक चित्रों वाली रंगीन किताबें कराई जाएंगी उपलब्ध

आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्थापित होने वाली लाइब्रेरी पर बच्चों के लिए आकर्षक चित्रों वाली लगभग 150 रंगीन किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। किताबों के माध्यम से बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

## राजा परीक्षित जन्म की कथा सुन श्रद्धालु भाव-विभोर

**बिल्सी, अमृत विचार:** बिल्सी क्षेत्र के गांव अंबियापुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे मैनपुरी से आईं कथावाचक सीमा साध्वी ने राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित का जन्म भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से हुआ था। महाभारत युद्ध के बाद जब अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु का जीवन संकट में पड़ गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने खुद प्रकट होकर उस शिशु की रक्षा की। यही बालक आगे चलकर राजा परीक्षित के रूप में विख्यात हुआ।

इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरे पांडाल में भक्ति रस की धारा प्रवाहित होती रही। कथा के दौरान साध्वी ने कहा कि मनुष्य को जीवन में धर्म के मार्ग पर चलकर सत्य और सेवा को अपनाना चाहिए। भागवत कथा हमें जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने का मार्ग दिखाती है। इस मौके पर सुरेश चंद्र शर्मा फौजी, नीरज शर्मा, रामचंद्र, सुबोध शर्मा, अनुपम शर्मा, ममतेश शर्मा, मुकेश कुमार, उदयवीर आदि मौजूद रहे।

# सत्संग में जीवन के सही मार्ग पर चलने का दिया संदेश



गुधनी स्थित मंदिर में आयोजित यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर पर साप्ताहिक सत्संग आयोजित

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। महिलाओं और आर्य संस्कारशाला के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

सत्संग की शुरुआत वैदिक रीति से यज्ञ के साथ हुई। आचार्य संजीव रूप ने यज्ञ संपन्न कराया। वैदिक मंत्रों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आचार्य ने कहा कि अगर मनुष्य को जीवन जीने का सही मार्ग मिल जाए तो यह उसके लिए हीरे, मोती और सोना प्राप्त करने के समान है। आज का मानव भौतिक सुख-सुविधाओं और धन-दौलत को ही अपने जीवन का अंतिम लक्ष्य मान बैठा है और उसी की प्राप्ति में अपना अमूल्य समय और ऊर्जा नष्ट कर देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो धन मनुष्य इस संसार में जोड़ता है, वह यहीं रह जाता है और उसके साथ नहीं जाता, जबकि विद्या, तप, दान, यज्ञ, सेवा, स्वाध्याय और परोपकार जैसे गुण ही वास्तविक धन हैं। व्यक्ति इन सद्गुणों को अपने जीवन में अपनाकर नित्य इनका संचय करता है। वही ईश्वर का प्रिय बनता है और समाज में भी उसे सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। उर्वशी आर्य और तान्या आर्य ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कमलेश रानी, सूरजवती देवी, सरोज देवी, गुड्डू देवी, राकेश आर्य आदि मौजूद रहे।

## खाटू श्याम के दर्शन को जाने वालों का किया स्वागत

संवाददाता, सहसबान

**अमृत विचार :** दहगवां में श्री सिद्ध मनकामेश्वर नाथ धाम मंदिर पर युवा भाजपा नेता मयंक गुप्ता व उनके पिता नरेश चंद्र गुप्ता ने सीकर के खाटू श्याम धाम जाने वाले भक्तों का फूलमाल से स्वागत किया। खाटू श्याम जाने वाले श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत किया गया। खाटू श्याम के दर्शन को जाने वाले लोगों ने खाटू श्याम का



मंदिर पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

जयघोष किया। इस दौरान बम बम भोले के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह से शिवमय हो गया। शिव भक्तों को पटका व फूल माला पहनाई गई और उनके तिलक लगाकर उनकी आरती की गई। और उनकी यात्रा को लेकर मंगलमय की कामना की गई।

## उपले लगाने का विरोध करने पर महिलाओं को पीटा

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र में उपले लगाने का विरोध करने पर महिलाओं को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू हो गई है।

गांव मुल्लाहपुर निवासी पप्पू पुत्र राम सिंह की ओर से थाने में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि गांव में उनके मकान के पास गांव के ही आरोपी मुनेश, जितेंद्र, सत्येंद्र, हरजीत उपलों का बटिया लगा रहे थे। उनकी मां शाति देवी पत्नी राम सिंह और शिवानी पत्नी नंदलाल ने बटिया लगानें का विरोध किया। उन दोनों ने दोनों महिलाओं के साथ गाली-गलौज की। लाठी-डडों से मारपीट करके घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया।

# आंधी से टूटी लाइन, 20 घंटे गुल रही बिजली आपूर्ति

- देर रात आई आंधी की वजह से जगह-जगह गिरे पेड़ और खंभे
- सुबह से ही चलता रहा मरम्मत का काम, परेशान रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रोज रोज आ रही आधी-बारिश से लोग परेशान हैं। शनिवार शाम को आयी आंधी में बिजली गुल हो गई जो दो बिजलीघरों से बीस घंटे बाद आपूर्ति दी गई जबकि अन्य क्षेत्रों में बारह घंटे तक लोगों को अंधकार में रहना पड़ा। बिजली गुल होने से दो दिन से लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।

पिछले दो दिन से शाम को आंधी पानी की मार झेल रहे हैं। शनिवार की शाम आठ बजे जैसे ही आंधी शुरू हुई वैसे ही बिजली गुल हो गयी। पूरी रात बिजली ठप रही । हालांकि आंधी करीब दो से तीन



आंधी में टूटा पड़ा आम का पेड़ ।

घंटे तक ही रही। इसमें कई जगहों पर बिजली के तार टूट गए जिससे लोगों को बीस घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा। करौलिया बिजलीघर से पोषित बिजली करीब बीस घंटे तक गुल रही। इस क्षेत्र में शनिवार की आधी के दौरान कई जगहों पर जर्जर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई जिससे पूरे इलाके की बिजली दूसरे दिन शाम चार बजे शुरू हुई। करीब पचास गांवों के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। इधर ढाक वाली जियारत स्थित विद्युत उपकेंद्र से दी जाने वाली सप्लाई भी ठप हो गयी जो करीब 16 घंटे बाद शुरू की गई। इस बिजली घर से जुड़े तीस गांवों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में पनबड़िया बिजली घर से सप्लाई ठप हो गई जो रात को 12 बजे शुरू की गयी। करीब चार घंटे तक आधा शहर अंधकार में डूबा रहा। सलारपुर बिजली घर क्षेत्र के ग्राम बल्लिया में 16 घंटे तक बिजली गुल रही। आंधी में तारों पर पेड़ टूटकर गिर गया जिसके बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। जिले भर में यही स्थिति रही लेकिन रविवार को दोपहर तक कुछ इलाकों की सप्लाई शुरू कर दी गयी जबकि देहात क्षेत्रों में शाम चार बजे सप्लाई दी गई।

### बारिश में विभाग को होती है दिक्कत

बारिश होने से बिजली विभाग की परेशानी बढ़ जाती है। बारिश के दौरान मरम्मत कार्य नहीं किया जाता है। इसलिए कुछ घंटों के बाद काम शुरू किया जाता है इसलिए कई घंटे तक आपूर्ति रोकनी पड़ रही है। आंधी के बाद काम तुरंत शुरू कर दिया जाता है। बारिश में कर्मचारी काम नहीं कर पाते हैं खतरा बना रहता है।

आंधी में फिर से तार टूट गए जिससे रात को 12 बजे के बाद मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया। अधिकांश इलाकों में रविवार सुबह को बिजली दे दी गई जबकि करौलिया और इस्लाम गंज क्षेत्र में शाम को सप्लाई दी गई। **अरविंद गौतम**, अधिशासी अभियंता प्रथम

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## मिशन शक्ति : महिलाओं को किया जागरूक



महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कुंवरगांव संवाददाता

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति के अंतर्गत रविवार को थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।अंत में महिला कांस्टेबल मीना देवी व अन्य द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक रहने एवं जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## धर्म परिवर्तन के आरोप में दो हिरासत में

- एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर की जांच

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार :** थाना उसावां क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने यह आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने भी कस्बा उसावां पहुंचकर जानकारी की।

राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर आरोप लगाया कि कस्बा उसावां के वार्ड दो निवासी सर्वेश पुत्र रामचंद्र कुछ पादरियों के साथ मिलकर हिंदू समाज के लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए बहका रहे हैं। देवी-देवताओं को अपशब्द व बुरा भला कहते हुए गाली देते हैं जिससे नगर के हिंदू समाज के लोगों की आस्था आहत हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी और संगठन के अतुल बजरंगी, रितिक गुप्ता, लाल सिंह मौके पर पहुंचे जहां भंडारा चल रहा था। कुछ लोग पुलिस को देखते ही बाहर निकल गये। बताया जा रहा है कि इससे पहले वहां सत्संग हुआ था जहां कई लोग आए थे। पुलिस ने वहां मौजूद एक दर्जन लोगों से पूछताछ की। पुलिस आयोजकों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। सीओ उझानी राहुल पांडेय ने सर्वेश से पूछताछ की। पता चला कि दो साल पहले सर्वेश की पत्नी की मौत हो गई थी। तब से वह दूसरे धर्म को मानने लगे थे। इसके चलते वह रविवार को उस धर्म का सत्संग कराया था जिसके बाद दावत चल रही थी।



मौके पर पहुंचकर जानकारी करते एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी। ● अमृत विचार

## आंवला रोड पर डाली जा रही गंदगी लोग परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** आंवला रोड पर डाली जा रही गंदगी से लोग परेशान हैं। शहर की गंदगी नगर पालिका के सफाई कर्मचारी आंवला रोड पर सलारपुर से पहले ही लौट देते हैं जिससे यह गंदगी तेज हवा में उड़ कर वाहन चालकों को अवरोध पैदा करती है। साथ ही मुख्य रोड पर भारी गंदगी पड़ी होने से दुर्गन्ध से आने-जाने में भारी परेशानी होती है। नवादा निवासी शकील इस्माइल ने बताया कि नगर पालिका को कई बार पत्र दिया जा चुका है फिर भी शहर की गंदगी यही पर डाली जाती है। उन्होने बताया कि नवादा से लेकर सलारपुर ब्लॉक तक सड़क के दोनो ओर गंदगी डाली जा रही है।

उदासीनता

दर्जनों लोग भिक्षावृत्ति में संलिप्त, अफसरों की लापरवाही के कारण धरातल पर नहीं आ रही है योजना

# भिक्षुओं के चेहरे पर खुशी नहीं ला सकी केंद्र की स्माइल योजना

- केंद्र सरकार की स्माइल योजना भी भिखारियों को भिक्षावृत्ति से नहीं निकाल पा रही बाहर

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार :** बेबसी और लाचारी में भीख मांग कर भरण पोषण करने वाले लोगों के पास न अपनी जमीन है और न ठिकाना है। दिन भर मांगने के बाद शाम ढलते ही फुटपाथ को अपना ठिकाना बना लेते हैं। थकान और बेबसी के चलते फुटपाथ पर ही इनकी रोजाना रातें गुजरती हैं। भिक्षावृत्ति में लिप्त ऐसे लोगों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार की ओर से स्माइल योजना का संचालन हो रहा है, लेकिन यह योजना भी भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों को बाहर नहीं निकाल पा रही है। शहर के चौराहों, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और रेलवे स्टेशन पर फटे-पुराने कपड़ों में लिपटे कुछ चेहरे उम्मीद भरी नजरों से रोजाना निहारते दिखते हैं। चंद सिक्कों की आस में फैले उन खाली कटोरों को कभी उपेक्षा मिलती है, कभी दुर्व्यवहार, तो कभी बेबसी में डाल दिए गए कुछ सिक्के। लाचारी के चलते शहर में भिक्षावृत्ति में लिप्त ऐसे दर्जनों लोग शाम को थक-हार कर शाम को फुटपाथ को अपना ठिकाना बना लेते हैं। रात भर गहरी नींद में सोने के बाद अगले दिन फिर वही दिन चर्चा प्रारंभ हो जाती है। हालांकि ऐसे लोगों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार द्वारा केंद्र सरकार की इस्माइल (सपोर्ट फॉर मार्जिनलाइज्ड इंडिविजुअल्स फॉर लाइवलीहुड एंड इंटरप्राइजेज) योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत भिक्षावृत्ति में लिप्त ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाना है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते लाचारी भरी ज़िन्दगी जी रहे लोग भिक्षावृत्ति से बाहर नहीं आ रहे हैं। विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



रात के समय फुटपाथ पर सोते भिक्षा मांगने वाले लोग। ● अमृत विचार

> इस्माइल योजना के तहत भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को पुनर्वास के प्रयास चल रहे हैं। इसके लिए शहर में दो स्थानों पर पुनर्वास केंद्र भी खोले गए हैं। भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यस्क और बुजुर्गों के लिए भी जल्द ही चिन्हित कर उनका पुनर्वास कराया जाएगा। इसके लिए निकायों ईओ और समाज कल्याण अधिकारी के साथ योजना के संबंध में पूरी जानकारी कर सर्वे कराया जाएगा। **-अरुण कुमार**, एडीएम प्रशासन

### साल 2022 से संचालित है योजना

देश से भिक्षावृत्ति की प्रथा को खत्म करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के द्वारा योजना को 12 फरवरी 2022 को शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना ही नहीं, बल्कि भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों को कौशल प्रशिक्षण और आत्मनिर्भर बनाना है। योजना का क्रियान्वयन नगर निकायों और समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जाना है लेकिन चार साल बाद भी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है।

### सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से होना है काम

समाज कल्याण विभाग की ओरसे इस्माइल योजना को सामाजिक संस्थाओं और और प्रशासनिक तंत्र की मदद से लागू करना है। सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके रहने की जगह, प्रशिक्षण, और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने हैं। योजना का उद्देश्य सिर्फ मदद करना नहीं, बल्कि एक स्थायी समाधान देना भी है।

# खाड़ी देशों के युद्ध का असर, महंगा हो रहा सामान

## एसी, कूलर, पंखे और सिलाई मशीनों के बढ़े दाम,कच्चा माल नहीं मिलने से बढ़ रहे उत्पाद के दाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध की मार अब स्थानीय बाजार में देखने को मिल रही है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बाहर से कच्चे माल की आमद कम होने से फैक्ट्रियों में उत्पादन कम हो रहा है जिससे एसी कूलर पंखा और लैपटॉप जैसी वस्तुओं के दामों में पांच से दस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दुकानों पर महंगे सामान की बिक्री नहीं होने से दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

स्थानीय दुकानदारों का दावा है कि 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच युद्ध शुरू हुआ, ईरान क्षेत्र में समुद्री मार्ग से आने वाले सामान की आमद कम होने लगी है, जिससे कच्चा माल नहीं मिल पाने से फैक्ट्रियों में उत्पादन भी कम होने लगा है। अब स्थिति यह है कि स्थानीय बाजारों में दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। बदायूं का बाजार सीमित दायरे में है। यहां पर छोटे दुकानदार बरेली व मुरादाबाद से एसी, कूलर, लैपटॉप और सिलाई मशीन आर्डर देकर मंगाते हैं जो धीरे-धीरे बेचते हैं। इस समय सहालग का मौसम है। कुछ दुकानदारों ने अधिक सामान मंगाने का ऑर्डर दिया है लेकिन फैक्ट्रियों से पिछले दो महीने की अपेक्षा अब पांच से दस प्रतिशत की मूल्य वृद्धि हुई है इससे अनेक छोटे दुकानदारों ने अपना ऑर्डर रद्द कर दिया है जबकि कुछ बड़े व्यापारियों ने स्टाक बढ़ा दिया है। बाजार में इस समय महंगाई की मार से जूझ रहे दुकानदारों ने बताया कि खाड़ी देशों के युद्ध ने भारत में भारी समस्या पैदा कर दी है। दूसरे देशों से आने वाला कॉपर और प्लास्टिक के दाम बहुत बढ़े हैं, इसलिए हर चीज महंगी हो रही है। ग्राहक महंगा सामान खरीदने की स्थिति में नहीं है। दाम पूछकर लौट जाता है। दुकानदारों ने बताया कि अब गर्मी शुरू हो रही है। पंखा-कूलर की बिक्री खूब होनी चाहिए लेकिन 50 प्रतिशत बिक्री कम हो गई है। बिक्री कम होने से दुकान के खर्चे भी नहीं निकल पा रहे हैं।



दुकान पर बिकने को रखे कूलर और एसी। ● अमृत विचार


एसी कूलर से भरी दुकान। ● अमृत विचार


दुकान पर रखी सिलाई मशीन।

### प्लास्टिक का दाना महंगा होने से बढ़ी महंगाई

उत्पाद बनाने से लेकर पैकिंग में भी प्लास्टिक का प्रयोग किया जाता है, वहीं लेपटॉप बाहर से बनकर आते हैं या देश में बनाने वाली कंपनियों को कॉपर की जरूरत होती है। कॉपर विदेशों से आयात होता है। ज्यादातर व्यापारी फ्रिज, कूलर आदि का कच्चा माल बाहर से मंगवाकर यहां एसेंबिल कराते हैं। व्यापारियों के अनुसार खाड़ी देशों में युद्ध के बाद से कंपनी से उन्हें महंगा सामान दिया जा रहा है। इसके अलावा मांग के अनुरूप भी माल कम मिल रहा है। ट्रांसपोर्टेशन का खर्च भी ज्यादा बढ़ गया है। कूलर व्यापारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि मांग के अनुसार वह गाजियाबाद और दिल्ली की कंपनी से माल मंगवाते हैं जहां से पर्याप्त मात्रा में माल नहीं आ पा रहा है। पूछने पर कहा जा रहा है कि युद्ध की वजह से बाहर से आने वाला कच्चा माल महंगा हो गया है।

### दुकानदारों से हुई बातचीत


खाड़ी देशों से आने वाला कच्चा माल अब बहुत कम आ रहा है। इससे यहां की फैक्ट्रियों में उत्पादन भी कम हो रहा है। माल कम तैयार होने के कारण महंगाई बढ़ी है जिससे दुकानदारी कम होने से परेशानी बढ़ गई है। **-नीरज कोचर**, कूलर,एसी विक्रेता


दूसरे देशों से आने वाला कॉपर अब नहीं मिल रहा है इसलिए माल कम तैयार हो रहा है। आर्डर का माल भी महंगा हो गया है। सिलाई मशीनों के दाम पांच प्रतिशत बढ़े हैं। महंगाई बढ़ने से बिक्री पर काफी असर पड़ा है। **-योगेंद्र कुमार**, सिलाई मशीन विक्रेता


चार महीने पहले जो एसी 30 हजार रुपये में मिलता था वह आज चालीस हजार का मिल रहा है। दाम बढ़ जाने से पचास प्रतिशत बिक्री कम हुई है। अब दुकान पर ग्राहक कूलर और एसी के दाम पूछ कर वापस लौट जाते हैं। **-मंजीत सिंह**, एसी विक्रेता


पिछले एक महीने से लैपटॉप कम बिक रहे हैं। दस प्रतिशत दाम बढ़े हैं। 35 हजार का लैपटॉप अब 38 से 40 हजार तक का बिक रहा है। महंगी खरीद होने के बाद महंगी बिक्री हो रही है इसलिए काम नहीं चल रहा है। **-हिमांशु अरोड़ा**, दुकानदार

## होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में वितरित की गईं दवाएं

**बदायूं,अमृत विचार :** वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर की ओर से रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

वामा सारथी की अध्यक्ष एसएसपी अंकिता शर्मा की मौजूदगी में टाटा वन एमजी के क्लस्टर मैनेजर मुकुल शर्मा, फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार, एलटी नितिन शर्मा व संदेश सिंह ने शिविर लगाया। स्वास्थ्य परीक्षण बाजार मूल्य से न्यूनतम दर व अन्य सीजीएचएस दर से 10 प्रतिशत छूट पर दिया।

जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. रुचि गुप्ता, फार्मासिस्ट संजीव, टेक्नीशियन जितेंद्र यादव ने बीपी, शुगर, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, फंगल इन्फेक्शन आदि का इलाज और निदान के बारे में बताया। होम्योपैथिक के डॉ. रजनीश शर्मा, वार्ड बॉय केशव राम, सुमित रस्तोगी ने होम्योपैथिक दवाओं का निशुल्क वितरण किया। इस मौके पर एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया, सीओ सिटी व लाइन रजनीश कुमार उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### बहनें लापता, एसएसपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला,अमृत विचार :** दो सगी नाबालिग बहनों के लापता होने के मामले की शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई नहीं की। वह लगातार थाने के चक्कर लगा रहा है। पीड़ित की शिकायत पर दारोगा टालमटोल करते रहे। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 व 16 साल की सगी बहनों के पिता ने शिकायत करके बताया कि 17 मार्च को गांव निवासी जितेंद्र, मुन्नी देवी, माधुरी, महेश, चंगे, गुड्डू उनकी बेटियों को बहला फुसलाकर कहीं ले गए थे। वह अगले दिन शिकायत करने थाने गए तो हल्का दारोगा ने उन्हें टरका दिया जिसके बाद वह थाने के लगातार चक्कर लगा रहे हैं। आरोप लगाया कि आशंका है कि गुड्डू ने उनकी बेटी को बेच दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### लापता पिता-पुत्र का 4 दिन बाद भी सुराग नहीं

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के अमावती में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से लापता हुए पिता-पुत्र का चार दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। धनारी थाना क्षेत्र के भिरावटी मलुआ माझरा गांव निवासी नरेश अपने पुत्र भीमसैन के साथ गुरुवार को बोलेरो पिकअप में भैंस लेकर अमावती बाजार पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि वहीं से दोनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। घटना के बाद से ही कैला देवी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी कोई पता नहीं चला। जिससे परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है।

### संस्था पर चंदा वसूली का आरोप

**संभल,अमृत विचार :** सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन संभल ने बाजार में सक्रिय एक अनरजिस्टर्ड संस्था पर केमिस्टों से चंदा एकत्रित करने का आरोप लगाया है। एसोसिएशन ने सदस्यों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा उर्फ संदीप शर्मा ने कहा कि संबंधित संस्था की कार्यप्रणाली पारदर्शी एवं नियमसम्मत नहीं प्रतीत होती है। केमिस्टों से जुड़े मुद्दों की बैठकों में बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति न केवल अनुचित है, बल्कि यह एक गंभीर विषय भी है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि आमंत्रित अतिथियों और अधिकारियों के समक्ष वास्तविक तथ्यों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत नहीं किया जा रहा, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। गतिविधियां केमिस्ट समाज की गरिमा और प्रतिष्ठा के अनुकूल नहीं हैं।

## केशोपुर कलां में मनाई गयी महर्षि कश्यप की जयंती


महर्षि कश्यप की जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रविवार को ग्राम केशौपुर कला में भव्य रूप से सप्तऋषियों में एक महर्षि कश्यप की पावन जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान उपस्थित हुऐ । इस जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गईं। लोगों ने कहा कि यह दिन हमें महर्षि कश्यप की महान संस्कृति और गौरवशाली परंपरा को याद दिलाता है। महर्षि कश्यप जयंती पर प्रदेश व देश में सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। इस मौके पर राम नारायण कश्यप, कप्तान कश्यप, उदयवीर कश्यप, किशनलाल कश्यप, रामस्वरूप कश्यप, धरमबीर कश्यप, सुखपाल कश्यप, नरेश कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्टेटस पर लिखकर दी धमकी, शिकायत

**बदायूं,अमृत विचार:** थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाला युवक उसकी देवरानी और परिवार की अन्य महिलाओं के नाम सोशल साइट्स पर लिखकर गंदी तरह से प्रस्तुत करता है। फोटो भी लगाता है। धमकी भरे स्टेटस लगाता है। पुलिस से शिकायत भी की गई है। इसके बाद तीन अप्रैल की शाम सात बजे कुछ लोग असलहा लेकर घर में घुस आए। महिला से उनके पति के बारे में पूछा। उसे जान से मारने की बात कही। पुलिस से शिकायत करने की नसीहत सिखाएंगे।

फिर वह कमरे की तलाशी लेने लगे। महिला को बाल पकड़कर जीने पर गिराकर अश्लील हरकतें की। बीच बचाव में वह घायल हो गईं। आरोप लगाया कि आरोपी दबंग हैं। उनका विरोध कोई नहीं कर पाता।

## विद्या से होता है कौशल व आत्मविश्वास का विकास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विकास क्षेत्र दातागंज के पुरैनी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में नगर पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्या अर्जित करने से बच्चे के अंदर कौशल, आत्मविश्वास, स्वालंबन आदि गुणों का विकास होता है।

मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार आनंद भूषण ने न्याय पंचायत बसेला के राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2026 में सफल हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी के हिमांशु, शिवम, अभिनव और खुशी, संविलियन विद्यालय बेलाडंडी की पलक सक्सेना, उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला बसेला की दुर्गा और उनके अभिभावकों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा न्याय पंचायत बसेला के हर विद्यालय से एक मेधावी बच्चे को सम्मान मिला। ढिलवारी व नगला बसेला विद्यालय के निपुण घोषित होने पर स्टाफ का सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी के बच्चों को परीक्षाफल वितरित किए गए। हर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले बच्चे सम्मनित हुए। हिमांशु को स्टूडेंट ऑफ ईयर अवार्ड मिला। प्रधानाध्यापक मोहम्मद राशिद कादरी ने कक्षा आठ के बच्चों को सामूहिक फोटो भेंट किया। द्रोपदी देवी इंटर कॉलेज के शिक्षक सुरेंद्र मिश्रा ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। सफाईकर्मी संजय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रधान जगदीश मौर्य ने आभार व्यक्त किया। समाजसेवी अरविंद अग्निहोत्री, नोडल शिक्षक श्रीकिशन वर्मा, अंकुर गोयल, रजनीश कैशिक, मोहित, जगमोहन, मनोज शर्मा, आदित्य सक्सेना, राहुल, रोहित पटेल, शुभम गुप्ता, प्रेमलता, डॉ. मुकेश, अंजू सिंह, उर्वेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

● कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करते अतिथि

## सिटी डायरी



### नवागत प्रभारी निरीक्षक ने किया सहयोग का आह्वान

**संवाददाता, बिसौली, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली के नवागत प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा को पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बात की। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी की। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटी सी छोटी घटना को नजरअंदाज न करें। तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। इसके अलावा शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में आईं शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की। उन्होंने लोगों की फरियाद सुनी।




### आढ़त की दुकान का शटर काटकर 80 कट्टे सरसों चोरी

**संवाददाता, उसहैत,अमृत विचार :** चोरों ने उसहैत क्षेत्र में गायत्री पब्लिक स्कूल के पास गल्ला आढ़त की दुकान को निशाना बनाया। चोर 80 बोरी सरसों चोरी करके ले गए। साथ में सीसीटीवी कैमरा भी उखाड़कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस, सर्विलांस और फॉरेंसिक टीम पहुंची। नगर पंचायत उसहैत के पक्का पुल स्थित हनुमान मंदिर व गायत्री पब्लिक के बीच जी ट्रेडिंग कंपनी नाम से अमन पुत्र राम बहादुर की आढ़त है। चोरों ने शटर काटकर चोरी की। उन्होंने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि शनिवार रात उन्हें सूचना मिली थी कि उनकी दुकान से चोरी कर ली गई है। वह मौके पर पहुंचे तो गोलक से नगदी, सरसों गायब था। दुकान के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा भी ले गए। बताया कि कुछ दिन पहले भी उनकी दुकान से चोरी का प्रयास किया गया था लेकिन उन्होंने पुलिस को सूचना नहीं दी थी। पुलिस ने जांच की तो हनुमान मंदिर के पास लगे तीन सीसीटीवी कैमरा बंद मिले। जिसे नगर पंचायत की लापरवाही सामने आई है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



### ओवरलोडिंग पर 10 वाहनों का किया चालान

**बदायूं, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने अनाधिकृत रूप से खनन ढोने वाले 10 वाहनों पर कार्रवाई की है। छह लाख रुपये सरकारी खाते में जमा कराए हैं। रविवार सुबह एआरटीओ चेकिंग अभियान चला रहे थे। खनन करने वाले वाहनों को रोका तो उन्होंने मनगढ़ंत बातें शुरू कर दीं। दबाव बनाकर वाहनों को छुड़ाने का प्रयास किया। एआरटीओ ने दबाव में न आते हुए वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की है। एआरटीओ ने बताया कि ओवरलोड वाहनों से ब्रेक ठीक से काम नहीं करते हैं जिसकी वजह से सड़क हादसे होते हैं वहीं क्षमता से ज्यादा भार ले जाने पर सड़क भी टूटती हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चालक वाहनों में ओवरलोडिंग न करें व यातायात नियमों का पालन करें।



### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

**कुंवरगांव,अमृत विचार :** कस्बा स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ हो गया। कथा शुरू होने पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच पूरा नगर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। सुबह निकली कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर गायत्री शक्तिपीठ, रामलीला मोहल्ला, ग्राम देवता मंदिर, मौर्य मोहल्ला, होली चौक, मेन चौराहा, संकटमोचन हनुमान मंदिर, साप्ताहिक बाजार चौराहा और खाटू श्याम मंदिर होते हुए वापस ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंची। यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया, जिससे दृश्य आकर्षक बन गया। शाम को कथा के पहले दिन पुणे, महाराष्ट्र से आए कथा वाचक पंडित राम किशोर वशिष्ठ ने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए जीवन में धर्म और संस्कारों की महत्ता बताई। इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष शैलेन्द्र पाल, रविन्द्र सिंह, दीपक सक्सेना, संदीप शंखधार, लखन सिंह, अरविंद रावत आदि उपस्थित रहे।

## 15 चोरी, सीसीटीवी फुटेज फिर भी खुलासे में पुलिस नाकाम

संवाददाता, ओरछी

- थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में कुछ दिनों से बढ़ गई हैं घर व नलकूप पर चोरी की घटनाएं
- रिपोर्ट दर्ज करती है पुलिस लेकिन अभी तक किसी भी घटना का नहीं कर सकी खुलासा

**अमृत विचार :** जिले में चोरों का आतंक है। पुलिस की कार्रवाई जांच के बाद खुलासा करने तक सीमित रहती है। इनमें सबसे ज्यादा बेकार स्थित थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की है जहां पिछले 50 दिनों में चोरी की लगभग 15 घटनाएं हो चुकी है लेकिन पुलिस घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम है। एक घटना में तो तीन चोर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में नजर आ चुके हैं लेकिन पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है। आए दिन होने ही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण परेशान हैं।

चोरों ने फरवरी और मार्च में दर्जनभर से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। घरों से लेकर व्यापारिक प्रतिष्ठानों से लेकर अक्सर नलकूपों को आसानी से निशाना बना रहे हैं। खुलासा न होने पुलिस गश्त और कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। घटनाओं ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

चोरों ने 11 फरवरी को गांव खेड़ादास के कई घरों से चोरी की। अमर पाल पुत्र नत्थू लाल के घर से सोने की चेन, अंगूठी, बिछुआ और 20 हजार रुपये की नगदी चोरी की। इसी रात तीन सगे भाई सत्यवीर, बबलू, कुंवरपाल के घर का ताला तोड़कर 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। रमेश पुत्र भूरेलाल के घर का भी ताला तोड़ा और 11 हजार रुपये नगद, जेवर व घरेलू सामान चोरी किया। इसके अलावा बेटी की शादी की तैयारी कर रहे अनेकपाल के घर से बर्तन, कपड़े व अन्य सामान चोरी किया गया। रामबाबू, विजय कुमार से भी चोरी की गई। 17 फरवरी को चोरों ने गांव गनगोली में वीरपाल सिंह के घर से नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे।

सुमन और पुष्पेंद्र के घरों से बर्तन, कपड़े और जेवर के अलावा होमगार्ड होराम सिंह के दूसरे मकान से भी चोरी की। विजेंद्र सिंह के घर से चोरी करने में चोर विफल रहे। 21 फरवरी को चोर फिर से गांव खेड़ादास में आए। गोविंद पुत्र बाबू राम के घर से बर्तन, कपड़े व अन्य सामान और दिनेश पुत्र सोमपाल के घर से जेवरात व बर्तन चोरी कर लिए थे। 27 फरवरी को गांव परमानंदपुर निवासी किसान कमल सिंह और उनके बेटे की खेत पर मौजूद के बाद भी नलकूप से बाइक सवार दो बदमाशें से हजारों रुपये का पानी वाला पाइप, मशीन आदि सामान चोरी किया। 20 मार्च की रात चोरों ने आसफपुर-ओरछी मार्ग स्थित गांव सिसरका के पास चंदौसी निवासी अमित रस्तोगी पुत्र अनिल रस्तोगी की आरा मशीन से बेल्डिंग मशीन, ट्रैक्टर की तीन बैटरी व एक ग्राइंडर चोरी किया। 22 मार्च की रात चोरों ने गांव सिसरका निवासी किसान विशेश्वर शर्मा व हरद्वारी लाल के निजी नलकूप के ट्रांसफार्मर खंभे से गिराकर लगभग एक लाख रुपये का सामान चोरी किया था। इसके बाद चोरों ने 28 मार्च की रात आसफपुर-ओरछी मार्ग पर गांव सिसरका स्थित अमित ट्रेडर्स आरा मशीन की दीवार तोड़कर मशीन चोरी की थी। 31 मार्च की रात श्री श्याम जी ट्रेडर्स नामक तेल गोदाम से 20 हजार रुपये का तेल और मशीन चोरी की। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें तीन चोर नजर आए हैं लेकिन पुलिस खुलासा करने में नाकाम है।

## पति से तलाक, सेवानिवृत्त जज ने ढोल से किया बेटी का स्वागत

मेरठ, एजेंसी

- शाहजहांपुर में थी ससुराल, सेना में मेजर से हुईथी शादी

मेरठ में पति से तलाक मिलते ही एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने ढोल-नगाड़ों से अपनी बेटी का स्वागत किया, जो एक मिसाल बन गई। एक अधिवक्ता ने रविवार को बताया कि मेरठ स्थित परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश शक्तिपुत्र तोमर ने शनिवार को सेवानिवृत्त न्यायाधीश डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा की पुत्री प्रणिता वशिष्ठ के तलाक को मंजूरी दे दी। इसके बाद इस परिवार ने तलाक को सामाजिक कलंक मानने की परंपरागत सोच से अलग हटकर अनोखी मिसाल पेश की।

डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने बेटी प्रणिता वशिष्ठ के तलाक के बाद उसका फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ स्वागत किया, जिसकी क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है। प्रणिता वशिष्ठ की ओर से अधिवक्ता राजीव गिरी और नसीब सैफी ने अदालत में पैरवी की। रविवार को बातचीत में अधिवक्ताओं ने बताया कि प्रणिता वशिष्ठ की शादी 19 दिसंबर 2018 को शाहजहांपुर निवासी मेजर गौरव अग्निहोत्री से हुई थी, लेकिन शादी के बाद से ही परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं। आरोप है कि ससुराल पक्ष का व्यवहार ठीक नहीं था और प्रणिता को लगातार मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अधिवक्ताओं ने बताया कि एक बेटा होने के बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद प्रणिता ने मेरठ के परिवार न्यायालय में तलाक की अर्जी दी। अदालत से बाहर आने के बाद परिजन ढोल की थाप पर नाचते-गाते उसे घर तक लेकर पहुंचे। घर पहुंचने पर डॉ. शर्मा ने बेटी को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाइयां बांटीं। परिवार के सदस्य काले रंग की टी-शर्ट पहने हुए थे, जिन पर आई लव माय डॉटर लिखा हुआ था। शर्मा ने कहा किअगर मेरी बेटी शादी के बाद खुश नहीं थी, तो उसे उस माहौल से बाहर निकालना मेरा कर्तव्य था। मैंने किसी प्रकार की राशि या सामान नहीं लिया, सिर्फ अपनी बेटी को वापस घर लाया हूं।

प्रणिता वशिष्ठ तेजगढ़ी चौराहे स्थित प्रणव वशिष्ठ जुडिशल अकादमी में फाइनेंस डायरेक्टर हैं।

### यह जीवन की नई शुरुआत: प्रणिता वशिष्ठ

पति से तलाक के बाद प्रणिता वशिष्ठ ने कहा कि यह उनके जीवन की नई शुरुआत है और उन्होंने अपने सम्मान के लिए यह फैसला लिया. उनकी मां ने कहा कि बेटी कभी बोझ नहीं होती और मायका हमेशा उसका अपना घर रहता है।

### गौरव अग्निहोत्री जालंधर में तैनात

मेजर गौरव अग्निहोत्री शाहजहांपुर जिले के कोना याकूबपुर के रहने वाले हैं। जालंधर में पोस्टेड हैं। उनके पिता श्याम किशोर अग्निहोत्री रिटायर्ड मेजर सूबेदार हैं।

### बेटी को सम्मान के साथ वापस लाया घर

सेवानिवृत्त जज ज्ञानेंद्र शर्मा ने साफ कहा कि समाज को बेटियों के प्रति अपनी सोच बदलनी चाहिए और उन्हें हर परिस्थिति में समर्थन देना चाहिए। तलाक अंत नहीं, बल्कि सम्मान के साथ नई जिंदगी की शुरुआत भी हो सकता है। ज्ञानेंद्र शर्मा ने समाज को संदेश दिया कि बेटी को भी बेटे की तरह परिवार का बराबर सदस्य मानना चाहिए। समाज में अब भी यह सोच है कि बेटी की डोली जाती है, तो अर्थी ही लौटनी चाहिए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र परवेज व पुत्रवधु तरन्नुम बी एवं पौत्र मोहम्मद हादी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **निसार अली शाह पुत्र सब्जे अली शाह व मोबीन बेगम पत्नी निसार अली शाह निवासीगण 92-क, अटरिया पोस्ट सी.बी. गंज, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा 10 की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 1220735916 वर्ष 2022 खो गया है। कु. रिफा बी पुत्री अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला लोधी पुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकुल कुमार गुप्ता को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र प्रभुदयाल गुप्ता निवासी ग्राम व पो. बेलराया कोतवाली तिकुनिया तहसील निघासन जिला लखीमपुर खीरी।**

**FACULTY**
Required for
B.Ed., BBA
BA(Drawing)
M.Sc. (Home Sc.)
Librarian, Helping Staff
Qual. & Exp. as per Govt/ University norms.
Apply within 15 days
pushpinstitute@gmail.com
Pushp Institute, Pilibhit
(Aff. to Rohilkhand Uni. BLY)

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### इप्सेफ प्रतिनिधिमंडल को कैबिनेट सचिव से मिला आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन से उनके कार्यालय में रविवार को मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट सचिव ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इप्सेफ के उप महासचिव अतुल मिश्र ने बताया कि बैठक में आठवें वेतन आयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें वेतनमान, भत्ते, पेंशन निर्धारण आदि शामिल हैं। बताया गया कि आयोग की संस्तुतियों के आधार पर सरकार जनवरी 2026 से इसे लागू कर सकती है, जिसका लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिलेगा। इसके अलावा रिक्त पदों पर पदोन्नति, नियमित नियुक्तियां, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति निर्माण तथा शिक्षकों के लिए टीईटी संबंधी प्रावधानों में राहत जैसे मुद्दों पर भी सहमति बनी।

### सात करोड़ की हेरोइन पकड़ी, चार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एएनटीएफ की गोरखपुर और बाराबंकी की टीम ने दो दिन के अंदर लखनऊ और कुशीनगर में छापेमारी की। इस दौरान करीब सात करोड़ की हेरोइन बरामद की। टीम के हत्थे चार आरोपी चढ़े। आरोपियों के खिलाफ लखनऊ व कुशीनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। एएनटीएफ व स्थानीय पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एएनटीएफ गोरखपुर की टीम द्वारा आलमबाग में पकड़े गए आरोपियों में बाजारखाला के फैसल हसन और फरहान हसन शामिल हैं। उनके पास से 1.230 किलोग्राम हेरोइन (करीब 2.46 करोड़) पकड़ी गई। वहीं बाराबंकी की एएनटीएफ यूनिट ने कुशीनगर में छापेमारी कर बिहार के पश्चिमी चंपारण के मझौलिया स्थित गुदरा निवासी विनोद साहनी और झारखंड के चतरा के गिद्धौर स्थित दांगी निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2.505 किलोग्राम हेरोइन (करीब 5 करोड़) बरामद की गई।

### नशीले पदार्थों का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एसटीएफ ने अयोध्या के 50 हजार रुपये के इनामी नशीले पदार्थ के तस्कर को संभल के बबराला से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने यह कार्रवाई शनिवार देर शाम को की। आरोपी के खिलाफ अयोध्या के बीकापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अरुण मेरठ के मेडिकल थाना स्थित जागृति बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में उसने संभल के बबराला स्थित अंबेडकर कालोनी में ठिकाना बना रखा था। 2023 में उड़ीसा से गांजे की खेप मंगाने के दौरान उसके दो साथी अयोध्या में पकड़े गए थे। जिसके बाद से वह फरार हो गया था।

### मुगैसी के निधन पर मायावती ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने मेरठ के अजराड़ा निवासी और मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्ला मुगैसी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि मुगैसी साहब देश के प्रमुख इस्लामी विद्वानों में से एक थे, जिनका मुस्लिम समाज में विशेष स्थान था। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# 'आनंद मठ' की प्रस्तुति देख भावुक हुए योगी, कलाविदों को किया सम्मानित

## भारतेंदु नाट्य अकादमी में जीर्णोद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में 'आनंद मठ' की नाट्य प्रस्तुति देखी और कलाकारों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने अकादमी के संपूर्ण भवन व दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कलाविदों और अकादमी के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'आनंद मठ' पर आधारित प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि इस तरह के नाट्य मंचन राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। यह आयोजन न केवल कला और संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी माध्यम साबित हुआ। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह समेत अनेक रंगकर्मी, पूर्व छात्र आदि मौजूद रहे।

### इन हस्तियों को मिला सम्मान

किरण बिसारिया-लखीमपुर खीरी, रामगोपाल बजाज-नई दिल्ली, अनिल रस्तोगी-लखनऊ, प्रो. अजय मलकानी-रांची, रविशंकर खरे-गोरखपुर, चित्रा मोहन-प्रयागराज, मंजू ब्रजनंदन शर्मा-सहारनपुर, मुनीश सप्पल-मुंबई, डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी-प्रयागराज, डॉ. अजीत सैगल-वाराणसी, राकेश निगम-लखनऊ, प्रमोद सिंह राणा-आगरा, आलोक पांडेय-शाहजहांपुर, कुशल दुबे-जौनपुर, राकेश पांडेय-भदोही।


लखनऊ : भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में कलाविदों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

### इनामी पशु तस्कर को दिल्ली से दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी पशु तस्कर संतोष पासवान को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से शनिवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ चंदौली में पशु तस्करी व क्रूरता की रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एएसपी एसटीएफ राजकुमार मिश्रा के मुताबिक, संतोष दिल्ली के शालीमार बाग इलाके का रहने वाला है। शनिवार को संतोष की लोकेशन शालीमार बाग में मिली। इसके बाद टीम ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया। संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात को आरोपी को दिल्ली पश्चिम से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पशुओं को वाहन से बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल भेजा जाता था।

# गुंडों-माफिया को पनपने नहीं देंगे : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास, कानून व्यवस्था पर सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- योगी बोले-'नो दंगा-नो कर्फ्यू' की स्थिति, अब यूपी बना सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कहा कि प्रदेश में गुंडों और माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन अब समाप्त हो चुके हैं और आज यूपी सुरक्षित व विकासशील राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर में घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स और सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण तथा पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, लेकिन अब प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव का प्रदेश बन गया है। योगी ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी और पुलिस को निर्देश है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, जिससे प्रदेश में विश्वास और निवेश का माहौल बना है। सीएम ने कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीन गुना बढ़ी है, जबकि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिया कि व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डाला जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना की मंजूरी दी है। यहां 20 मेगावाट बिजली पैदा होगी जिसका इस्तेमाल सोलर लाइट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गोरखपुर सोलर सिटी के रूप में भी विकसित होगा।

**नौ साल में नहीं लगाया कोई नया टैक्स :** आमजन और व्यापारियों के हित पर सरकार के रूख का ध्यान आकर्षित करते हुए योगी ने कहा कि नौ साल में उनकी सरकार ने कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया। इसके बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने नगर निगम को हिदायत दी कि कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों से अधिक किराया न लिया जाए।

### खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन गाएंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और बाबा साहब आंबेडकर के बनाए संविधान को सम्मान देना होगा।



गोरखपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

## नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता

- मुख्यमंत्री का आह्वान : विकास और विरासत दोनों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं पर

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव का तथ्यों और शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष मनगढ़ंत आरोपों के जरिए माहौल बनाने की कोशिश करेगा, ऐसे में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सतर्क और सक्रिय रहना होगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखपुर में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही सकारात्मक कंटेंट तैयार कर विकास कार्यों को प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर बूथ पर मजबूत उपस्थिति बनाएं और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दें।

सीएम योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ खड़ी रही है। उन्होंने श्रीराम, श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, स्वामी विवेकानंद और रानी लक्ष्मीबाई जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की बड़ी युवा आबादी है, जिसे सकारात्मक दिशा में जोड़ा जाए तो राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में दंगे, गुंडागर्दी और भय का माहौल था, जबकि आज कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास का वातावरण बना है।

## छह ब्लड बैंकों में मिली अनियमितताएं, लगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में छापेमारी

**अमृत विचार:** प्रदेश में संचालित ब्लड बैंकों में मानक की जांच जारी है। उक्त क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र. की टीम ने रविवार को कई जिलों में संचालित ब्लड बैंकों पर छापेमारी कर अनियमितताएं पकड़ी हैं। मरीजों को मानक विपरीत खून उपलब्ध कराने वाले 6 ब्लड बैंकों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में कुल 18 चेरिटेबल ब्लड बैंकों की जांच की गई। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनमें बिना टेस्ट के रक्त ट्रांसफर, एलाइसा जांच का अभाव, कोल्ड चेन में लापरवाही, तकनीकी स्टाफ की कमी और गंदगी जैसी स्थिति शामिल हैं।

खामियों को देखते हुए अलीगढ़ के तीन, बहराइच के दो और शामली के एक समेत कुल 6 ब्लड बैंकों पर तत्काल प्रभाव से खून की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र. आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने बताया कि 30 मार्च से चल रहे विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में 201 ब्लड बैंकों का निरीक्षण किया गया और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बिजली दरों पर अंतिम सुनवाई आज, कानपुर में तय होंगी नई दरें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बिजली की नई दरों को लेकर सोमवार को कानपुर में अंतिम सुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा आयोजित इस सुनवाई के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई बिजली दरों का ऐलान किया जाएगा।

इस अहम सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपभोक्ताओं की ओर से पक्ष रखेंगे। परिषद बिजली दरों में कमी की मांग के साथ-साथ स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से हो रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाएगा। परिषद का दावा है कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये अधिक है, जिसे आधार बनाकर दरों में कटौती की मांग की जाएगी। साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। परिषद का आरोप है कि बिना उपभोक्ता की सहमति के बड़े पैमाने पर मीटरों को प्रीपेड मोड में बदला गया है, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। अवधेश वर्मा ने कहा कि यह कदम विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है और इस संबंध में आयोग में अवमानना याचिका भी दाखिल की जाएगी।

# बारिश-ओलों से गिरा तापमान प्रदेश में दो दिन तूफान का अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो-तीन डिग्री तापमान लुढ़का कई जिलों में झमाझम बारिश

**अमृत विचार:** प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है। बीते दो दिनों में बारिश और ओलावृष्टि के चलते प्रदेश के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी, लेकिन अब मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए तेज आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 7 और 8 अप्रैल को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का नया सक्रिय दौर 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभाव दिखाना शुरू करेगा, जो 8 अप्रैल तक पूरे प्रदेश को प्रभावित करेगा। शनिवार और रविवार को पश्चिमी और मध्य यूपी में बारिश का असर अधिक देखने को मिला। इटावा में सर्वाधिक करीब 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान चल रही ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट को और तेज किया।

हालांकि छह अप्रैल को मौसम में आंशिक सुधार के संकेत हैं और तापमान में हल्की बढ़त हो सकती है, लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी। सात अप्रैल से मौसम फिर बिगड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि नौ अप्रैल तक इस सिस्टम का असर बना रहेगा। इसके बाद इसके कमजोर पड़ने के साथ तापमान में 3 से 5 डिग्री तक और गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं 10 अप्रैल से प्रदेश में मौसम शुष्क होने की संभावना जताई गई है।

# भाजपा का स्थापना दिवस आज, चलेगा अभियान

## प्रदेशभर में होगा ध्वजारोहण व संगोष्ठियां, गांव-बस्ती में लोगों से संपर्क करेगी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पूरे प्रदेश में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक आयोजन कर भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक विस्तार और राष्ट्रसेवा की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दिन में विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियां, संवाद कार्यक्रम और बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की संघर्ष, सेवा और सुशासन की यात्रा पर चर्चा होगी। शाम 4:30 बजे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर विशेष कार्यक्रम में जनसंघ काल से भाजपा तक योगदान देने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान कार्यक्रम आयोजित होंगे। पार्टी स्थापना दिवस को केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और सेवा ही संकल्प की भावना के साथ मनाते हुए भाजपा संगठन को और मजबूत करने की दिशा में जुटी है।

स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों के साथ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। स्थापना दिवस के बाद 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा।


स्थापना दिवस के मौके पर सजाया गया लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय।

- कल से 12 अप्रैल तक चलेगा संपर्क अभियान, बूथ स्तर तक सक्रिय रहेगा संगठन

**पहल** | महिला सुरक्षा में यूपी बन रहा मॉडल स्टेट, 'सेफ मोबिलिटी' से बदल रही तस्वीर

# महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज हो रही तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या समेत पांच जिलों में शुरुआत, लखनऊ समेत आठ जिलों में भी सुविधा जल्द

**अमृत विचार:** प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। 'सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम' के तहत प्रदेश में महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को विद्यालय, कार्यस्थल और अन्य जरूरी स्थानों तक सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक परिवहन मिल सकेगा।

इस योजना के तहत शुरुआत में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जाएगा। सरकार की यह पहल इसलिए भी खास है, क्योंकि इसका सीधा रिश्ता महिला सुरक्षा से जुड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के



लिए अब महिला चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा बेहतर समाधान बनकर उभर रही है। 'सेफ मोबिलिटी' का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी।

महिला सुरक्षा, सम्मानजनक परिवहन और स्वरोजगार इन तीनों मोर्चों पर एक साथ असर डालने वाली यह पहल उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रही है। यही वजह है कि महिला सुरक्षा में यूपी अब मॉडल स्टेट के रूप में अपनी अलग छाप छोड़ता दिख रहा है और ई-रिक्शा महिला पायलटों की यह नई फौज गांवों के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने की तैयारी में है।

### तीन लाख रुपये सालाना कमा रहीं महिलाएं

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के तकनीकी सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम ने अब तक प्रभावी परिणाम दिए हैं। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से जुड़ी महिलाएं अब सिर्फ वाहन ही नहीं चला रहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रहीं हैं। योजना से जुड़ी महिलाओं की औसत वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक पहुंचने की बात इस मॉडल की सफलता को और मजबूत बनाती है।

# विवेकाधीन कोष से 860 करोड़ की मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 50 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची राहत, बिना भेदभाव हो रहा वितरण
- 'जहां जरूरत, वहां सहायता' सिद्धांत पर त्वरित स्वीकृति से मिल रही मदद

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदेश के जरूरतमंदों के लिए प्रभावी राहत तंत्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस कोष से लगभग 860 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है। इससे 50 हजार से अधिक लाभार्थियों को सीधा लाभ मिला।

इस योजना की खासियत इसका निष्पक्ष और संवेदनशील क्रियान्वयन रहा। सत्तापक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के अनुरोधों पर समान रूप से कार्रवाई करते हुए शहरी-ग्रामीण हर क्षेत्र और हर वर्ग तक सहायता पहुंचाई गई। सरकार ने बिना किसी कोटा प्रणाली के 'जहां जरूरत, वहां सहायता' के सिद्धांत पर काम किया, जिससे छोटी जरूरतों से लेकर बड़े मामलों तक मदद दी जा सकी।

विवेकाधीन कोष के तहत 50 हजार रुपये से लेकर 3 करोड़ रुपये से अधिक तक की सहायता स्वीकृत की गई। खासतौर पर गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में त्वरित मदद से कई मामलों में यह व्यवस्था जीवनरक्षक साबित हुई। सरकार ने आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया, जिससे जरूरतमंदों को समय पर राहत मिल सकी। अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया और फिरोजाबाद जैसे जिलों में बड़े मामलों के चलते अधिक सहायता दी गई।

### कैसे मिलती है सहायता

*जनप्रतिनिधि या सीधे सीएम कार्यालय में आवेदन
*मेडिकल रिपोर्ट व आय प्रमाण जैसे दस्तावेज जरूरी
*गंभीर बीमारी, दुर्घटना, संकट में प्राथमिकता
*जरूरत के अनुसार राशि का निर्धारण
*त्वरित जांच के बाद शीघ्र स्वीकृति

# अमृत विचार

सोमवार, 6 अप्रैल 2026






हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील व्यक्ति केवल वर्तमान क्षण से ही निपटते हैं।
**-चाणक्य**, दार्शनिक

## और उग्र होता युद्ध

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र और उसके बाद उसके प्रमुख पेट्रोकेमिकल ठिकानों पर अमेरिकी हमलों ने पश्चिम एशिया के युद्ध को अधिक खतरनाक चरण में प्रवेश करा दिया है। यह अब केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि ऊर्जा, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा बहुआयामी संकट बन चुका है। साफ है कि अमेरिका अब ईरान की सैन्य क्षमता ही नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक रीढ़ को भी तोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। यह "पूर्ण युद्ध" की स्थिति है, जहां विरोधी की संपूर्ण संरचना को निशाना बनाया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल की संभावित अगली चालों के संकेत स्पष्ट हैं कि रणनीतिक ठिकानों, मिसाइल बेस और ऊर्जा अवसंरचना, जिसमें विद्युत शामिल हैं, उन पर भीषण हमले। ट्रंप के 48 घंटे का अल्टीमेटम इस बात का संकेत है कि कूटनीति की जगह अब सैन्य दबाव ने ले ली है। ट्रंप की कथित "तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने" की योजना और वर्तमान आक्रामकता के बीच विरोधाभास स्पष्ट है। यह अमेरिकी घरेलू राजनीति से भी जुड़ा हो सकता है, जहां वे एक निर्णायक और विजयी छवि प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इतिहास गवाह है कि अल्पकालिक युद्ध के लक्ष्य अक्सर दीर्घकालिक संघर्षों में बदल जाते हैं, विशेषकर जब ईरान जैसा विरोधी पक्ष, प्रतिरोध की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता हो। बड़ा सवाल यह है कि जब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने ईरान को तत्काल परमाणु खतरा नहीं माना, तब उसके परमाणु संयंत्रों पर बार-बार हमले क्यों? इसका उत्तर रणनीतिक बहानेबाजी में है, भविष्य की क्षमता को अभी ही नष्ट करना। किंतु यह कदम अत्यंत जोखिमपूर्ण है। बुशहर जैसे संयंत्र पर हमला, यदि गंभीर क्षति या रेडियोधर्मी रिसाव का कारण बनता है, तो इसका प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, कुवैत, यूएई और खाड़ी के अन्य देशों तक इसका असर पहुंच सकता है। नाभिकीय रिसाव की स्थिति में कैंसर, पर्यावरणीय विनाश और दशकों तक बने रहने वाले रेडिएशन की समस्या पैदा होती है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन, ऐसे संवेदनशील ठिकानों पर हमले से बचने की अपेक्षा करता है। फिर भी, इन नियमों का उल्लंघन यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध में नैतिक सीमाएं लगातार धुंधली होती जा रही हैं। अमेरिका की "आर-पार" वाली रणनीति यह संकेत देती है कि आने वाले दिनों में संघर्ष अचानक तीव्र हो सकता है। तेज हमलों की श्रृंखला, और फिर किसी निर्णायक मोड़ पर युद्धविराम का प्रयास। किंतु ईरान जैसे देश के पूर्ण "ध्वस्त" होने की संभावना कम है, इसके बजाय एक लंबा, अस्थिर संघर्ष अधिक यथार्थपरक परिदृश्य है। भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। एक ओर, उसकी ऊर्जा निर्भरता होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, दूसरी ओर लाखों भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। भारत को संतुलित कूटनीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस निकासी योजना तैयार रखनी चाहिए। यह युद्ध केवल दो देशों का नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता की परीक्षा बन चुका है। यदि परमाणु और ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले जारी रहे, तो इसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर पूरी दुनिया को झकझोर सकता है। भारत को सजग, संतुलित और रणनीतिक रूप से सक्रिय रहना होगा।

### प्रसंगवश

## वैश्विक सुस्ती और भारत के भविष्य की राह

हाल ही में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था औसतन 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, वहीं भारत 7.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आंकड़ा केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक संरचना, नीतिगत स्थिरता और विकास क्षमता का स्पष्ट संकेतक है। ऐसे समय में जब विश्व की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मंदी, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही हैं, भारत का यह प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है।

रक्षा क्षेत्र में भी भारत की प्रगति उल्लेखनीय है। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगभग 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इससे पूर्व 2023-24 में यह आंकड़ा 21,083 करोड़ रुपये था। लगातार बढ़ता यह निर्यात वैश्विक स्तर पर भारतीय रक्षा उत्पादों की स्वीकार्यता और अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी का प्रमाण है। वर्तमान में भारत 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जबकि निर्यातकों की संख्या भी 128 से बढ़कर 145 हो गई है। भारत की इस तेज आर्थिक वृद्धि के पीछे कई ठोस कारण हैं। घरेलू मांग इसकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। नीतिगत सुधारों की निरंतरता भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है।



प्रो एच सी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय, देहरादून

डिजिटल क्रांति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और सुलभ बनाया है, जिससे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को भी नई ऊर्जा मिली है। स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार ने नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इस उज्ज्वल तस्वीर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी मौजूद हैं। आर्थिक वृद्धि के बावजूद पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, विशेषकर युवाओं के संदर्भ में। यदि विकास समावेशी नहीं होगा, तो सामाजिक असंतुलन बढ़ सकता है। आय असमानता भी एक चिंताजनक विषय है, जहां संपत्ति और आय का वितरण असंतुलित होता जा रहा है। शहरी-ग्रामीण तथा संगठित-असंगठित क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए लक्षित नीतियों और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वैश्विक परिस्थितियां भी भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी घटनाएं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर रही हैं। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मांग में कमी का प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है। हाल ही में विनिर्माण क्षेत्र का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएसआई) फरवरी के 56.9 से घटकर मार्च में 53.9 हो गया, जो उत्पादन में कुछ धीमापन दर्शाता है। कृषि क्षेत्र की स्थिरता भी एक अहम मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, किंतु इस क्षेत्र की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियां कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए टिकाऊ कृषि और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। अंततः 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है, परंतु इसे दीर्घकालिक, समावेशी और टिकाऊ बनाना अधिक आवश्यक है। यदि भारत इस दिशा में संतुलित प्रयास जारी रखता है, तो वह न केवल वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बनेगा, बल्कि अपने नागरिकों के लिए समृद्धि और अवसरों का नया युग भी सुनिश्चित करेगा। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# अजेय भारत के लिए जरूरी अभेद्य आसमान





नवीन गुप्ता
बरेली

युद्ध अब केवल जमीन पर सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा सकते। दुश्मन का कौन कितना नुकसान करके, कितनी बढ़त हासिल करेगा, इसका फैसला आसमान में जेट, मिसाइल और ड्रोन के प्रहार तय हो रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने यही दिखाया है कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, मिसाइलों और उन्नत तकनीक का प्रभुत्व किस कदर बढ़ता जा रहा है।

साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ छिड़ी हालिया जंग ने ड्रोन और वायु शक्ति की ताकत को मजबूती के साथ स्थापित किया है। इसके चलते ही खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण युद्ध क्षेत्र जैसी अराजकता बनी हुई है। यहां तक कि अमेरिका का करोड़ों डॉलर का थॉड एयर डिफेंस सिस्टम भी ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को पूरी तरह रोकने में नाकाम रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करके ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में न सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों, राडारों के साथ तेल गैस संयंत्रों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाया है, बल्कि इसरायली एयर डिफेंस सिस्टम पर भी दबाव बनाए रखा है। इसके साथ ही वह ड्रोन के झुंडों का इस्तेमाल करके भी निशाने साध रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि भारत के पास अपने आसमान की सुरक्षा की कितनी तैयारी है। क्या भारत का मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम उन्नत ड्रोन और मिसाइल हमले रोकने में सक्षम है।

रक्षा मंत्रालय ने बीते दिनों रूस की सरकारी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए 4.5 अरब रुपये का समझौता किया है। ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोनों और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों के खिलाफ भारत की कई परतों वाली हवाई सुरक्षा क्षमता को और मजबूत बनाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने वायु सेना के लिए रूस से पांच और एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाले लंबी दूरी के मिसाइल सिस्टम को खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल, आधुनिक युद्ध में हमला और बचाव दोनों क्षमताएं हासिल करने के लिए भारी निवेश जरूरी है। पहले सेनाएं सैनिकों के बड़े फॉर्मेशन पर आधारित थीं, अब जेट, मिसाइल, ड्रोन, रडार और इंटरसेप्टर जैसी तकनीकें निर्णायक हो गई हैं। इसे देखते हुए ही पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय वायुसेना भी अपनी युद्ध रणनीति में बड़ा बदलाव कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे स्टेल्थ लड़ाकू ड्रोन 'घातक' के चार स्क्वाड्रनों को अनुमति दी है। यह फैसला भारतीय वायुसेना की भविष्य की स्ट्राइक क्षमता और युद्ध की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भी हवाई टकराव ही केंद्रीय भूमिका में था, जिसमें ड्रोनों के झुंड इस्तेमाल किए जा रहे थे। इसमें दो राय नहीं कि भारतीय सेना के ड्रोन हथियार भंडार में कई प्रकार के हाईटेक ड्रोन शामिल हैं। इनमें इजराइल के टोही ड्रोन आईएआई सर्चर और हार्पर के अलावा इजराइल से ही आए लॉयटरिंग म्यूनिशन, जैसे हारोप और हार्पी भी हैं, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट कुश भारत का नया एयर डिफेंस सिस्टम है, इसके तहत डीआरडीओ लांग रेंज की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैयार कर रहा है। इस तीन स्तरीय प्रणाली की सबसे कम रेंज 150 किमी होगी, मध्यम रेंज 250 किमी और अधिकतम रेंज 350 किमी तक होगी।

देश के पास रूस से लिया गया एस-400 एयर सिस्टम पहले से ही है। डीआरडीओ का प्रोजेक्ट कुश 350 किमी दूर से दुश्मन की हरकत का पता लगा लेगा। माना जा रहा है कि यह इजराइल के आयरन डोम से बहुत बेहतर होगा, जिसकी रेंज महज 70 से 80 किमी है। यही नहीं, कुश को अमेरिका के पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से भी बेहतर बताया जा रहा है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम 110 से 130 किमी दूर से दुश्मन के हमलों को ट्रैक कर पाता है। भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा। कुश के सीमाओं पर तैनात होने के बाद भारत उन महत्वपूर्ण देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपना लंबी दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम है।

पश्चिम एशिया युद्ध का बड़ा सबक है कि सस्ते और लागत प्रभावी काउंटर ड्रोन सिस्टम को बड़े पैमाने पर विकसित किए जाएं या खरीदे जाएं। खाड़ी देशों के पास इस तरह की प्रणालियों की कमी है, जिसकी कीमत उन्हें नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी है। ये कम लागत वाले सस्ते सिस्टम, मौजूदा एयर डिफेंस प्रणालियों के ऊपर एक अतिरिक्त परत के तौर पर काम करेंगे। इससे महंगे एयर डिफेंस सिस्टम का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा और दुश्मन के कम लागत वाले ड्रोन से निपटने में उनका उपयोग सीमित रहेगा।

> भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा।

### आमने



अगर भारत ने कोई 'नाटकीय साजिश के तहत ऑपरेशन' किया तो पाकिस्तान सीधे कोलकाता तक जाएगा। मेरे पास खबरें हैं कि भारत ऐसी कोई साजिश रच रहा है। वो कह रहे हैं कि कुछ लाशें बिछाई जाएंगी और कहा जाएगा कि ये आतंकी थे और इन्होंने यह किया, लेकिन उन्होंने इसका कोई सबूत नहीं दिया।
**- ख्वाजा आसिफ**
रक्षा मंत्री, पाकिस्तान

### सामने



क्या पाकिस्तान में भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत है? 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने उनको घर में घुसकर मारा। क्या भूल गया कि हमने आतंकवादियों के पूरे-पूरे परिवारों को और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया था। पाकिस्तान गिड़गिड़ाते हुए युद्ध रोकने के लिए भारत के पास आया। भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोका।
**- प्रतुल शाहदेव** प्रवक्ता, भाजपा

# अस्थिर दुनिया में आत्मनिर्भरता जरूरी



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दुनिया अब अलग-अलग बिखरे देशों का नक्शा मात्र नहीं रही है। यह एक ऐसा तंत्र बन गई है, जिसमें कहीं भी हलचल होती है, तो उसकी तरंगें दुनिया के हर कोने तक पहुंचती हैं। हाल में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच टकराव की स्थिति के बाद पैदा हुए तनाव ने इस सच्चाई को फिर से उजागर कर दिया है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध से भी यह सबक मिल चुका है कि जंग किसी एक भूभाग तक सीमित नहीं रहती। उसके असर सीमाओं से परे जाते हैं। इस बात को हम लागू होते देख रहे हैं।

भारत इस अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष का हिस्सा नहीं है, लेकिन उसका असर हमारे यहां साफ दिखाई दे रहा है। पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति में अस्थिरता, छोटे उद्योगों का ठप पड़ना, निर्यात पर असर ये सब संकेत दे रहे हैं कि वैश्विक अस्थिरता का बोझ हम भी ढो रहे हैं। दुनिया इतनी छोटी हो चुकी है कि कई लोग इसकी तुलना एक गांव से भी करते हैं। मानना ही होगा कि यह एक ऐसा साझा घर बन चुकी है, जिसकी एक दीवार पर आग लगे तो दूसरी दीवार पर बैठे लोग भी उसकी आंच महसूस करते हैं।

भारत की नीति स्पष्ट रूप से शांति की है, लेकिन वैश्विक व्यवस्था में उसकी भागीदारी इतनी गहरी है कि किसी भी तनाव के असर से बचना संभव नहीं है। शहरों में ठेले पर चाय बेचने वाला हो या मिठाई की दुकान चलाने वाला हलवाई, हर किसी के काम पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग में देरी अब सिर्फ एक असुविधा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की कमाई पर चोट बनती जा रही है। इसका बड़ा कारण मूलभूत जरूरतों के लिए हमारा अन्य देशों पर निर्भर होना है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हम अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए इतने अधिक बाहरी स्रोतों पर निर्भर हो चुके हैं कि कहीं भी हलचल हो और हमारी जमीन हिलने लगे? यह सच है कि हमारी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आज भी आयात किए गए तेल और गैस से पूरा होता है। खाड़ी क्षेत्र में तनातनी बढ़ते ही सप्लाई चेन पर दबाव पड़ता है और उसका सीधा असर हमारे घरों तक पहुंचता है। यह निर्भरता केवल आर्थिक नहीं है, बल्कि रणनीतिक कमजोरी भी है, लेकिन बात केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। भारत का औद्योगिक और कृषि ढांचा भी कई मायनों में वैश्विक आपूर्ति पर टिका हुआ है। खाद्य तेल से लेकर उर्वरकों तक, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर रक्षा उपकरणों तक कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब वैश्विक संकट लंबा खिंचने लगता है।

बात केवल आयात की नहीं है, निर्यात भी इस संकट से प्रभावित हो रहा है। बीकानेर का भुजिया, महाराष्ट्र के केले, कपड़ा उद्योग और समुद्री उत्पाद आदि सबका अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचना अब पहले जैसा सहज नहीं रहा। जलगांव से रोजाना दो से तीन हजार टन केला खाड़ी देशों व यूरोप को निर्यात होता है, लेकिन इस युद्ध ने निर्यात को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। केले से भरे सैकड़ों कंटेनर बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। इसी प्रकार बीकानेर से भुजिया का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। समुद्री रास्तों में असुरक्षा और लागत बढ़ने से कई व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह केवल माल की आवाजाही का संकट नहीं है, बल्कि इन उद्योगों से जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी का भी सवाल है।

भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है। भारत डिजिटल रूप से तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन इस डिजिटल ढांचे की बुनियाद अब भी काफी हद तक विदेशी तकनीक पर टिकी है। मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम, क्लाउड सेवाएं सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बाहरी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। ऐसे में वैश्विक तनाव या प्रतिबंधों की स्थिति में यह निर्भरता गंभीर जोखिम बन सकती है। इंटरनेट के क्षेत्र में भी हालात अलग नहीं हैं। सोशल मीडिया, सर्च इंजन और डेटा स्टोरेज जैसे प्लेटफॉर्म विदेशी स्वामित्व में हैं, जिससे डेटा सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता पर सवाल उठते हैं। यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है।

इसके साथ ही, भारत में मौलिक आविष्कारों की कमी भी चिंता का विषय है। आईटी सेवाओं में मजबूती के बावजूद, शोध और पेटेंट के मामले में भारत अभी पीछे है। रिसर्च और डवलपमेंट पर कम निवेश इसकी वजह हैं। ऐसे में आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता देना अनिवार्य हो गया है। समय की मांग है कि हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक रास्तों की ओर तेजी से बढ़ना चाहिए। सौर और पवन ऊर्जा अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रहे हैं, बल्कि आर्थिक स्थिरता का आधार भी बन चुके हैं। इसी प्रकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करना, छोटे उद्योगों को तकनीक और वित्तीय सहायता देना और कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि ऐसे कदम ही भारत को भीतर से सशक्त बना सकते हैं।

हमारे सामने चुनौती यह नहीं है कि वह इन युद्धों को रोक सके, बल्कि बड़ी चुनौती यह है कि हम इनके प्रभाव को अपने यहां किस हद तक सीमित कर पाते हैं। जब दुनिया जलती है, तो उसकी आंच से बचना संभव नहीं है, लेकिन हम अपने घर को आग से बचाने के प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। आत्मनिर्भरता उसी बचाव का नाम है। आत्मनिर्भरता ही एक ऐसा कवच है, जो हमें संकट से बचा सकता है। हमारा देश आत्मनिर्भर बने, इसके लिए कदम उठाने ही होंगे। इसके लिए सरकार, हमारे नीति नियंताओं, नागरिकों, संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। यह परिहार्य है, इस बात को समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है।

### सोशल फोरम

## युद्धक विमान का पायलट

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच एक अमेरिकी पायलट की तलाश में दोनों देश रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। हुआ कुछ यूं कि बीते दिनों एक अमेरिका के युद्धक विमान F-15E को ईरान ने मार गिराया। समय रहते उस विमान के दोनों पायलट कूद गए। खबर मिलते ही अमेरिका ने, अपने पायलटों को सकुशल ईरान के क्षेत्र से निकाल ले जाने के लिए, रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। उसके कुछ टोही हेलिकॉप्टर ईरान की पहाड़ियों के बीच चक्कर लगाने लगे। बताया जाता है कि उन्हें इस कार्य में एक पायलट निकाल लेने में सफलता मिल गई है, परंतु दूसरा पायलट अभी तक लापता है। यद्यपि इस रेस्क्यू ऑपरेशन में उसके दो टोही हेलिकॉप्टरों को भी ईरान के सैनिकों द्वारा हमले में क्षतिग्रस्त करने की खबर है, परंतु वो दोनों हेलिकाप्टर ईरान के क्षेत्र से बाहर निकलने में सफल हो गए है।



विजय सिंह
रुद्रपुर

दूसरी तरफ लापता पायलट की तलाश में, ईरान ने भी रेस्क्यू शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उसने घोषणा भी की है कि उक्त पायलट को पकड़ने वाले को भारी भरकम रकम इनाम में दिया जाएगा। इससे एक बात तो समझ में आती ही है कि एक क्षतिग्रस्त विमान के पायलट का महत्व कितना होता है, जो कि उसको अपने कब्जे में लेने के लिए, उसके स्वयं के देश और दुश्मन देश, दोनों परेशान देखे जाते हैं। दरअसल ऐसी स्थिति में पायलट की जान की सुरक्षा के अतिरिक्त, उसकी जेब में जो महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां, दुश्मन के अड्डे, मैप, युद्ध स्ट्रेटजी आदि की कॉपी होती हैं, उसकी सुरक्षा का प्रश्न उठ खड़ा होता है। प्रसंगवश जानकारी हेतु एक युद्धक विमान का पायलट, उच्च प्रतीक्षित सैन्य अधिकारी होता है, जिसे 5 से 7 साल की ट्रेनिंग के बाद, इस तरह के युद्ध के विभिन्न पहलुओं के लिए तैयार किया जाता है। युद्ध में उड़ान के दौरान, कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है, जिसमें विमान को पलक झपकते नीचे से ऊपर, ऊपर से नीचे और इधर-उधर गोते लगाते, कभी पलटी मारते, विभिन्न प्रकार की अचंभित करने वाली कलाबाजियां करते देखा जाता है। एक पायलट के लिए यह स्थिति बेहद जटिल होती है। इस दौरान उसे विमान की गति और गुरुत्वाकर्षण बल की तीव्रता, दोनों का प्रभाव अपने शरीर के ऊपर झेलना होता है। ऐसे में रक्त प्रवाह की गति में अवरोध के कारण कुछ पलों तक पायलट को संज्ञा शून्य की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है। बताते हैं कि इस दौरान उसके शरीर का वजन पल-पल बड़ी तीव्रता से 6 से 8 किलो तक बढ़ती घटता रहता है। सोचिए भला कौन देश चाहेगा कि उसका इतना महत्वपूर्ण, होनहार पायलट दुश्मन देश के हाथ लग जाए और वह उसका प्रयोग बार्गेनिंग में करे।
**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## किसानों की मेहनत पर प्रकृति की मार

भारत विश्व का एक प्रमुख कृषि प्रधान देश है, जहां आज भी बड़ी आबादी की आजीविका खेती-किसानी पर निर्भर है। देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि से जुड़ा हुआ है, जो मुख्यतः प्रकृति, विशेषकर मानसून पर आधारित है। यही कारण है कि भारतीय कृषि को अक्सर 'मानसून का जुआ' कहा जाता है। मार्च और अप्रैल का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही वह अवधि होती है जब रबी फसलें पककर तैयार हो जाती हैं और उनकी कटाई शुरू होती है। यह समय किसानों के पूरे वर्ष के परिश्रम के फल प्राप्त होने का होता है, किंतु बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने इस बार भी उनकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है।

वर्तमान में उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में असामान्य मौसम का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान के हाड़ौती और बीकानेर क्षेत्रों में हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलें, जो कटाई के लिए तैयार थीं, अचानक हुई बारिश और ओलों की मार से नष्ट हो गईं। कई स्थानों पर खेतों में ओलों की मोटी परत जम गई, जिसने फसलों को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। फसलें खेतों में गिर गईं, दाने झड़ गए और उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे बाजार मूल्य पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है।



सुनील कुमार महला
लेखक

राजस्थान के जयपुर से लेकर जैसलमेर तक कई जिलों में तेज मौसमीय गतिविधियां दर्ज की गईं। बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभागों में बड़े आकार के ओलों ने फसलों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पंजाब के मालवा और दोआब क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि का प्रभाव देखा गया। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तेज हवाओं, बारिश और ओलों की घटनाएं सामने आईं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बर्फबारी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस असामान्य मौसम का मुख्य कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है, जो बार-बार उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और ओलावृष्टि ला रहा है। यह स्थिति कृषि पर निर्भर करोड़ों किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। हालांकि सरकार द्वारा फसल बीमा और राहत योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनका लाभ हर प्रभावित किसान तक समय पर पहुंचना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे समय में किसानों को त्वरित मुआवजा, सटीक मौसम पूर्वानुमान और बीमा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, अनाज मंडियों और भंडारण की समुचित व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। गौरतलब है कि बैसाखी का पर्व निकट है, जो गेहूं की कटाई का प्रमुख समय होता है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो उत्पादन में कमी आ सकती है, जिसका प्रभाव किसानों की आय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। कहा जा सकता है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय कृषि आज भी प्राकृतिक जोखिमों से घिरी हुई है। ऐसे में समय पर राहत, सुदृढ़ फसल बीमा, उन्नत कृषि तकनीकों का विकास और सटीक मौसम पूर्वानुमान ही किसानों को इस संकट से उबारने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बॉलीवुड की वो अदाकाराएं जो यादों में हैं जिंदा

हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने सीमित अवसरों के बावजूद अपनी अदाकारी और प्रतिभा से अमिट छाप छोड़ी। विनीता भट्ट उर्फ यास्मीन और नृत्यांगना शीला वाज इसी परंपरा की दो महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। यास्मीन ने 'मिस्टर एंड मिसेज 55' जैसे गीतों में अपनी चंचलता से दर्शकों को आकर्षित किया, वहीं शीला वाज ने 'रमैया वस्तावैया' जैसे गीतों में अपने नृत्य से यादगार पहचान बनाई। भले ही इन्हें मुख्यधारा में लंबा समय न मिला हो, लेकिन इनकी स्क्रीन उपस्थिति और कलात्मक योगदान ने इन्हें सिनेमा प्रेमियों के बीच आज भी जीवंत बनाए रखा है।



विनीता भट्ट, जिन्हें यास्मीन के नाम से भी जाना जाता है, 1950 के दशक में भारतीय सिनेमा में एक छोटी, लेकिन यादगार पहचान थीं, जिन्हें 'मिस्टर एंड मिसेज 55' (1955) और 'ऊटपटांग' (1955) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उनकी विरासत कुछ यादगार रोल्स पर टिकी है, खासकर जॉनी वॉकर के साथ मजेदार 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' गीत, जिसने यास्मीन की शोख अदाओं और आकर्षक अंदाज को क्लासिक बॉलीवुड के शौकीनों के बीच आज भी जिंदा रखा है।

विनिता भट्ट (यास्मीन) का जन्म 3 अप्रैल, 1937 को रावलपिंडी में हिंदू-अंग्रेज माता-पिता के यहां हुआ था। उन्होंने हिल-स्टेशन स्कूलों में पढ़ाई की और बैंगलोर में अपना सीनियर कैम्ब्रिज पूरा किया। वे बैंगलोर एमेच्योर ड्रामेटिक सोसाइटी में शामिल हुईं और टैगोर के बलिदान और जे. बी. प्रीस्टली जैसे नाटकों में काम किया, शायद यहीं उनके एक महान अदाकारा बनाने का अंकुर फूटा। मशहूर फिल्म निर्माता, निर्देशक गुरुदत्त ने उन्हें देखा और अपनी अगली फिल्म में रोल ऑफर किया और उनसे बॉम्बे आने को कहा। कुछ वजहों से, उन्होंने यह ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया। बाद में विनीता बॉम्बे गईं, जहां उनकी मुलाकात एक्ट्रेस नरगिस के भाई अनवर हुसैन से हुई। विनीता का परिवार अनवर हुसैन को जानता था। क्योंकि विनीता बहुत खूबसूरत थीं, इसलिए अनवर



डॉ .मीता गुप्ता
साहित्यकार



हुसैन ने उन्हें रंजीत स्टूडियो के मालिक चंदूलाल शाह से मिलवाया, जिन्होंने उन्हें फिल्म 'ऊटपटांग' (1955) में एक छोटा सा रोल दिया। फिल्म की शूटिंग मशहूर महबूब स्टूडियो में हुई थी। गुरु दत्त भी वहीं शूटिंग कर रहे थे। दोनों रेस्ट पीरियड में मिले। फिर से गुरु दत्त ने उन्हें अपनी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में रोल ऑफर किया। इस बार वे मना नहीं कर सकीं और ऑफर एक्सेप्ट कर लिया।

बहुत ही खूबसूरत और चार्मिंग यास्मीन को गुरुदत्त ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में जॉनी वॉकर के साथ साइड हीरोइन के तौर पर चुना था। गुरुदत्त ने फिल्म मिस्टर एंड मिसेज 55 के लिए विनीता का नाम बदलकर यास्मीन कर दिया था। पॉपुलर गाना 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' यास्मीन और जॉनी वॉकर पर फिल्माया गया।

उस समय फिल्मियाटन की सिनेमास्कोप और टेक्नीकलर फिल्म 'थ्री हेडेड कोबरा' आई थी, जिसका पहले नाम 'बॉम्बे फ्लाइट 417' था। विनीता भट्ट ने इस फिल्म में रुक्मिणी का रोल किया था, जिसके मेकअप मैन जिमी वाइनिंग थे। दोनों को प्यार हो गया। अपनी अच्छी शुरुआत, जिनमें रुस्तम सोहराब, कैप्टन किशोर जैसी फिल्मों के बावजूद, विनीता भट्ट फिल्मों में ज्यादा दिन नहीं टिकीं और पॉपुलर मेकअप मैन जिमी वाइनिंग से शादी कर ली और बॉलीवुड छोड़कर विदेश में बस गईं। आज भी वे बॉलीवुड के इतिहास में पुरानी यादों की एक मिसाल बनी हुई हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस जो थोड़े समय के लिए चमकीं, लेकिन अपनी जिंदादिल स्क्रीन प्रेजेंस से एक गहरी छाप छोड़ गईं।

## बेजोड़ नृत्यांगना शीला

अपनी नृत्य भंगिमाओं से सबको प्रभावित करने वाली शीला वाज ने हिंदी फिल्मों में डांसर के रूप में काम किया। उनका परिवार गोवा से था और उनका जन्म 1934 में हुआ था और वे दादर, मुंबई में पली-बढ़ीं। उन्होंने छोटी उम्र से ही डांस सीखा था, लेकिन जब उन्होंने फिल्मों में आना चाहा, तो उन्हें अपने परिवार से बहुत विरोध का सामना करना पड़ा। किशोर साहू की मयूर पंख (1954) और किदार शर्मा की गुनाह (1953) के साथ, उन्होंने 1960 तक बहुत सारी फिल्मों में डांस किया। उनकी कुछ महत्वपूर्ण फिल्मों में श्री 420 (1955) शामिल है, जिसमें उन्होंने न केवल रमैया वस्तावैया (उनका अब तक का सबसे प्रसिद्ध गीत) पर यादगार नृत्य किया, बल्कि दिल का हाल सुने दिलवाला, सीआईडी (1956), जॉनी वॉकर (1957), तुमसा नहीं देखा (1957), मिस्टर एक्स (1957), सोलवां साल (1958), कागज के फूल (1959) और बहना (1960) में भी नृत्य किया।



बहुत से लोग उन्हें नाम से नहीं जानते, क्योंकि उन दिनों डांसर्स के नाम हमेशा फिल्म क्रेडिट्स में नहीं आते थे, लेकिन इससे हर गाने को खास बनाने के लिए इन डांसर्स के योगदान या कड़ी मेहनत को कम नहीं किया जा सकता। शीला वाज कई मशहूर गानों से जुड़ी हुई हैं और इन गानों से जुडने के उनके चेहरे हमारे दिमाग में बस गए हैं। अगर शीला को याद करना है, तो रमैया वस्तावैया को मिस नहीं किया जा सकता। मशहूर जोहरा सहगल का कोरियोग्राफ किया हुआ यह गाना वर्ली सी फेस में शूट किया गया था, उस समय उस जगह पर ऊंची इमारतें और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स नहीं थे। आज का बॉम्बे-वर्ली सी लिंक उसी जगह पर बना है। गाने में उनकी एक मिनट की स्क्रीन प्रेजेंस के बावजूद, कोई उनके एक्सप्रेशन और परफॉर्मेंस को नहीं भूल सकता। लेके पहला-पहला प्यार में भी, देव आनंद और शकीला के साथ स्क्रीन शेयर करने के बावजूद, शीला सबसे अलग दिखती हैं। यहां तक कि यूट्यूब वीडियो के कमेंट सेक्शन में भी लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कैसे मोहम्मद रफी, शमशाद बेगम और आशा भोसले का गाना उनके डांस से अमर हो गया। बॉलीवुड की हिंदी-केंद्रिक फिल्ममेकिंग की वजह से, शीला वाज को नुकसान हुआ- उन्हें यह भाषा नहीं आती थी। इसलिए, उनके डांस के लिए, उन्हें रोमन स्क्रिप्ट में लिखे लिरिक्स दिए जाते थे। उन्होंने लगभग 70 फिल्मों में काम किया। शुरुआत शोखियां (1951) में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उनके काम से हुई, और फिर मां (1952) में एक पूरा नंबर किया। 1961 में बॉलीवुड छोड़ने और अपना नाम बदलकर राम लखनपाल रखने के बावजूद, शीला को इंडस्ट्री में अपने समय को याद करना बहुत पसंद था। 2009 में उनका इंटरव्यू लेने वाले फिल्म मेकर करण बाली लिखते हैं, "उनका चेहरा खिल उठा, जब उन्होंने हमें बताया कि आज भी जब उनके गाने टीवी पर दिखाए जाते हैं, तो यंगस्टर्स और पड़ोसी उनके पास आते हैं और बताते हैं कि उन्हें उनके डांस कितने पसंद आए।" इस महान अदाकारा का देहांत 29 जून 2022 को हुआ, किंतु उनके नृत्य ने उन्हें अमर बना दिया। हिंदी फिल्मों के दो गानों में अभिनय करने वाली हीरोइनें अपनी शानदार अदाकारी से अमर हो गईं। उन्होंने बाद में कोई बड़ी फिल्म तो नहीं की, लेकिन सिर्फ इन गानों की वजह से वह जानी जाती हैं।



# पॉप गॉडेस नाजिया हसन

**जिंदगी का सफर**



नाजिया हसन दक्षिण एशिया की सबसे लोकप्रिय और यादगार गायिकाओं में से एक थीं। उन्हें अक्सर "क्वीन ऑफ पॉप" और उपमहाद्वीप की पहली पॉप स्टार कहा जाता है। बहुत कम उम्र में उन्होंने ऐसा मुकाम हासिल किया, जो बड़े-बड़े कलाकार भी नहीं कर पाते। उनकी मधुर आवाज, आधुनिक अंदाज और अलग पहचान ने भारत, पाकिस्तान और दुनिया भर के संगीत प्रेमियों के दिलों में खास जगह बनाई। नाजिया हसन केवल एक गायिका ही नहीं थीं, बल्कि एक संवेदनशील, शिक्षित और समाजसेवी व्यक्तित्व भी थीं।

**जन्म और प्रारंभिक जीवन**

नाजिया हसन का जन्म 3 अप्रैल 1965 को कराची, पाकिस्तान में हुआ था। उनका परिवार शिक्षित और संस्कारी था। बचपन से ही उनमें कला और संगीत के प्रति रुचि दिखाई देने लगी थी। वे अपने भाई जोहेब हसन के साथ बहुत करीब थीं और आगे चलकर यही भाई-बहन की जोड़ी संगीत जगत में बेहद मशहूर हुई। नाजिया की परवरिश पाकिस्तान और लंदन दोनों वातावरणों में हुई, जिससे उनके व्यक्तित्व में आधुनिकता और गहराई दोनों आईं।



नूर हिना खान
लेखिका

**गायन करियर की शुरुआत**

नाजिया हसन ने बहुत कम उम्र में गायन की दुनिया में कदम रखा। उनका सबसे बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने 1980 में भारतीय फिल्म कुर्बानी के लिए मशहूर गीत "आप जैसा कोई" गाया। उस समय उनकी उम्र केवल 15 वर्ष थी। यह गीत रिलीज होते ही सुपरहिट हो गया और नाजिया रातों-रात स्टार बन गईं। इसी गाने के लिए उन्होंने 1981 में Filmfare Award for Best Female Playback Singer जीता। वे यह सम्मान पाने वाली पहली पाकिस्तानी गायिका और बहुत कम उम्र में यह पुरस्कार जीतने वाली कलाकारों में शामिल रहीं।

**लोकप्रियता और सुपरहिट एल्बम**

नाजिया हसन की लोकप्रियता सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रही। 1981 में उनका प्रसिद्ध एल्बम "Disco Deewane" रिलीज हुआ, जिसने पूरे एशिया में तहलका मचा दिया। यह एल्बम बहुत बड़ी सफलता साबित हुआ और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने अपने भाई जोहेब हसन के साथ मिलकर कई हिट एल्बम दिए, जैसे:

Disco Deewane (1981)
Boom Boom (1982)
Young Tarang (1984)
Hotline (1987)
Camera Camera (1992)

उनके गाने जैसे "डिस्को दीवाने", "बूम बूम", "दम दम देदे" और "आंखें मिलाने वाले" आज भी बेहद पसंद किए जाते हैं। उन्होंने पॉप संगीत को एक नया रूप दिया और युवा पीढ़ी की आइकन बन गईं।

## विवाह और निजी जीवन

नाजिया हसन की शादी 1995 में व्यवसायी मिर्जा इश्तियाक बेग से हुई थी। कुछ स्रोतों में उनकी शादी की तारीख 30 मार्च 1995 भी बताई जाती है। शादी के बाद उनके जीवन में खुशियों के साथ कई कठिनाइयां भी आईं। उनका वैवाहिक जीवन आसान नहीं रहा और समय के साथ इसमें तनाव बढ़ता गया। नाजिया का एक बेटा भी हुआ, जिसका नाम आरेज हसन बताया जाता है। बाद में उनके वैवाहिक संबंध खराब हो गए और 2000 में उनका तलाक हो गया या अलगाव की स्थिति बन गई। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार यह उनकी मृत्यु से कुछ समय पहले हुआ।

## बीमारी और निधन

नाजिया हसन के जीवन का सबसे दुखद दौर तब आया जब वे फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हो गईं। उन्होंने इस बीमारी से लंबे समय तक संघर्ष किया। इलाज के दौरान भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, लेकिन बीमारी लगातार गंभीर होती गई। अंततः 13 अगस्त 2000 को लंदन, इंग्लैंड में उनका निधन हो गया। उस समय उनकी उम्र केवल 35 वर्ष थी। उनकी असमय मृत्यु ने भारत, पाकिस्तान और पूरी दुनिया के संगीत प्रेमियों को गहरा दुख दिया।

नाजिया हसन का जीवन छोटा था, लेकिन उनकी उपलब्धियां बहुत बड़ी थीं। उन्होंने बहुत कम उम्र में पॉप संगीत को नई पहचान दी और यह साबित किया कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। उनकी आवाज, उनकी सादगी और उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। नाजिया हसन केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा, जो आज भी नई पीढ़ी को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला देती है।

**पढ़ाई और सामाजिक कार्य**

नाजिया हसन सिर्फ एक सफल गायिका ही नहीं थीं, बल्कि वे पढ़ाई में भी अच्छी थीं। उन्होंने कानून (Law) की पढ़ाई की और बाद में सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहीं। वे बच्चों, महिलाओं और गरीबों के लिए काम करती थीं। वे कई सामाजिक संगठनों से जुड़ीं और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास करती रहीं। उनके व्यक्तित्व की यही बात उन्हें और भी खास बनाती है कि शोहरत मिलने के बाद भी वे जमीन से जुड़ी रहीं।

**ओटीटी**

## चिरैया

"चिरैया" Chirayya एक ऐसी फिल्म है, जो मनोरंजन से अधिक आपको सोचने पर मजबूर करती है। डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज इस फिल्म का मुख्य विषय मैरिटल रेप जैसा संवेदनशील और विवादित मुद्दा है, जिस पर भारत में अब भी स्पष्ट कानून नहीं है। फिल्म एक शादीशुदा जोड़े के रिश्ते के जरिए यह सवाल उठाती है कि क्या शादी के बाद भी महिला की इच्छा और सहमति का महत्व बना रहता है। विषय निस्संदेह गंभीर है, लेकिन फिल्म का ट्रीटमेंट कमजोर प्रतीत होता है। किरदारों की प्रस्तुति कई जगह अस्वाभाविक लगती है, जिससे दर्शक उनसे जुड़ नहीं पाता। फिल्म में पितृसत्ता, फेमिनिज्म और LGBTQ जैसे मुद्दों को भी छूने की कोशिश की गई है, लेकिन इनका चित्रण कई बार एकतरफा और अतिरंजित लगता है। इससे कहानी का संतुलन बिगड़ता है और संदेश स्पष्ट नहीं हो पाता। तकनीकी पक्ष की बात करें, तो एडिटिंग सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आती है। सीन का फ्लो टूटता है और कई जगह घटनाक्रम समझना मुश्किल हो जाता है। निर्देशन, बैकग्राउंड म्यूजिक और स्क्रीनप्ले भी प्रभाव छोड़ने में असफल रहते हैं। क्लाइमैक्स भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। जहां संवाद और पारिवारिक हस्तक्षेप से समाधान की उम्मीद होती है, वहां फिल्म दहेज कानून जैसे मुद्दों को जोड़कर कहानी को उलझा देती है। हालांकि यह फिल्म एक महत्वपूर्ण सामाजिक बहस जरूर शुरू करती है और दर्शकों को असहज, क्रोधित और विचारशील बनाती है, लेकिन एक प्रभावशाली फिल्म बनने के लिए सिर्फ विषय का बड़ा होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका संतुलित और सशक्त प्रस्तुतीकरण भी आवश्यक है। कुल मिलाकर, "चिरैया" एक जरूरी मुद्दा उठाती है, पर एक मजबूत फिल्म नहीं बन पाती।



*समीक्षक-पंकज मुद्गल*

## एनिवर्सरी (2026)

एनिवर्सरी एक पॉलिटिकल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की गई फिल्म है, लेकिन उच्च रेटिंग और आकर्षक नाम के बावजूद यह दर्शकों को भ्रमित कर सकती है। कहानी एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर और उसके होटलियर पति के सुखी परिवार से शुरू होती है। उनकी शादी की सालगिरह पर बेटा अपनी मंगेतर से मिलवाता है, जो कभी उसकी मां की छात्रा रह चुकी होती है। धीरे-धीरे खुलासा होता है कि यह युवती बेहद क्रांतिकारी विचारधारा की समर्थक रही है, जिसे जनतंत्र विरोधी गतिविधियों के कारण विश्वविद्यालय से निकाल दिया गया था और इसमें मां की भी भूमिका थी। संघर्ष तब गहराता है, जब उस युवती की लिखी किताब "The Change" लोकप्रिय हो जाती है और उसके विचार समाज में व्यापक राजनीतिक परिवर्तन की लहर पैदा करते हैं। मां, जो यथास्थितिवादी सोच रखती है, इस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाती और परिवार के भीतर वैचारिक टकराव तेज हो जाता है। फिल्म राजनीति, विचारधाराओं के टकराव और उनके पारिवारिक रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव को दिखाने की कोशिश करती है। यह भी दर्शाती है कि उम्र, जड़ता, भावनात्मक जुड़ाव और मानसिक द्वंद्व किस तरह व्यक्ति की सोच को प्रभावित करते हैं। हालांकि फिल्म एक डिस्टोपियन (काल्पनिक) परिवेश में आधारित है, जहां पात्र और उनका व्यवहार काफी असामान्य और अतिरंजित प्रतीत होता है। कई स्थितियों में उनकी प्रतिक्रियाएं अप्रत्याशित लगती हैं, जिससे कहानी से जुड़ाव कमजोर हो जाता है। कुल मिलाकर, एनिवर्सरी (2026) एक गंभीर विषय उठाती है, लेकिन उसकी प्रस्तुति उतनी प्रभावशाली नहीं बन पाती। यह फिल्म यह भी याद दिलाती है कि रेटिंग्स हमेशा किसी फिल्म की वास्तविक गुणवत्ता का सही पैमाना नहीं होतीं।




*समीक्षक-ब्रज राज नारायण सक्सेना*

# हर सूट के साथ परफेक्ट इयररिंग्स से दिखें आकर्षक



इयररिंग्स का अपना अलग ही महत्व है। सही इयररिंग्स न केवल आपके लुक को संपूर्ण बनाते हैं, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी में भी आकर्षण जोड़ते हैं। आज के समय में बाजार में इयररिंग्स के अनेक डिजाइन उपलब्ध हैं, जिन्हें आप चाहें तो खुद बनाकर भी उपयोग कर सकती हैं या फिर इन्हें बेचकर अच्छी आमदनी का साधन भी बना सकती हैं। झुमका, चांदबाली, स्टड, हूप्स और लॉन्ग इयररिंग्स जैसे कई विकल्प सूट के साथ बेहद आकर्षक लगते हैं और हर मौसम में इनकी मांग बनी रहती है।

- **झुमका इयररिंग**- यह पारंपरिक और सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला डिजाइन है। सिल्क, कॉटन या पार्टी वियर सूट के साथ यह बेहद खूबसूरत लगता है। मोती, बीड्स और धातु से इसे बनाकर बेचना भी आसान है।
- **चांदबाली इयररिंग**- मुगलकालीन शैली से प्रेरित यह डिजाइन खासकर शादी और त्योहारों में पहना जाता है। इसकी लोकप्रियता हमेशा बनी रहती है, जिससे यह एक अच्छा बिजनेस विकल्प बन सकता है।
- **स्टड इयररिंग**-छोटे और साधारण स्टड रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होते हैं। पर्ल, स्टोन या मिरर वर्क से तैयार किए गए स्टड की अच्छी बिक्री होती है।
- **ऑक्सिडाइज्ड इयररिंग**- ये आजकल ट्रेंड में हैं और कॉटन व इंडो-वेस्टर्न सूट के साथ काफी स्टाइलिश लगते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी अच्छी डिमांड है।
- **टसल इयररिंग**- रंग-बिरंगे धागों से बने ये इयररिंग युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं और कैजुअल लुक को खास बना देते हैं।

# राष्ट्रवाद की चाशनी में लिपटी धुरंधर-2 पर उठे सवाल

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता, जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर : द रिवेंज' चर्चा में है।

फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं, तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुंबई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार संहिता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस दृश्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट्र' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। हालांकि इस आपत्ति के बाद आर माधवन ने माफी मांगी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?



एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधेतौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है, लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं। फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं, लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। दरअसल बाजार फिल्म बनाने वालों से न जाने क्या-क्या करा देता है। इस प्रक्रिया में कई स्तरों पर राजनीति की भूमिका भी होती है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वैश्विक रिकॉर्ड टूटा ईरान में 37 दिनों से इंटरनेट बंद

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ''नेटब्लॉक्स'' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार ईरान में जारी इंटरनेट ब्लैकआउट अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है।

### बांग्लादेश : देश में खसरे की लहर, आपात टीकाकरण शुरू किया

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इससे अस्पतालों के बाल रोग वार्डों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे बुखार, सांस लेने में तकलीफ और पूरे शरीर पर चकत्तों जैसे लक्षणों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, कई स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आइसोलेशन यूनिट खोले गए हैं, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके और मरीजों का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। इस प्रकोप से निपटने के लिए रविवार से खसरा-रूबेला (एमआर) का आपात टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है।

# ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार

## एयरलाइन कंपनियों ने शुल्क बढ़ाया, डाक सेवा पर 8% अधिभार लगेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के खिलाफ युद्ध ने अमेरिकियों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी डिलीवरी पर ईंधन अधिभार की घोषणा की है, इसके साथ कुछ एयरलाइन कंपनियों ने भी ईंधन की ऊंची लागत की भरपाई के लिए चेक इन बैगेज पर शुल्क बढ़ा दिया है।

इस बीच अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत शुक्रवार को 4.09 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई है। यह युद्ध से ठीक पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है और अगस्त 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल की लागत भी पिछले साल के 3.64 डॉलर प्रति गैलन से बढ़कर शुक्रवार को 5.53 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ये आंकड़े अमेरिकी परिवहन संघ ने जारी किए हैं।

डीजल का अन्य उद्योगों के अलावा व्यापक रूप से कृषि, निर्माण और परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है। अमेजन ने यह भी कहा कि वह 17 अप्रैल से तीसरा पक्ष विक्रेताओं पर 3.5 प्रतिशत ईंधन अधिभार जोड़ने की योजना बना रही है। अमेरिकी डाक सेवा ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से आठ प्रतिशत का ईंधन अधिभार लगाने की कोशिश कर रही है।



अमेरिकी में कुछ ही दिन पहले महंगाई और ईरान युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए गए थे।

### विशेषज्ञों ने जताई आपूर्ति शृंखला बाधित होने की आशंका

माना जा रहा है कि अगर ईरान के खिलाफ युद्ध लंबा खिंचता है तो यह अमेरिका में आपूर्ति शृंखला में भी व्यवधान पैदा करेगा। न्यूयॉर्क की विश्लेषक रैशल जिएम्बा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अमेरिका इससे बच पाएगा। ये वैश्विक बाजार है। वाशिंगटन पोस्ट ने जिएम्बा के हवाले से लिखा, एक सप्ताह पहले भी विशेषज्ञ चिंतित थे, अब उनकी चिंता और बढ़ गई है। शिकॉगो के फेडरल रिजर्व बैंक के अध्यक्ष ऑस्टन गूल्सबी ने कहा, अगर परिवहन लागत बढ़ना शुरू होती है तो यह अन्य कीमतों पर भी असर दिखाएगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह निकट भविष्य में उपभोक्ताओं पर इसके असर को महसूस किया जाएगा। हालांकि लोग पहले से ही जीवनयापन की बढ़ती लागत को लेकर चिंतित हैं।

### पाकिस्तान में संकट, शहबाज ने की समीक्षा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई। शहबाज शरीफ ने कहा कि किराए में बढ़ोतरी रोकने के लिए यात्री बसों को प्रति माह 1 लाख रुपये, मिनी बसों और वैगनों (मालवहक वाहन) को 40 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

### ईरान में परमाणु दुर्घटना हुई तो पीढ़ियां तबाह हो जाएंगी : डब्ल्यूएचओ

- संगठन के महासचिव ने कहा- ये हमले एक भयावह चेतावनी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि रविवार सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेयेसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं। बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़ी हालिया घटना एक भयावह चेतावनी है क्योंकि एक छोटा सा हमला भी परमाणु दुर्घटना को जन्म दे सकता है जिसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पीढ़ियों को तबाह कर देंगे।



## होर्मुज से निकासी बनी बड़ा संकट

### भारत के जहाज

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध में बढ़ते तनाव के दौरान ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिए जाने से पूरी दुनिया के साथ भारत पर इसके काफी गंभीर प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। युद्ध के बीच भारत के कुछ तेल टैंकर इस समुद्री मार्ग से गुजरे जरूर हैं लेकिन इससे बहुत ज्यादा राहत नहीं मिली है, साथ ही ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ने के साथ अनिश्चितता का साया लगातार और गहरा होता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक तरफ होर्मुज न खोलने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों और बिजली संयंत्रों पर बम बरसाने की चेतावनी दी है तो दूसरी तरफ ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य को भी बंद कर देने की धमकी दी है। कहा जा रहा है कि यह समुद्री मार्ग भी बंद कर दिया गया तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दोहरी मार पड़ेगी और भारत भी इसकी चपेट में आएगा। इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।



### भारत की मुख्य समस्याएं

- भारत जरूरत का बड़ा हिस्सा होर्मुज से आयात करता है। यहां से आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।
- सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बिटुमेन और अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कमी हो गई है, जिससे देश में कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ गई है।
- जहाजों का बीमा महंगा हो गया है, माल ढुलाई की दरें रिकॉर्ड स्तर पर हैं। फारस की खाड़ी में 15-16 भारतीय जहाज और करीब 485 भारतीय नाविक फंसे हुए हैं।

### युद्ध से पहले और बाद में

- युद्ध से पहले इस मार्ग से हर महीने भारत के सैकड़ों जहाज गुजरते थे। यह मार्ग दुनिया के तेल व्यापार का 20% और भारत की ऊर्जा जरूरतों का 60-70% हिस्सा संभालता था।
- युद्ध शुरू होने के बाद यह यातायात लगभग 95% तक गिर गया है। शिपिंग डेटा के अनुसार, युद्ध के बीच अब तक 8 भारतीय जहाज ही इस जलडमरूमध्य को पार कर पाए हैं।

### दूसरे देशों पर प्रभाव

- ब्रेंट क्रूड की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं, जो 1970 के दशक के बाद सबसे बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।
- वियतनाम, थाईलैंड जैसे देशों में ईंधन की भारी किल्लत और राशनिंग शुरू हो गई है। यूरोप में बिजली-हीटिंग का संकट

उर्वरक उत्पादन के लिए जरूरी गैस की आपूर्ति रुकने से अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट बढ़ने लगा है। कई और देश संकट में घिर सकते हैं।

### बाब-अल-मंडेब बंद भी हुआ तो

- यह जलडमरूमध्य लाल सागरऔर अदन की खाड़ी को जोड़ने वाला सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग है जहां से दुनिया का 12-15% वैश्विक व्यापार और कच्चे तेल की सप्लाई होती है।
- यह मार्ग बंद हुआ तो जहाजों को अफ्रीका के दक्षिण से केप ऑफ गुड होप होकर जाना पड़ेगा। इससे यात्रा में 9,000 किमी की दूरी और 14 से 21 दिन का समय बढ़ जाएगा।
- शिपिंग लागत में 50 70% तक वृद्धि का अनुमान है। आशंका है कि वार रिस्क इंश्योरेंस इतना महंगा हो जाएगा कि कई कंपनियां इस रूट पर जहाज चलाना बंद कर देंगी।

### भारत को छूट

ईरान ने भारत को मित्र राष्ट्र की श्रेणी में रखा है क्योंकि भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। साथ ही, चाबहार पोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स के कारण दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी है। ईरान के विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया है कि यह मार्ग दुश्मनों के लिए बंद है, लेकिन भारत, चीन और रूस जैसे देशों के जहाजों को विशेष समन्वय के तहत निकलने की अनुमति दी जा रही है।

# निर्वाचन आयोग ही यदि स्वतंत्र न हो तो नहीं हो सकते निष्पक्ष चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना का पटना के विधि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधन
- कहा- सत्ता को नियंत्रित करने वाली संरचना को चौथे स्तंभ पर भी देना होगा ध्यान

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने निर्वाचन आयोग को चुनावों को निष्पक्ष बनाए रखने वाली प्रमुख संस्था बताते हुए कहा कि यदि चुनाव संचालित करने वाले लोग ही उम्मीदवारों पर निर्भर हों तो चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती।उन्होंने पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान देते हुए मतदान प्रक्रिया की निगरानी करने वाली संस्थाओं की संरचनात्मक स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 1995 के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा, एक बार फिर यह संरचनात्मक चिंता है कि यदि चुनाव संचालित करने वाले ही चुनाव लड़ने वालों पर निर्भर हों तो प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। न्यायालय ने 1995 के इस फैसले में निर्वाचन आयोग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था करार दिया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि चुनाव केवल समय-समय पर होने वाली घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वे प्रक्रियाएं हैं जिनके माध्यम से सरकार का गठन होता है। उन्होंने कहा, हमारी संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था ने प्रदर्शित किया है कि समय पर चुनाव होने से सरकारों का सुचारू रूप से परिवर्तन संभव हुआ है। इस प्रक्रिया पर नियंत्रण, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों पर नियंत्रण के समान है।

उन्होंने कहा कि सत्ता केवल औपचारिक संस्थाओं के जरिए से नहीं, बल्कि उन प्रक्रियाओं के जरिए भी संचालित होती है जो उन्हें बनाए रखती हैं, जैसे चुनाव, सार्वजनिक वित्त और विनियमन। सत्ता को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक संरचना को चौथे स्तंभ जैसी संस्थाओं पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं भले ही पारंपरिक तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में न आती हों, लेकिन संवैधानिक व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### जस्टिस नागरत्ना की चिंता...

- यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग और कैग जैसी संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से कार्य करें और राजनीतिक प्रक्रियाओं से प्रभावित न हों।
- चुनाव प्रक्रिया पर नियंत्रण राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों को नियंत्रित करने जैसा है। यदि ये प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो तो लोकतंत्र की नींव कमजोर हो जाएगी।
- संवैधानिक विफलता केवल तब नहीं होती जब अधिकार छीन लिए जाएं, तब भी होती है जब संस्थाएं एक-दूसरे पर अंकुश लगाना बंद कर दें।
- भले ही अदालतें चल रही हों और संसद कानून बना रही हो, लेकिन अगर देश में संस्थागत अनुशासन खत्म हो गया तो सत्ता बेलगाम हो जाती है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना वरिष्ठता के आधार पर सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने वाली हैं। उनकी यह टिप्पणी वर्तमान राजनीतिक माहौल में संस्थागत स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।




## लंदन में हिंदू ग्रंथ शिक्षापत्री का द्विशताब्दी समारोह

**लंदन।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक शिक्षापत्री की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी-भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित शिक्षापत्री नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है।

# पाकिस्तान का दावा- अफगानिस्तान में टीटीपी के 800 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसके सुरक्षा बलों द्वारा अफगानिस्तान में शुरू किए गए अभियान के दौरान अफगान तालिबान के करीब 800 आतंकवादी मारे गए हैं।

सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तरार ने 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' के संबंध में साझा करते हुए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अफगान तालिबान को हुए नुकसान का ब्योरा दिया। टीटीपी को फितना अल ख्वारिज (एफएके) भी कहा जाता है, तरार ने कहा कि अभियान शुरू होने के बाद से फितना अल ख्वारिज और अफगान तालिबान के कम से कम 796 सदस्य मारे गए हैं तथा 1,043 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अफगान तालिबान की 286 चौकियां नष्ट कर दी गईं और 44 अन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया गया जबकि उनके 249 टैंक, बख्तरबंद वाहन, तोपें और ड्रोन नष्ट कर दिए गए। 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' 26 फरवरी की रात शुरू किया गया था। पाकिस्तान का कहना था कि सीमा पार से अफगान तालिबान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया।

तरार ने कहा कि सेना ने अफगानिस्तान में 81 आतंकवादियों और उनका समर्थन देने वाले ठिकानों को भी हवाई कार्रवाई के जरिये प्रभावी ढंग से निशाना बनाया।

## नेपालः आरएसपी के नेता आर्यल चुने गए संसद अध्यक्ष



**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेता डोल प्रसाद आर्यल रविवार को संसद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने रविवार दोपहर अपने कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर्यल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। संसद सचिवालय की ओर से जारी एक सूचना के अनुसार, आरएसपी के उपाध्यक्ष आर्यल संघीय संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्यों की बैठक में निर्विरोध चुने गए। आरएसपी के अध्यक्ष एवं सांसद रवि लामिछाने ने आर्यल को अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया था।

# ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए रोजगार का रास्ता आसान करेगी तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद, एजेंसी**

- ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने की दी जाएगी ट्रेनिंग

तेलंगाना सरकार ने एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार ने शनिवार को इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए समाज में सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए कई पहल करने का दावा किया।

राज्य के दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं ट्रांसजेंडर सशक्तिकरण मंत्री ए. लक्ष्मण कुमार ने उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने लंबे समय से मौजूद सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों को गंभीरता से लिया है। सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे वे आर्थिक आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान हासिल कर सकें। इस कार्यक्रम के तहत 50 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें चालक के रूप में नौकरी पाने और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, यहां 25 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को होटल प्रबंधन और कैंटीन शेफ का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें होटल, रेस्तरां और कैटरिंग संस्थानों में रोजगार मिल सके।

कहा गया है कि 16 ट्रांसजेंडरों को बेगमपेट में ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ड्रोन तकनीक कृषि, सर्वेक्षण और उद्योग जैसे क्षेत्रों में मांग में है। तीनों कार्यक्रमों के तहत कुल 91 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिस पर 17.72 लाख रुपये खर्च होंगे।

## छत्तीसगढ़ में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके, नुकसान नहीं

**जगदलपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ के बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में शनिवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। देर रात 11:32 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 मापी गई है और इसकी गहराई लगभग पांच किलोमीटर बताई जा रही है।

भूकंप का केंद्र ओडिशा के कोरापुट क्षेत्र में रात 11:31 बजे दर्ज किया गया, जिसके असर से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों सहित जगदलपुर और आसपास के क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस किए गए। अंतरराष्ट्रीय भूकंपीय आंकड़ों के अनुसार हाल के समय में दक्षिण एशिया क्षेत्र में हल्की से मध्यम तीव्रता के भूकंप दर्ज किए जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट में नेपाल क्षेत्र के पास भी भूकंपीय गतिविधि दर्ज की गई, जिसमें झटकों का केंद्र काकीनाडा से 179 किमी उत्तर, राजमुंद्री से 192 किमी उत्तर-उत्तरपूर्व, ब्रह्मपुर से 249 किमी पश्चिम-दक्षिणपश्चिम तथा रायपुर से लगभग 313 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व दिशा में बताया गया। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय प्लेट और आसपास के क्षेत्रों में भूगर्भीय हलचल बनी हुई है।

# ईरान युद्ध लंबा खिंचा तो यूक्रेन को नहीं मिलेगी अमेरिकी मदद

**इस्तांबुल।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चिंता जताई है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लंबा खिंचता है तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कम हो सकता है, क्योंकि वाशिंगटन की वैश्विक प्राथमिकताएं बदल रही हैं और कीव को बेहद जरूरी पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति घटने की आशंका है।

जेलेंस्की ने शनिवार देर रात इस्तांबुल में एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन को रूस के रोजाना हमलों का मुकाबला करने के लिए अमेरिका निर्मित पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। चार साल से अधिक समय पहले शुरू हुए रूस के आक्रमण के बाद से शहरी इलाकों पर लगातार हमलों में हजारों नागरिक मारे गए हैं। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, ताकि वहां ड्रोन और मिसाइलों के उत्पादन को बाधित किया जा सके और सर्दियों में लोगों को बिजली व पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया जा सके।

**बड़ी कामयाबी**

**आईआईटी गुवाहाटी ने विकसित की तकनीक, निर्माण कार्यों में विश्वस्तर पर हो रहा इस्तेमाल**

# भूकंपरोधी दीवारों के निर्माण के लिए 3डी तकनीक विकसित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आईआईटी गुवाहाटी के अनुसंधानकर्ताओं ने 3डी-प्रिंटर मशीन के जरिए भूकंप रोधी कंक्रीट की दीवार बनाने की तकनीक विकसित की है। श्रम और सामग्री की आवश्यकता को समाप्त करके अधिक जटिल आकृतियों वाली संरचनाएं बनाने में सक्षम करने वाली 3डी प्रिंटिंग को निर्माण कार्य में विश्व स्तर पर अपनाया जा रहा है।

दुनिया भर में '3डी प्रिंटर' मशीन से तैयार इमारतों के निर्माण में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन भूकंप संभावित क्षेत्रों में इनका व्यापक उपयोग नहीं हो पाया है। यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर बिरंची पांडा के अनुसार, इसका एक कारण यह है कि पूरी तरह 3डी प्रिंटर के जरिए बनाई गई कंक्रीट की दीवारों के भूकंप के कई झटकों के दौरान प्रदर्शन के बारे में सीमित ज्ञान और समझ है। पांडा ने कहा, वर्तमान में 3डी प्रिंटर के जरिए दीवारों के बीच स्टील डालने के लिए कोई मानक प्रक्रिया नहीं है जो मौजूदा भवन संहिता के अनुरूप हो। इस कमी को दूर करने के लिए हमने भूकंपीय बल की दशा में 3डी प्रिंटर से तैयार सामग्री से बनी तीन पूर्ण आकार की दीवारों का निर्माण करके उसका परीक्षण किया। यह शोध जर्नल ऑफ बिल्डिंग इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है।

### कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए किया परीक्षण

3डीपीसी-सीएफ और 3डीपीसी-सीएफआर दीवारों की मजबूती और वास्तविक दुनिया में इनकी उपयोगिता का परीक्षण करने के लिए शोध दल ने बार-बार झटका या बल उत्पन्न करके 'कंप्यूटर सिमुलेशन' के समर्थन से उनके व्यवहार का बड़े पैमाने पर परीक्षण किया। परिणामों से पुष्टि हुई कि विशेष लचकदार कंक्रीट का उपयोग करके 3डी-प्रिंटर से बनी दीवारों में स्टील सुदृढीकरण को शामिल करने से उनकी भूकंप प्रतिरोधकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ जो इन्हें सुरक्षित और संरचनात्मक रूप से विश्वसनीय विनिर्माण प्रथाओं के विकास के लिए उपयुक्त बनाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। कोई भी कदम सोच-समझकर उठाएं। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

**वृष** – आज परिवार में सौहार्द रहेगा। निवेश या संपत्ति के मामलों पर सोच-विचार करना लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** – आज व्यवसायियों को काफी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। संचार कार्यों में सफलता मिलेगी। दोस्तों से सहायता प्राप्त होगी।

**कर्क** – आज भावनात्मक संतुलन आवश्यक है। घर-परिवार में समय बिताएं। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें।

**सिंह** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान मिलेगी। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कन्या** – आज व्यापार और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। निर्णय स्पष्ट और स्थिर होंगे। छोटी दूरी की यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज चंद्र प्रभाव सकारात्मक रहेगा। संवाद और सौहार्द बढ़ेगा। अनुकूल अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक** – आज आपकी निर्णय क्षमता उत्कृष्ट रहेगी। बनाई गईं योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज की गई यात्रा शुभ रहेगी। शिक्षा-धार्मिक कार्यों में प्रगति होगी। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर** – आज आपके करियर में स्थिरता रहेगी। वरिष्ठों का भरपूर समर्थन मिलेगा। लाभ की संभावनाएं मजबूत होंगी।

**कुंभ** – आज का दिन अत्यधिक व्यस्तता में व्यतीत होगा। रणनीति और बुद्धिमत्ता से कार्य सिद्ध होंगे। सामाजिक प्रगति के योग हैं।

**मीन** – आज नए आरंभ और रचनात्मक कार्य शुभ रहेगा। धनलाभ की स्थितियां बनेंगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 14.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 7 अप्रैल 02.57 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |

### सुडोकू -111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 2 | |
| 7 | | 4 | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | 2 | 1 | | 4 | | 5 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 6 | 4 | |
| | 7 | | 5 | | | 8 | | |
| 5 | | 3 | | 1 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 9 | | | 4 |



राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उन्होंने आखिरी पलों में जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को 20वां ओवर सौंपा।
–इरफान पठान


# स्टेडियम

बरेली, सोमवार, 6 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत का पचासा, लखनऊ ने खोला खाता

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

**हैदराबाद, एजेंसी**

मोहम्मद शमी (चार ओवर में नौ रन पर दो विकेट) की करिश्माई गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋषभ पंत (50 गेंदों में नाबाद 68 रन) की जिम्मेदारी से की गई बल्लेबाजी के बूते लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल टी20 मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी।

शमी ने मैच की शुरुआत में ही अभिषेक शर्मा (शून्य) और ट्रेविस हेड (सात) की खतरनाक सलामी जोड़ी को आउट कर सनराइजर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी कर सनराइजर्स के बल्लेबाजों के साथ उन्हें नजरअंदाज करने वाले राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से भी सवाल किया। सनराइजर्स को नौ विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद सुपर जायंट्स ने एडेन मारक्रम के 27 गेंदों में 46 और पंत की नाबाद पारी से एक गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर जीत का खाता खोला।

लक्ष्य का पीछा अंतिम ओवर में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया, जब जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी। लेकिन कप्तान ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट पर दो लगातार चौके जड़कर मैच को शानदार अंदाज में समाप्त किया। पंत ने दूसरी गेंद पर टेनिस की तरह फोरहैंड स्टाइल में शॉट मारा, जबकि मिड-ऑफ के ऊपर से चौके के साथ उन्होंने मैच को खत्म किया। हर्ष दुबे और शिवांग कुमार की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने पंत ने धीमी पिच पर अपने शॉट्स का चयन बेहद समझदारी से करते हुए नौ चौके लगाए। शमी की चुनौती से निपटने के बाद हेनरिच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक शतकीय साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के शमी के स्पैल के दौरान कप्तान इशान किशन (एक) प्रिंस यादव का शिकार बनकर सस्ते में पवेलियन लौटे। आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन भी लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत की शानदार विकेटकीपिंग का शिकार बने। शुरुआती 10 ओवर में 35 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही हैदराबाद टीम के लिए क्लासेन (62 रन) और रेड्डी (56 रन) ने आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ बचाव की रणनीति पर अमल किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी के दौरान सात छक्के जड़े।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत। एजेंसी

### मैं बल्ले से जवाब देना जारी रखूंगा : पंत

हैदराबाद। टी20 बल्लेबाजी शैली को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच, कप्तान ऋषभ पंत ने स्पष्ट किया कि उनके लिए ड्रेसिंग रूम के अंदर की बातचीत सबसे अधिक मायने रखती है। उन्होंने कहामैं जानता हूं कि मैं अच्छी तैयारी कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा बल्ला ही बोले। मेरे साथी और टीम प्रबंधन मेरी मेहनत देखते हैं, वही मायने रखता है।

### अपने कौशल पर काम किया : शमी

हैदराबाद। तेज गेंदबाजी के अगुआ मोहम्मद शमी ने कहा कि घरेलू क्रिकेट के जरिए मैच के लिए तैयार रहना और अपने कौशल को निखारते हुए बेहतरीन फिटनेस बनाए रखना, उनके शानदार प्रदर्शन में अहम रहा। उन्होंने कहा अगर आप खेलना चाहते हैं तो खेल के साथ तालमेल बनाये रखना जरूरी है। आप फिट हैं, तभी कौशल पर काम कर सकते हैं।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**156/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का मारक्रम बो शमी | 07 |
| अभिषेक शर्मा का सिद्धार्थ बो शमी | 00 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 |
| लियाम लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | |
| हेनरिच क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 |
| हर्षल पटेल रन आउट पंत | 04 |

**अतिरिक्त** : 05, **गेंदबाजी** : शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**160/5** (19.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 |
| आयुष बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 |
| अब्दुल समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 02, **गेंदबाजी** : हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.415 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.233 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | गुजरात टाइटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.467 |

**ऑरेंज कैप**



समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन

**पर्पल कैप**

रवि विश्नोई
राजस्थान 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
जेकब डफी
आरसीबी 5 विकेट



## हाईलाइट

### ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करते दिखेंगे : साउदी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच टिम साउदी ने रविवार को कहा कि आईपीएल के सबसे मंहगे विदेश खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने नेट में गेंदबाजी करना फिर से शुरू कर दिया है और वह जल्द ही मैच में गेंदबाजी करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन उन्होंने इस सत्र में अब तक गेंदबाजी नहीं की है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) उनकी पीठ की सर्जरी के बाद उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है। साउदी ने केकेआर के पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हां, ग्रीन अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और अपने उबरने पर काम कर रहे हैं।

### जीत से रियान पराग का बढ़ेगा आत्मविश्वास

**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। मौजूदा सत्र में रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने आखिरी पलों में एक अहम रणनीति फैसला करते हुए जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को आखिरी ओवर सौंपा। उन्होंने कहा यह सत्र का सबसे अच्छा मैच था।

# लगातार 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं वैशाख

**कोलकाता, एजेंसी**

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन आईपीएल में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है।

उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में सीएसके के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है। आज के दौर में जब हर चीज का वीडियो विश्लेषण उपलब्ध है तो वैशाख का मानना है कि अपनी गेंदबाजी के कौशल में लगातार सुधार करते रहने के अलावा सफलता पाने का कोई और रास्ता नहीं है। उन्होंने सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा मैं उतनी तेज गेंदबाजी नहीं करता हूं जितनी तेज गेंदबाजी अन्य कर रहे हैं।

# पंजाब के खिलाफ जीत का खाता खोलने उतरेंगे नाइट राइडर्स

**कोलकाता, एजेंसी**

मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी - दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

**टीम**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, फिन एलेन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पावेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पायला अविनाश और शशांक सिंह।

**मैच पर बारिश का साया :** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार मैच के दौरान बारिश की काफी संभावना है। बारिश के कारण मुकाबला बाधित या रद्द होने या कम ओवरों में होने की आशंका है। केकेआर का अगला घरेलू मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को है और इस मैच पर भी बारिश का खतरा है। आईएमडी के अनुसार रविवार सुबह से लगातार बादल छाए हुए हैं और राज्य में रविवार से बृहस्पतिवार तक बारिश और तूफान के दौर चल सकते हैं जिनमें ओले और बिजली गिरने की संभावना है। बारिश की तीव्रता व क्षेत्रीय प्रभाव मंगलवार और बुधवार को चरम पर पहुंचने की संभावना है।

# सत्र का सर्वाधिक स्कोर बनाकर जीता आरसीबी



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते टिम डेविड।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- डेविड, पाटीदार और पडिक्कल ने बैट से किया धमाल
- चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रनों से हराया

टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडिक्कल (50) और कप्तान रजत पाटीदार (नाबाद 48) की विस्फोटक पारियों के बाद भुवनेश्वर कुमार (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को आईपीएल के 11वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स 43 रनों से शिकस्त दी।

यह आरसीबी की टूर्नामेंट में दूसरी जीत तथा सीएसके की तीसरी हार है। 250 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछ करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स शुरुआत से दबाव में दिखी और उसने मात्र 30 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (सात), आयुष म्हात्रे (एक) और संजू सैमसन (नौ) रन बनाकर आउट हुये। सरफराज खान विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए कार्तिक शर्मा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने सरफराज खान को आउट कर पवेलियन भेज दिया। सरफराज खान ने 25 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (50) रनों की पारी खेली। इसी ओवर में क्रुणाल पंड्या ने कार्तिक शर्मा (छह) को भी अपना शिकार बना लिया। शिवम दुबे 13 गेंदों में 18 रन बनाकर छठे विकेट के रूप में आउट हुये। 16वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने तूफानी बल्लेबाजी कर रहे प्रशांत वीर को आउटकर पवेलियन भेज दिया। प्रशांत वीर ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 43 रन बनाये। 17वें ओवर में सुशय शर्मा ने जेमी ओवर्टन को आउट कर चेन्नई सुपर किंग्स को आठवां झटका दिया।

**चैलेंजर्स बेंगलुरु**

**250/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का नूर अहमद बो दुबे | 46 |
| विराट कोहली का दुबे बो कंबोज | 28 |
| देवदत्त पडिक्कल बो ओवरटन | 50 |
| रजत पाटीदार नाबाद | 48 |
| टिम डेविड नाबाद | 70 |

अतिरिक्त : 08, गेंदबाजी : खलील 4-0-37-0, हेनरी 3-0-36-0, कंबोज 4-0-52-1, नूर अहमद 4-0-49-0, ओवरटन 3-0-42-1, दुबे 2-0-30-1

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**207/10** (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का पडीक्कल बो डफी | 09 |
| गायकवाड का पडीक्कल बो डफी | 07 |
| आयुष म्हात्रे का पाटीदार बो कुमार | 01 |
| सरफराज खान स्ट जितेश बो पंड्या | 50 |
| कार्तिक शर्मा का अभिनंदन बो पंड्या | 06 |
| शिवम दुबे का जितेश बो अभिनंदन | 18 |
| प्रशांत वीर का पाटीदार बो भुवनेश्वर | 43 |
| जेमी ओवरटन का सब बो सुयश | 37 |
| अशंल कंबोज नाबाद | 19 |
| नूर अहमद का कोहली बो भुवनेश्वर | 08 |
| मैट हेनरी का सॉल्ट बो अभिनंदन | 02 |

अतिरिक्त : 07, गेंदबाजी : डफी 4-0-58-2, भुवनेश्वर 4-0-41-3, अभिनंदन 3.4-0-30-2, कृणाल पंड्या 3-0-36-2, सूयश शर्मा 4-0-21-1, शेफर्ड 1-0-19-0

**ग्रेनाडा विश्व कप** | पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने का संकल्प लेकर उतरेंगे

# भारतीय निशानेबाज अपनी छाप छोड़ने को तैयार

**ग्रेनाडा (स्पेन), एजेंसी**

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से यहां होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए।

मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।



टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा। टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे। सत्र के शुरुआती विश्व कप में भाग लेने वाली टीम में हालांकि सितारों की कोई कमी नहीं है। इनमें पिस्टल निशानेबाज संगवान पिछले दो वर्षों में विश्व कप में पदक से चूकने के सिलसिले को पीछे छोड़ने के साथ एशियाई खेलों में चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से पोडियम पर जगह बनाने के लिए उत्सुक होंगी। अनुभवी राइफल निशानेबाज अंजुम और मेहुली भी पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नए सत्र में उतर रही हैं और इस महत्वपूर्ण वर्ष में एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी। इसी तरह, 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा की विशेषज्ञ अंजुम निराशाजनक सत्र के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। इस साल की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उनका कांस्य पदक उन्हें विश्व कप से पहले आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है।

टीम का सबसे उत्साहजनक पहलू लगभग तीन साल बाद मूक एवं बधिर 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत की विश्व कप टीम में वापसी है। श्रीकांत पिछली बार बाकू में आयोजित 2022 विश्व कप में खेले थे और तब से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

**भारतीय दल**

**पुरुष :** 10 मीटर एयर राइफल : गजानन खंडागले, अर्शदीप सिंह, धनुष श्रीकांत। 50 मीटर राइफल थ्री-पी : नीरज कुमार, अखिल श्योराण, चैन सिंह। 10 मीटर एयर पिस्टल : मुकेश नेलवल्ली, उज्जवल मलिक, प्रमोद। 25 मीटर रैपिडफायर : विजयवीर सिद्धू, नीरज कुमार, अंकुर गोयल। **महिला :** 10 मीटर एयर राइफल : सोनम मास्कर, श्रुति, मेहुली घोष। 50 मीटर राइफल 3-पी : आयुषी पोद्दार, अंजुम मौदगिल, सुरभि रापोल। 10 मीटर एयर पिस्टल : पलक, सैन्यम, मीनू पाठक। 25 मीटर पिस्टल : रिदम सांगवान, सिमरनप्रीत कौर बराड़, दिव्या टीएस। मिश्रित टीम : एयर राइफल : गजानन खंडागले / सोनम मास्कर, अर्शदीप सिंह / श्रुति।

# ला लीगा : बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद मैड्रिड को दी शिकस्त

**मैड्रिड, एजेंसी**

बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रीयाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सीलोना की स्थिति और मजबूत कर दी।

बार्सीलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सीलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सीलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।



एटलेटिको की टीम 30 मैच में 57 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में रीयाल सोसीदाद ने लेवांते को 2-0 से हराया जबकि रीयाल बेटिस ने एस्पानयोल से गोल रहित ड्रॉ खेला।

### साउथम्पटन ने आर्सेनल, मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को हराया

**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने शनिवार को यहां एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को 1-2 से हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी।